RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 228
नई दिल्ली, शनिवार, 24 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल पूरे
स्पोर्ट्स-12


# आतंकवाद से निपटने में ढिलाई नहीं कर सकते: मोदी

## अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक को किया संबोधित, परोक्ष रूप से पाकिस्तान पर साधा निशाना

● कहा-9/11 हमले के दो से भी अधिक दशक और मुंबई में 26/11 हमलों के एक से भी अधिक दशक बाद भी खतरा बना हुआ है आतंकवाद

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**आतंकवाद** के प्रायोजकों के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान पर परोक्ष निशाना साधा और कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है तथा इस संकट से निपटने में कोई अगर-मगर नहीं हो सकता।

बृहस्पतिवार को अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 9/11 हमले के दो से भी अधिक दशक तथा मुंबई में 26/11 हमलों के एक से भी अधिक दशक बाद कट्टरपंथ और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए आज भी एक खतरा बना हुआ है। मोदी ने अंग्रेजी भाषा में 60 मिनट के अपने भाषण में कहा, ये विचारधाराएं नई पहचान तथा रूप ले रही हैं लेकिन उनकी मंशा समान है। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई अगर या मगर नहीं हो सकता। हमें आतंकवाद को प्रायोजित तथा उसे फैला रही ऐसी सभी ताकतों से निपटना होगा। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों ने आतंकवाद तथा चरमपंथ से लड़ने का संकल्प जताया।

बयान में कहा गया है, अमेरिका तथा भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं और आतंकवाद तथा हिंसक चरमपंथ की सभी रूपों में निंदा करते हैं। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की मांग को दोहराया। इसमें कहा गया है, उन्होंने सीमा पार आतंकवाद, आतंकवाद के लिए लोगों के इस्तेमाल करने की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया ( शेष पेज 9 )



वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### 'सम्मानित महसूस कर रहा हूं'

**वाशिंगटन।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वह अमेरिकी कांग्रेस को दूसरी बार संबोधित करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं और इस ऐतिहासिक संयुक्त संबोधन में शामिल होने के लिए इसके सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हैं। मोदी ऐसे पहले भारतीय नेता है जिन्हें अमेरिकी कांग्रेस को दो बार संबोधित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने पहली बार वर्ष 2016 में अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया था।

## हिंद-प्रशांत पर दबाव, टकराव के काले बादल छाए: पीएम

**एजेंसी।** वाशिंगटन

● अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए मोदी का चीन पर परोक्ष हमला

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने हिंद प्रशांत में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के बीच परोक्ष हमला करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि रणनीतिक रूप से अहम इस क्षेत्र पर दबाव और टकराव के काले बादल छाए हुए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान पर आधारित है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के बीच लंबे समय से जारी गतिरोध के बीच कहा कि हिंद-प्रशांत में दबाव और टकराव के काले बादल छाए हुए हैं।

इस क्षेत्र की स्थिरता हमारी साझेदारी की प्रमुख चिंताओं में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका ऐसे मुक्त, स्वतंत्र एवं ( शेष पेज 9 )

## आतंकवाद पर संयुक्त बयान, पाक मीडिया की सुर्खी बना

**एजेंसी।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रमुख मीडिया संगठनों ने भारत और अमेरिका की उस संयुक्त मांग पर ध्यान केंद्रित किया जिसमें यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि उसके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमले के लिए नहीं किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पाकिस्तान से 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए हमले और पठानकोट हमले के अपराधियों को दंडित करने का भी आह्वान किया है। डॉन अखबार की वाशिंगटन से जारी एक खबर में कहा गया है कि संयुक्त बयान में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई का ( शेष पेज 9 )

# विपक्ष ने एकजुटता का लिया संकल्प



पटना में शुक्रवार को विपक्षी दलों की बैठक में भाग लेते बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू नेता नीतीश कुमार, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, दिल्ली के सीएम तथा आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

● शिमला में होगी अगली बैठक, तय होगा साझा एजेंडा एक दर्जन से अधिक दलों के 30 नेताओं ने लिया भाग

● केजरीवाल ने रखी अध्यादेश पर समर्थन की शर्त, पत्रकार वार्ता में भी नहीं हुए शामिल, आप ने कहा- कांग्रेस को तय करना होगा कि वह दिल्ली के लोगों के साथ है या मोदी सरकार के साथ

**विपक्ष** के एक दर्जन से अधिक राजनीतिक दलों ने अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ने का शुक्रवार को संकल्प लिया। विपक्षी दलों की अगली बैठक जुलाई में शिमला में होगी, जहां साझा एजेंडा तय करने के साथ ही राज्यवार रणनीति पर फैसला होगा। दूसरी तरफ, आम आदमी पार्टी (आप) ने विपक्षी एकजुटता की इस पूरी कवायद पर यह कहकर एक तरह का प्रश्नचिह्न भी लगा दिया कि दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस के अपना रुख स्पष्ट करने तक वह उसकी मौजूदगी वाली किसी भी विपक्षी बैठक में शामिल नहीं होगी।

आप ने कहा कि कांग्रेस को यह तय करना होगा कि वह दिल्ली के लोगों के साथ है या फिर मोदी सरकार के साथ खड़ी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की मेजबानी में यह बैठक मुख्यमंत्री के आवास। अणे मार्ग पर हुई, जिसमें एक दर्जन से अधिक दलों के करीब 30 विपक्षी नेताओं ने भाग लिया। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बैठक में कुल कितने दल शामिल थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और उमर अब्दुल्ला ने बैठक में शामिल होने वाले दलों की संख्या 17 बताई, हालांकि बैठक के संदर्भ में पार्टियों की जो सूची उपलब्ध कराई गई थी, उसमें 15 दलों के नाम थे। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने बैठक में भाग लिया। द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता महबूबा मुफ्ती, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी और कुछ अन्य नेता ( शेष पेज 9 )

## लालू ने राहुल को शादी करने की सलाह दी

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने शुक्रवार को अपने चिरपरिचित चुटीले अंदाज में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से कहा कि आप शादी करिए, हम लोग बाराती चलें। इसके जवाब में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आपने कह दिया, तो (शादी) हो जाएगी।

विपक्षी दलों की बैठक के बाद प्रसाद ने मीडिया से मुखातिब होने के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए उनकी तारीफ भी की। प्रसाद ने अडाणी मामले को लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा उठाए जाने का हवाला देते हुए कहा, आपने लोकसभा में अच्छा काम किया। उन्होंने राहुल गांधी की दाढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा, आप घूमने लगे तो दाढ़ी बढ़ा लिए, इससे नीचे मत ले जाइए। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, आप हमारी सलाह नहीं माने, विवाह नहीं किए।

अभी समय नहीं बीता है। आप शादी करिए, हम लोग बारात में चलें। उन्होंने कहा, आपकी मम्मी (सोनिया गांधी) बोलतीं थीं कि हमारी बात नहीं मानता, शादी करवाइए। आप शादी कर लीजिए। लालू प्रसाद के इस चुटीले अंदाज पर वहां मौजूद नेता और अन्य हंसने लगे।

# कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने 4 आतंकियों को किया ढेर




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भारी मात्रा में गोला-बारूद किया गया बरामद

**जम्मू-कश्मीर** में भारतीय सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान में शुक्रवार को कुपवाड़ा में चार आतंकियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों के आतंकियों के पास से भारी मात्रा में गोला -बारूद भी बरामद किया है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, आतंकवादी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से यहां घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद संयुक्त अभियान के दौरान आतंकियों को मार गिराया गया। इस घटना के बाद एलओसी पर सुरक्षा और अधिक बढ़ा दी गई है। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस को पता चला कि चार आतंकवादी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से कुपवाड़ा जिले में घुसपैठ करने की कोशिश कर ( शेष पेज 9 )

## अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर शुक्रवार को एक बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के अलावा खुफिया एजेंसियों, अर्धसैनिक बलों, पुलिस और नागरिक प्रशासन के शीर्ष अधिकारी श्रीनगर में आयोजित इस बैठक में शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में गृह मंत्री ने सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और उन्हें केंद्रशासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शाह को अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ-साथ नियंत्रण रेखा पर मौजूदा स्थिति से अवगत कराया गया। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए। यह सुरक्षा समीक्षा बैठक वार्षिक अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से कुछ दिन पहले हुई है। दक्षिण कश्मीर के हिमालई क्षेत्र में 3,880 मीटर की ( शेष पेज 9 )

# भाजपा ने बैठक को फोटो सेशन बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● 2024 में मोदी की जीत का किया दावा, बैठक की मेजबानी करने वाले नेताओं को आपातकाल की याद दिलाई

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की एकजुटता की कवायद को शुक्रवार को फोटो सेशन और तमाशा करार दिया और आपातकाल का हवाला देते हुए इसकी मेजबानी कर रहे दलों के शीर्ष नेताओं को याद दिलाया कि कांग्रेस की नेता व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने ही उन्हें मीसाबंदी बनाकर जेल में डाला था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया कि विपक्षी दल कितने भी एकजुट हो जाएं लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है, वहीं भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि जिन नेताओं ने हमेशा कांग्रेस के विरोध की राजनीति की वे आज पटना में एक-दूसरे से गलबहियां कर रहे हैं। जम्मू में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर इकट्ठा हो रहे हैं और संदेश देना चाहते हैं कि हम भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती देंगे। उन्होंने कहा, मैं सारे विपक्ष के नेताओं को यह कहना चाहता हूं कि कितने भी हाथ मिला लो, आपकी एकता कभी संभव नहीं है। और हो भी गई...कितने भी इकट्ठा हो जाइए और जनता के सामने आ जाइए...2024 में 300 से ज्यादा सीटों के साथ नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है।

शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिकी दौरे के बीच बैठक का आयोजन करने के लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, इन लोगों ने ये तमाशा तारीख देखकर किया है। तीन दिन से प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर हैं। बहुत समय बाद भारत के प्रधानमंत्री की राजकीय यात्रा हो रही है। जिस प्रकार का सम्मान उन्हें अमेरिका में मिला है वह न तो पूर्व में कभी हुआ है और ना ही भविष्य में कभी होगा। उधर, ओडिशा के कालाहांडी जिले के भवानीपटना में एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि आज जब सभी विपक्षी दल पटना में गलबहियां कर रहे हैं तो उन्हें आश्चर्य होता है कि कांग्रेस विरोध के साथ अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने वाले नेताओं की स्थिति क्या से क्या हो गई है। उन्होंने कहा, यही लालू प्रसाद यादव पूरे 22 महीने जेल में रहे।

कांग्रेस की इंदिरा... राहुल की दादी ने उन्हें जेल में डाला था। यही नीतीश कुमार पूरे 20 महीने जेल की सलाखों के पीछे रहे... कांग्रेस की इंदिरा गांधी ने उन्हें जेल में डाला था...। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि हिन्दुओं की बात करने वाले उनके पिता बालासाहेब ठाकरे कहा करते थे कि वह शिवसेना को कभी कांग्रेस नहीं बनने देंगे और जिस दिन कांग्रेस से हाथ मिलाना पड़े तो वह अपनी दुकान बंद कर देंगे। नड्डा ने कहा, आज बालासाहेब ठाकरे सोचते होंगे किसी और ने नहीं, बल्कि उनके बेटे ने ही उनकी दुकान बंद कर दी है। राजधानी दिल्ली में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि इससे यह ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### मणिपुर: सेना ने गांवों पर गोलीबारी करने वाले पुरुषों के समूह को रोका

**इंफाल।** मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले में हथियारबंद लोगों के एक समूह के शुक्रवार दोपहर याइनगांगपोक्पी (वाईकेपीआई) गांव के रास्ते पहाड़ी इलाके में घुसपैठ करने और स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करने के बाद सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों को भेजा गया है और भीड़ के खिलाफ अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोग उरंगपत और ग्वालताबी गांवों की ओर बढ़ रहे है लेकिन इन खाली गांवों में तत्काल तैनात किए गए सुरक्षाबलों ने सतर्कतापूर्वक कार्वाई की ताकि किसी नुकसान से बचा जा सके। अधिकारियों ने कहा कि हालांकि वाईकेपीआई और सेईजांग की महिलाएं इलाके मे अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियो की आवाजाही को रोक रही थी जिसके बाद सैनिक इलाके की घेराबंदी करने के लिए पैदल रवाना हुए। बल ने भीड़ को भी घटनास्थल की ओर बढ़ने से रोक दिया। सेना ने ट्वीट किया, हमारी टुकड़ियां और मानवरहित विमान (यूएवी) इलाके की निगरानी कर रहे है। स्थिति नियंत्रण मे है और करीब से नजर रखी जा रही है...अतिरिक्त टुकड़ियों को इलाके में भेजा गया है और संयुक्त अभियान जारी है।

# उप्र बोर्ड की नौवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में वीर सावरकर की जीवनी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (उप्र बोर्ड) ने नौवीं से 12वीं तक की कक्षा के नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम में विनायक दामोदर सावरकर, छत्रपति शिवाजी, बिरसा मुंडा सहित 50 महापुरुषों की जीवनगाथा शामिल की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि कक्षा-9 से 12वीं कक्षा की नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में 50 महापुरुषों की जीवनगाथा जोड़ी गई है।

इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र से कई चीजें कंप्यूटर के पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं। अध्ययन सत्र 2023-24 से विद्यार्थी नैतिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में इन महापुरुषों के बारे में पढ़ेंगे। 10वीं कक्षा के नैतिक शिक्षा पाठ्यक्रम में पंडित जवाहरलाल नेहरू, स्वामी दयानंद, स्वामी विवेकानंद, पंडित श्रीराम शर्मा सहित आठ महापुरुषों की जीवनगाथा है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में नई चीजें शामिल करने का एक ही उद्देश्य है और वह है बच्चों का सर्वांगीण विकास। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप्र बोर्ड के विषय विशेषज्ञों द्वारा इन महापुरुषों के नाम की सूची शासन को भेजी गई थी।

उप्र बोर्ड के 27000 से ज्यादा राजकीय सहायता प्राप्त और वित्तविहीन स्कूलों में कक्षा 9 से 12 तक के एक करोड़ से ज्यादा विद्यार्थी इन महापुरुषों की जीवन गाथा पढ़ेंगे। बोर्ड ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नौवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में सूर्य नमस्कार, आसन और स्वास्थ्य, मुद्रा, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य, योग निद्रा और त्राटक को शामिल किया है। साथ ही इसमें अष्टांग योग के बारे में भी विस्तार से बताया गया है। उप्र बोर्ड ने नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा पाठ्यक्रम ( शेष पेज 9 )

# देश के विकास का अहम आधार बनेगा उत्तर प्रदेश: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य को एक ट्रीलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ यूपी फॉर यूपी, यूपी फॉर इंडिया, यूपी फॉर ग्लोबल की परिकल्पना की है। योगी ने कहा कि अब समय उत्तर प्रदेश का है और यह राज्य अपनी उत्पादकता का पूरा लाभ उठाते हुए देश के बहुआयामी विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनेगा।

यहां शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रदेश के आय-व्यय और एक ट्रीलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी ने गहन समीक्षा की और दिशा-निर्देश दिए। उप्र की शक्ति के अनुरूप क्षेत्रवार अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तय करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पांच वर्ष की समय-सीमा निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रीलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ सबका साथ-सबका विकास की नीति का मानक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के अनुरूप उत्तर प्रदेश को एक ट्रीलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना उनके लिए एक अभियान है और अधिकारी इसके लिए मुख्य क्षेत्रों पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि कृषि, धार्मिक पर्यटन, विनिर्माण और आईटी एंड आईटीईएस मुख्य क्षेत्रों (कोर सेक्टर) में शामिल हैं।

योगी ने कहा कि इसके अलावा ऊर्जा, स्वास्थ्य, शहरी विकास, शिक्षा, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई आदि क्षेत्रों पर भी हमें विशेष फोकस करने की आवश्यकता है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश के बड़े महानगरों को अलग-अलग क्षेत्रों के हब के रूप में विकसित करने की योजना है। इसी क्रम में लखनऊ को देश का पहला एआई शहर बनाने की तैयारी है। साथ ही प्रदेश को ग्रीन एनर्जी का हब बनाने को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म मृत्यु पंजीकरण की तर्ज पर ही हर प्रकार के निर्माण कार्यों का पंजीकरण जरूर कराएं। उन्होंने कहा कि शहर और गांवों में होने वाले हर निर्माण कार्य का डाटा सरकार के पास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजीकृत निर्माण कार्यों के दौरान या बाद में अगर कोई दुर्घटना होती है, तो इसके लिए बीमा की व्यवस्था की जाए।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उप्र पहला ऐसा राज्य है जहां जिलों की जीडीपी को जारी करने का कार्य हुआ है। कोविड काल में ए काम रुका जरूर, लेकिन इसे पुन: शुरू कराया जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि तमाम कानूनी बंदिशों को हटाकर ओडीओपी को सशक्त किया गया है। सितंबर में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहे उप्र इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तर्ज पर ही ट्रेड शो का आयोजन बड़े स्तर पर होना चाहिए।

# जिला अस्पताल में प्राइवेट वार्ड शुरू

## एक कमरे में लगाए गए दो बेड, 360 रुपए देना होगा एक दिन का किराया

● अस्पताल में रोजाना आते है दो हजार मरीज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सरकारी अस्पताल में अब प्राइवेट वार्ड की सुविधा शुरू हो गई है। एक वार्ड में दो बेड रखे गए है। इसमें भर्ती होने के लिए फार्म भरना होगा और एक दिन के 360 रुपए देने होंगे। कोरोना महामारी से पहले सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल में भी प्राइवेट वार्ड की सुविधा शुरू की गई थी, लेकिन इसका संचालन नहीं हो सका था।

अब नए परिसर में अस्पताल शुरू हो गया है। यहां 10 प्राइवेट वार्ड गुरुवार से शुरू हो गए। जनपद में एक सरकारी अस्पताल है। यहां



फाइल फोटो

रोजाना की ओपीडी करीब 2000 मरीजों की होती है। अस्पताल की क्षमता 200 बेड की है।

प्राइवेट वार्ड शुरू होने से मरीजों को राहत है। उनका कहना है कि सरकारी अस्पतालों के बारे में जो मिथ बने हुए है वो इसे दूर करती है। जिला अस्पताल में 20 बेड का आईसीयू पहले से ही चल रहा है। मरीज कम होने के बाद कुछ दिनों तक यह बंद था। इसके अलावा बाल चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर संस्थान में भी प्राइवेट वार्ड की सुविधा है। यहां भी मरीजों को एसजीपीजीआई लखनऊ की दर के अनुसार प्राइवेट वार्ड की फ ीस देनी होती है। सीएमएस रेनू अग्रवाल ने बताया कि तीसरे तल पर स्थित महिला वार्ड में ही दवाओं के लिए अलग से फार्मेसी शुरू होगी। जिला अस्पताल 240 बेड का होगा। ऐसे में हृदय रोग और गैस्ट्रो सहित कई अन्य विशेषज्ञों की सुविधा मिल सकती है। एमआरआई सहित कई महंगी जांच भी अस्पताल में कराने की तैयारी है।

डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने और नए चिकित्सकीय विभाग यहां शुरू होंगे। इसके लिए शासन को पत्र लिखा गया है। जिला अस्पताल में 24 घंटे ऐक्सरे की सुविधा गुरुवार से मिलनी शुरू हो गई। अभी तक सिर्फ ओपीडी के समय तक ही ऐक्सरे होते थे। यह सुविधा देने के लिए तीन मशीन उपलब्ध होंगी। लैब टेक्नीशियन और डॉक्टर की ड्यूटी भी लगा दी गई है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल आएंगे नोएडा, करोड़ों की परिजयोजनों का होगा लोकार्पण



सीएम योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को नोएडा आ रहे है। वे 1387.40 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें 1070.33 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा।

वहीं 317.07 करोड़ की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े छह बजे तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा रहेंगे। जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में एक कंपनी का उद्घाटन व संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में टॉपर इशिता किशोर व तीन अन्य सफल अभ्यर्थियों का सम्मान भी करेंगे। दोपहर बाद नोएडा ग्रेटर नोएडा के अधिकारियों के साथ बैठक इसके बाद जीबीयू ऑडिटोरियम में सेव कल्चर सेव मिशन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वहां अपने विचार व्यक्त करेंगे। शाम को कंपनी का उद्घाटन करने के बाद वे लखनऊ जाएंगे।

10: 40 से 11:50 तक नोएडा के सेक्टर-21 स्टेडियम में पुलिस की गाड़ियों और वाटर स्प्रीकलर की गाड़ियों को हरी झंडी देंगे।

## संक्षिप्त समाचार



वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी, जब्त चोरी की गाड़ियां।

### गौतम बुद्ध नगर में वाहन चोर गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की कासना थाना पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों के कब्जे से पांच चोरी की मोटरसाइकिल, एक मोटरसाइकिल की फर्जी नंबर प्लेट, तमंचा आदि सामान बरामद किया है। यह लोग बड़े ही शातिर किस्म के चोर हैं जो एनसीआर में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। थाना कासना पुलिस द्वारा बीट पुलिसिंग व लोकल इटेलिजेन्स के माध्यम से मिली गोपनीय सूचना के माध्यम से दौराने वाहन चैकिंग एशियन पेन्ट के पास से दो चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस दौरान बुलंदशहर निवासी सहाबुद्दीन उर्फसाबू व सादाब को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों के कब्जे से और इनकी निशानदेही पर 5 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। ये लोग मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उनको चलाया करते थे और मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद एक अन्य स्थान पर खड़ा कर देते थे और सौदा करने के बाद उन्हें बेच देते थे।

### मालगाड़ी की छत पर रील बनाने वाले दो गिरफ्तार

**नोएडा।** पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रेटर नोएडा में एक चलती मालगाड़ी के छत पर खड़े होकर रील बनाते नजर आए कॉलेज के दो छात्रों को रेलवे सुरक्षा बल ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मकसद से दोनों छात्र यह वीडियो (रील) बना रहे थे। वीडियो में मालगाड़ी की छत पर 19 और 22 साल की उम्र के दो युवक बिना कमीज पहने अपनी मांसपेशियां दिखाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान मालगाड़ी एक जलाशय को पार करती दिख रही है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद ग्रेटर नोएडा के जारचा निवासी इन दोनों युवकों को बृहस्पतिवार को पकड़ लिया गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, पुलिस ने उस वीडियो पर तुरंत संज्ञान लिया जिसमें दो युवक मालगाड़ी पर स्टंट करते नजर आ रहे हैं। दोनों को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है।

### तीसरी मंजिल से गिरकर युवक की मौत

**नोएडा।** नोएडा के सर्फाबाद गांव में एक व्यक्ति तीसरी मंजिल से गिर गया। लोग उसे आनन फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने मरा हुआ घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार घटना 22 जून रात करीब 1 बजकर 16 मिनट की है। जिला अस्पताल से उन्हें वॉट्सऐप पर मैमो के जरिए इस मामले से अवगत कराया गया। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और वहां से मौका मुआयना करने के लिए घटना स्थल पर गई। युवक की पहचान सूरज पुत्र अमर सिंह हुई है। पिता अमर सिंह ने बताया कि सूरज गुरुवार देर रात को शराब के नशे में तीसरे फ्लोर पर गया था। कुछ देर बाद नीचे गिरने की आवाज आई वो तीसरे फ्लोर पर अकेला था। जिसके बाद हम सभी लोग बाहर गए। सूरज को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**नोएडा।** एसटीएफ तथा थाना सूरजपुर पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, फर्जी आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि एसटीएफ टीम व पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर अकबर व रोशन को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम करते हैं। आरोपी दिल्ली के मजनू का टीला में कॉमन सर्विस सेंटर के नाम से दुकान चलाते है। यहीं पर फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जाने का काम किया जाता था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से 9 लैपटॉप, 3 मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। गत वर्ष 2022 में थाना बीटा 2 में फर्जी आधार कार्ड के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था।

### क्रेन ने साइकिल में मारी टक्कर, पुजारी की मौत

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में रावली मार्ग स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के सामने तेज रफ्तार क्रेन ने मंदिर में पूजा करने के बाद घर जा रहे साइकिल सवार पुजारी को कुचल दिया। हादसे में पुजारी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने क्रेन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। मूलरूप से वाराणसी निवासी जगदानंद झा नगर की गोपालपुरम कॉलोनी में परिवार सहित रहते थे। वह सुबह शाम नगर के कई मंदिरों में पूजा किया करते थे। वह साइकिल पर सवार होकर मंदिर में पूजा करके वापस अपने घर जा रहे थे। जब वह रावली मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के सामने पहुंचे तो तेज गति से आ रहे क्रेन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी।

# नगर निगम कार्यकारिणी के 12 सदस्यों निर्विरोध चुने गए

● कार्यकारिणी के सदस्यों में बीजेपी से नौ, एसपी और कांग्रेस से एक पार्षद और एक निर्दलीय है

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम कार्यकारिणी के 12 सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हो गया। हालांकि बीजेपी ने चुनाव मैदान में 10 पार्षदों को उतारा था। एनवक्त पर बीजेपी को चुनाव मैदान से वार्ड 81 से पार्षद धीरज अग्रवाल द्वारा जमा किया गया नामांकन पत्र वापिस लेना पड़ा। इसके साथ ही निर्विरोध चुनाव संपन्न हो गया।

कार्यकारिणी के सदस्य बने पार्षदों में बीजेपी से नौ, एसपी और कांग्रेस से एक पार्षद और एक निर्दलीय है। कांग्रेस से पार्षद अजय शर्मा, एपी से आदिल मलिक, निर्दलीय धीरेन्द्र यादव, बीजेपी से पार्षद प्रवीण चौधरी, मनोज त्यागी, राजकुमार भाटी, गौरव सोलंकी, यशपाल पहलवान, रेखा गोस्वामी, मनोज त्यागी शामिल है।

सुबह कार्यकारिणी के लिए 13 पार्षदों ने नामांकन पत्र भरकर जमा कराए। नाम वापिसी का समय 12 बजकर 50 मिनट का था। बीजेपी ने लाख कोशिश की कि गैर बीजेपी पार्षद चुनाव से नाम वापिस ले ले। मगर अंत में बीजेपी को ही अपने एक प्रत्याशी धीरज अग्रवाल का नाम वापिस लेना पड़ा।

निगम कार्यकारिणी के लिए 12 सदस्यों के लिए आज नामांकन की प्रक्रिया सुबह से ही शुरू हो गई। नामांकन की प्रक्रिया के लिए नगर निगम ने जो पूर्व में सुबह दस बजकर 30 मिनट से टाइम घोषित किया था। उसमें अचानक से फेर बदल करना पड़ा। इस टाइम में बीस मिनट और बढ़ाना पड़ा।

# निर्माण हुआ तो पलक झपकते मिलेगी प्राधिकरण को जानकारी

● एनसीआर में पहली बार इंटीग्रेटिड कमांड कंट्रोल सिस्टम

**नोएडा।** यदि किसी सेक्टर तथा गांव में भवन आदि का निर्माण शुरू किया गया तथा निर्माण सामग्री आई तो इसकी खबर पलक झपकते ही नोएडा प्राधिकरण को मिल जाएगी। दरअसल प्राधिकरण द्वारा वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए एयर क्वालिटी मॉनीटरिंग सेल स्थापित किया जा रहा है।

यह समूचा सिस्टम सेक्टर-94 में स्थापित इंटीग्रेटिड कमांड कंट्रोल सिस्टम आईसीसी से जुड़ेगा जहां पर लगे मॉनीटर पर हर सेक्टर व गांव में निर्माण व निर्माण सामग्री के निर्माण अवैध हो रहे हैं तो प्राधिकरण सेल की टीम मौके पर जाकर काम रूकवा देगी। यदि वैध है तो वहां पर वायु प्रदूषण के बढने से रोकने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी से संबंधित सभी गाइड लाइन व नियमों का पालन कराया जाएगा।

# बाग के चौकीदार की चाकू से गोदकर हत्या

**गाजियाबाद।** निवाड़ी थाना क्षेत्र में बाग में रखवाले के रूप में नौकरी करने वाले धौलड़ी मेरठ निवासी 65 वर्षीय बुद्धू उर्फ अब्बास की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई।

एसओ निवाड़ी सुरेंद्र सिंह व एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। एसीपी का कहना है कि बाग के रखवाले की हत्या किसने और क्यों की, किसी अपने ने किया या बदमाशों ने मारा अथवा हत्या जर-जोरू व जमीन के विवाद की वजह से हुई, पता किया जा रहा है।

# गाजियाबाद से युवती का अपहरण पिता ने जताया लव जिहाद का शक

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कमिश्नरेट में रोहटा के गांव पूठखस में रहने वाली युवती गायब है। पिता का आरोप है कि शहीदनगर में रहने वाले सावेज नामक युवक ने बहला-फुसलाकर अगवा ले गया है। पुलिस को तहरीर देते हुए अपहृता युवती के पिता ने बताया कि है कि उसकी पुत्री इंस्टाग्राम एप का प्रयोग करती थी। इसी दौरान उसका संपर्क शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की शहीदनगर कॉलोनी निवासी सावेज से हो गई। उस समय सावेज ने उसकी पुत्री को अपना नाम आर्यन बताया था।

बाद में सावेज ने उसकी पुत्री को अगवा कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में किसी अनिष्ट की आशंका जताते हुए अपनी पुत्री को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस इस सनसनीखेज प्रकरण में उनकी मदद करने के बजाय आरोपित पक्ष की पैरवी करते हुए उन्हें धमका रही है।

# दिल्ली के कांवड़ियों को मिलेगा नया मार्ग

**गाजियाबाद।** इस बार कांवड़ यात्रियों के लिए नया रूट खुल जाएगा। ऐसे कांवडिया जो मेरठ की ओर से होकर लोनी और दिल्ली की ओर जाते है वह पाइप लाइन रोड से होकर टीला मोड़ होकर जा सकते है।

इस सड़क को हाल ही में जल निगम ने बनाकर तैयार कर दिया है। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से इसके लिए पैसा दिया गया था। करीब 19 किलोमीटर लंबी इस रोड को मुरादनगर में बने दिल्ली जल बोर्ड के गंगावॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से दिल्ली बोर्डर लोनी तक इस पाइप लाइन को बनाया गया था।

अब इस रोड को डबल लेन कर दिया गया है। इस रोड के डबल होने से इस बार जो लोग कांवड़ लेकर दिल्ली और लोनी जाना चाहते है उनके लिए रास्ता आसान हो जाएगा। साथ ही उनका गाजियाबाद से होकर चक्कर लगाकर जाना भी बचेगा। नई रूट को कांवडियों के लिए तैयार करने में जल निगम जुटा है। ज्ञात हो इस मार्ग के बनने से मोहननगर चौराहे पर भार कम होगा।


कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान

जल भवन, 'बी' ब्लाक, नेहरु कालोनी, देहरादून।

पत्रांकः 2013/ई-निविदा/2023-24 दिनांक : 23/06/2023

ई-निविदा सूचना

उत्तराखण्ड जल संस्थान की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कार्मिशियल बिड) आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा सं | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि रु0 | ई-निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | ई-निविदा द्वारा निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि एवं समय | निविदा की वैधता | प्री-बिड मीटिंग की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | वार्षिक दर अनुबन्ध पर 100 जी.एस.एम. साईज 10x19 सेंटीमीटर के पेपर पर डाट मैट्रिक्स प्रिंटर हेतु प्री-प्रिन्टेड कैश रसीद मय कार्बन कॉपी एवं नम्बरिंग लाल रंग में, की आपूर्ति का कार्य। | 9,000.00 | 24.06.23 from 02:00 p.m. | 10.07.23 upto 5:00 p.m.. | 11.07.23 at 11:00 a.m.. | 90 days | 01.07.23 at 11:00 a.m.. |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय" सचिव (प्रशासन)

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बलजीत कुमार/रौपावती/ LBGUR00004037935 | फ्लैट नंबर 1052, ग्राउंड फ्लोर, टाइप- ईडब्ल्यूएस-II, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सेक्टर 51, गुड़गाँव, हरियाणा/ जून 20, 2023 | जून 19, 2021 रु. 16,54,760/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | संजय मित्तल/श्रुति मित्तल/ LBGUR00002420358/ LBGUR00002420470/ LBGUR00004981828 | प्लॉट नं.122, ब्लॉक डी, साउथ सिटी 1, गाँव। सिलोखेड़ा, झारसा तहसील और जिला, गुड़गाँव/ जून 20, 2023 | जनवरी 30, 2023 रु. 91,62,075/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 23, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री ट्रेडिंग कंपनी/ बबिता/ नीरज यादव/ जितेंदर यादव/ '159005002868 | वाणिज्यिक संपत्ति खेवत नंबर 91,92,93,94,95,96, 97,98,99 किता 15 पर स्थित है, कुल क्षेत्रफल 45 कनाल 7 मरला है, जिसका हिस्सा 104/863 यानी 11 मरला 5 सरसई है, जो नूनी कलां, तहसील नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ में स्थित है। रक्त संबंध विलेख संख्या 2163 दिनांक 30-10-2020 के तहत अचल संपत्ति का पंजीकृत हस्तांतरण उप रजिस्ट्रार कार्यालय नारनौल द्वारा जारी अचल संपत्ति म्यूटेशन नंबर 1544 दिनांक 09-11-2020 राजस्व प्राधिकारी नूनी कलां द्वारा जारी/ जून 20, 2023 | दिसंबर 06, 2022 रु. 20,85,916.00/- | नारनौल, दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जून 23, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली आईसीआईसीआई बैंक लि.

वसूली अधिकारी-।। का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण-।।, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

आर.सी. सं. 58/2015 ई-नीलामी बिक्री सूचना दिनांकित : 14-06-2023

आईसीआईसीआई बैंक बनाम मैसर्स ईशा सेल्स एवं अन्य

आदेश

मेरे आदेश दिनांकित 14-06-2023 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्ति दिनांक 28-07-2023 को सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी :-

नीलामी बिक्री वेबसाइट :- https://www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी
नीलामी की तिथि एवं समय : 28-07-2023 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे के बीच
(अप. 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)

सम्पत्ति का वर्णन

| सम्पत्ति का वर्णन | सुरक्षित मूल्य (रू. में) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में) |
|---|---|---|
| 2121 डी, प्रथम तल, तिलक बाजार, दिल्ली-110006 | 18,00,000/- | 1,80,000/- |

नियम और शर्तें

1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल : www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली खाता आर/सी सं. 58/2015" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से जमा करनी होगी। ईएमडी के लिए उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व-सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में अधिकतम 26-07-2023 अप. 4.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के भुगतान के मूल प्रमाण पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी सन्निहित लिफाफे पर "आरसी सं. 58/2015" तथा प्रेषक का विवरण अर्थात पता, ई-मेल आईडी और मोबाइल नम्बर इत्यादि शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. सम्पत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" तथा "जो है जैसा है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली देने तथा ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल www.bankeauctions.com अच्छी तरह पढ़ लें तथा/अथवा श्री राजीव रंजन, प्रबंधक, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005, मोबाइल नंबर 8584874809, ई-मेल : mohit.chadhaa@icicibank.com ranjan.ra@icicibank.com से सम्पर्क करें।
6. भविष्यलक्षी बोलीदाताओं से पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करवाना तथा ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा - 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई-मेल आईडी : delhi@ciindia.com तथा support@bankeauctions.com से यूजर आईडी/पासवर्ड पर्याप्त अग्रिम में प्राप्त किया जाना अपेक्षित है, जो उपरोक्त ई-नीलामी में बोलीदान के लिए अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता ईएमडी जमा करने के बाद, मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., उद्योग विहार, फेज-2, बिल्डिंग नंबर 301, गुरूग्राम, हरियाणा - 122015, फोन नंबर 7291981124/25/26 सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबर 9813887931, ई-मेल आईडी : delhi@ciindia.com तथा support@bankeauctions.com से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल वे बोलीदाता ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड और डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से ईएमडी भुगतान पुष्टि के धारक हैं।
9. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण 13-07-2023 तथा 14-07-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे से अप. 04.00 बजे तक कर सकते हैं।
10. इच्छुक बोलीदाता जो 26-07-2023 तक अपनी बोलियां, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के कार्यालय में दे चुके होंगे, जो सुरक्षित मूल्य से कम नहीं है, ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ग्राह्य होंगे जो 28-07-2023 को अप. 03.00 बजे और अप. 04.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। नीलामी समाप्त होने के आखिरी 5 मिनट में कोई बोली आने पर नीलामी समाप्त होने का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
11. बोलीदाता संबंधित सम्पत्ति हेतु अपनी बोली रू. 1,00,000/- (रू. एक लाख मात्र) के गुणज में बढ़ाएंगे।
12. असफल बोलीदाता ईएमडी ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया समाप्त होने के तत्काल पश्चात सीधे वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली से प्राप्त कर सकेंगे।
13. सफल/उच्चतम बोलीदाता को बोली/बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 58/2015 के पक्ष में अगले बैंक कार्यदिवस के अप. 04.00 बजे तक तैयार कर इस न्यायाधिकरण में जमा करना होगा, जिसमें असफल रहने पर ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
14. क्रेता को बिक्री मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली, खाता आर.सी. सं. 58/2015 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से, वसूली अधिकारी-।।, डीआरटी-।।, दिल्ली के पास सम्पत्ति की ई-नीलामी की तिथि से 15वें दिन अथवा पूर्व, उस तिथि को छोड़कर, और 15वां दिन रविवार या अवकाश दिवस होने की स्थिति में 15वें दिन के बाद पहले कार्य दिवस को रजिस्ट्रार, डीआरटी-।।, दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/- तक 2 प्रतिशत निरोध शुल्क तथा रू. 1000/- से ऊपर सकल राशि पर 1 प्रतिशत निरोध शुल्क के साथ जमा करनी होगी। (शेष 75 प्रतिशत राशि डाक द्वारा जमा करने की स्थिति में यह वसूली अधिकारी को उपरोक्तानुसार प्राप्त हो जानी चाहिए)। निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में, बिक्री की नई उद्घोषणा के बाद, सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी। चूककर्ता क्रेता द्वारा जमा की गई राशि, बिक्री संबंधी खर्चे काटकर, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, सरकारी खाते में जब्त कर ली जाएगी तथा सम्पत्ति या उसके किसी अंश की अनुवर्ती बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के संबंध में चूककर्ता क्रेता के सभी दावे जब्त माने जाएंगे।
15. सीएचएफआई/सीएच बैंक को बिक्री उद्घोषणा की सूचना सीडी'ज को दस्ती, स्पीड पोस्ट, कुरियर के माध्यम से तथा सम्पत्ति के सुप्रकट भाग में चस्पा करने द्वारा और इसके आसपास के क्षेत्र में ढोल पीटकर देने और सूचना की एक प्रति इस न्यायाधिकरण के सूचना पट पर चस्पा करने का निर्देश दिया जाता है।
16. बिक्री उद्घोषणा की सूचना क्षेत्र में पर्याप्त व्यापक प्रसार वाले अंग्रेजी और स्थानीय भाषा के समाचारपत्रों में भी प्रकाशित करवाई जाए।
17. सीएचएफआई/सीएच बैंक को समाचारपत्रों में विज्ञापन प्रकाशन की पुष्टि करने तथा प्रकाशन के मूल प्रमाण सुनवाई की अगली तिथि को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाता है।
18. अधोहस्ताक्षरी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य नहीं पाई जाती हैं, अथवा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है तथा इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम मान्य होगा।

सम्पत्ति की अनुसूची

| बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व | सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण | सम्पत्ति के बाबत पेश किया गया कोई दावा तथा अन्य कोई ज्ञात विवरण जो सम्पत्ति की प्रकृति और मूल्य को प्रभावित करता है। |
|---|---|---|---|
| 2121 डी, प्रथम तल, तिलक बाजार, दिल्ली-110006 | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं | ज्ञात नहीं |

ई-नीलामी बिक्री सूचना की तामील, तामील के प्रमाणों (ट्रैक परिणामों सहित यथा स्पीड पोस्ट तथा कुरियर) तथा दस्ती तामील के प्रमाण, समाचारपत्रों में प्रकाशन के मूल प्रमाण और ई-नीलामी के प्रयोजन हेतु वेबसाइट पर व्यापक प्रचार के प्रमाण प्रस्तुत करने हेतु वाद 14-07-2023 को सूचीबद्ध किया जाए।

(दत्तात्रेय बाजपेयी)
वसूली अधिकारी-।।,
डीआरटी-।।।, दिल्ली

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., शाल टावर, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि हयात करीम खान/फरहा नईम (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीएचजैड00002527375 तथा पता फ्लैट नंबर सी-1403, 14वां तल, टावर-सी, कासा ग्रैंड, प्लॉट नंबर 7ए, सेक्टर-सी एच आई-5, ग्रेटर नोएडा-201307 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 11 अगस्त, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 23 जून, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., शाल टावर, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110007

सार्वजनिक सूचना :
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि मोहम्मद मकदूम मोहिउद्दीन/रूमाना कादरी (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002406178 तथा पता फ्लैट नंबर 604, छठा तल, टावर-सी, कासा ग्रैंड, प्लॉट नंबर जीएच-07ए, सेक्टर-सी एच आई-5, ग्रेटर नोएडा-201307 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 18 जुलाई, 2022 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि अर्थकॉन कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 23 जून, 2023 वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर हस्ता./-



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कुश्ती ट्रायल में छूट पर योगेश्वर-विनेश में दंगल

## ओलंपियन ने छह पहलवानों को छूट देने पर उठाया सवाल, फोगाट बोली- बृजभूषण का पिछलग्गू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


योगेश्वर दत्त


विनेश फोगाट

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए होने वाले ट्रायल से विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों को छूट देने को लेकर आईओए तदर्थ समिति पर निशाना साधा जिसके बाद विनेश फोगाट ने उन्हें भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का पिछलग्गू करार दिया।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) तदर्थ समिति ने 16 जून को विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, उनकी पत्नी संगीता फोगाट, साक्षी मलिक, उनके पति सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा को सूचित किया था कि उन्हें भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए अपनी-अपनी श्रेणियों में ट्रायल के विजेताओं का मुकाबला करना होगा। समिति ने छह पहलवानों से यह भी वादा किया कि उनके अनुरोध के अनुसार उनका एक-मुकाबले वाला ट्रायल अगस्त में आयोजित किया जाएगा।

भाजपा नेता योगेश्वर ने कहा कि भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली समिति ने ऐसा कदम उठाकर देश के जूनियर पहलवानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने ट्विटर पर जारी वीडियो में कहा कि मुझे समझ नहीं आ रहा है कि ट्रायल के बारे में निर्णय लेने में तदर्थ पैनल ने किन मानदंडों का पालन किया है। वह भी सभी छह पहलवानों के लिए। योगेश्वर जांच करने के लिए खेल मंत्रालय द्वारा नियुक्त छह सदस्यीय निरीक्षण समिति का हिस्सा थे। अगर पैनल को ट्रायल के लिए छूट देनी थी तो कई अन्य योग्य उम्मीदवार भी थे। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि इन छह पहलवानों को छूट क्यों दी गई है। यह बिल्कुल गलत है। पिछले डब्ल्यूएफआई प्रणाली में भी ऐसा नहीं किया गया था। योगेश्वर पर निशाना साधते हुए विनेश ने ट्विटर पर लिखा, कुश्ती जगत को आपका बृजभूषण के तलवे चाटना हमेशा याद रहेगा। महिला पहलवानों को तोड़ने में इतना जोर मत लगाओ, बहुत पक्के इरादे हैं इनके। ध्यान रखना कहीं ज्यादा जोर लगाने से कमर न टूट जाए। रीढ़ तो पहले ही बृजभूषण के पैरों में रख चुके हो। तुम बहुत संवेदनहीन इंसान हो। जालिम के हक में खड़े हो, उसकी चापलूसी कर रहे हो।

विनेश ने योगेश्वर की तुलना जयचंद से करते हुए कहा, जब तक कुश्ती में योगेश्वर जैसे जयचंद रहेंगे, यकीनन जालिमों के हौसले बुलंद रहेंगे। उन्होंने लिखा, योगेश्वर दत्त का वीडियो सुना तो उसकी वह घटिया हंसी दिमाग में अटक गई। वह महिला पहलवानों के लिए बनी दोनों समितियों का हिस्सा था। विनेश ने दो महिला पहलवानों से कहा था कि बृजभूषण का कुछ नहीं होगा, जाकर अभ्यास करो। विनेश ने यह भी आरोप लगाया कि योगेश्वर ने महिला पहलवानों से समझौता करने और बृजभूषण के खिलाफ आरोप वापस लेने के लिए कहा था। विनेश ने कहा, समिति की बैठक के बाद योगेश्वर ने महिला पहलवानों के नाम बृजभूषण और मीडिया में बता दिए। उसने कई महिला पहलवानों के घर फोन करके यह भी कहा कि अपनी लड़की को समझा लो। पहलवानों के खिलाफ बयान दे रहा था, उसके बावजूद उसे दोनों समितियों में रखा गया।

विनेश ने कहा, वह पहलवानों और कोचों को महिला पहलवानों के आंदोलन में शामिल होने से लगातार रोकता रहा। सारा कुश्ती जगत समझ गया था कि योगेश्वर बृजभूषण की थाली का झूठा खा रहा है।

# पानी का मीटर बनेगा स्मार्ट जीआईएस से जुड़ेंगे: भारती

- क्यू आर कोड से मिलेगी यूनिक पहचान, सारे झंझट होंगे खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


अधिकारी संग बैठक में जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती

दिल्ली जल बोर्ड आने वाले दिनों में ग्राहकों को कई नई सुविधाएं मुहैया कराएगा। ग्राहकों के लिए बिल भरना आसान हो जाएगा। लोगों को चैट बोट की भी सुविधा मिलेगी। चैट बोट से ग्राहकों को शिकायत दर्ज कराने और नए कनेक्शन लेने जैसी सेवाएं आसानी से मिल सकेगी।

इसके अलावा गलत या ज्यादा बिल की परेशानी को खत्म करने के लिए पानी मीटर को भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से जोड़ने और मीटर पर क्यूआर कोड लगाकर हर मीटर को यूनिक आईडी देने की तैयारी कर रहा है। इतना ही नहीं जल बोर्ड के ऐप में अब ग्राहककों को कई नए फीचर भी मिलेगे। नए फीचर दिल्ली जल बोर्ड की सेवाओं को तेज, बेहतर, आसान और पारदर्शी बनायेगे। साथ ही सेवाओं को बेहतर और कस्टमर फ्रेंडली बनाने के लिए एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी इस्तेमाल करेगा। एआई से बिलों की खामियों को रोका जा सकेगा और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं देने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए डीजेबी विश्व की सबसे आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करेगा। जल बोर्ड के रिवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम को अपग्रेड और आधुनिकरण करने के लिए इस क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रोजेक्ट की स्टडी , एक्शन प्लान और तकनीकी सहायता के लिए टॉप आईटी कंसल्टैंसी फर्म की सेवाएं ली गई है।

दिल्ली जल बोर्ड अपने रिवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम (आरएमएस) में कई नए बदलाव लाने जा रहा है। इसी के तहत पानी के साधारण मीटर को स्मार्ट मीटर में तब्दील करने जा रहा है। इसके लिए ग्राहकों को मीटर बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पुराने पानी के मीटर को ही स्मार्ट मीटर में बदल देगा। इसके लिए पानी के मीटर को भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से जोड़ा जाएगा और पानी के मीटर पर यूआर कोड लगाया जाएगा। पानी के गलत बिल की ज्यादातर शिकायतों की वजह मीटर रीडर की लापरवाही होती है।

## शिकायत प्रबंधन सिस्टम का होगा केंद्रीयकरण

*जल बोर्ड शिकायत दर्ज कराने और शिकायत की ट्रेकिंग की प्रक्रिया को भी आसान बनाने जा रहा है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए डीजेबी अपने शिकायत प्रबंधन सिस्टम का केंद्रीकरण कर रहा है। जल बोर्ड की हेल्पलाइन 1916, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, पीजीएमएस पोर्टल जैसे माध्यमों से दर्ज होने वाली शिकायतों को इंटीग्रेट करने का सिस्टम तैयार करने की तैयारी की गई है। इस सिस्टम के विकसित होने के बाद शिकायतों का निपटारा करने में तेजी आएगी और ग्राहकों के लिए शिकायतों को ट्रैक करना भी संभव होगा। इसमें शिकायतकर्ता को फीडबैक देने की भी सुविधा मिलेगी। करवाई से संतुष्ट नहीं होने पर ग्राहक एक ही शिकायत नंबर से दोबारा भी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। डीजेबी अब क्लाउड बेस्ड रॉबस्ट सिस्टम आधारित तकनीक का इस्तेमाल करने जा रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को चैट बोट की सुविधा भी देने जा रहा है। जल बोर्ड जल्द ही अपना चैट बोट लांच करेगा। इससे ग्राहकों को बिल जमा करने, नया कनेक्शन लेने, दोबारा कनेक्शन लेने, शिकायत दर्ज कराने, और डिस्कनेक्शन से जुड़ी जानकारियां मिल पाएगी।*

## ऐप का आएगा नया वर्जन

ऐप के नए वर्जन में ग्राहको को कई नए फीचर और सुविधाएं मिलेगी। अभी तक बिल जमा करने, शिकायत दर्ज कराने, नया कनेक्शन लेने और कनेक्शन दोबारा शुरू करने जैसी सुविधाओं के लिए ग्राहकों को ऐप के जरिए जल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करना पड़ता है लेकिन ऐप के नए वर्जन में इन सेवाओं का इस्तेमाल करने के लिए वेबसाइट पर विजिट करने की जरूरत नहीं होगी। नए वर्जन में ऐप के प्लेटफार्म पर ही ये सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इससे सुविधाएं और ज्यादा कस्टमर फ्रेंडली और आसान होगी।

# विपक्षी दलों ने आप से पल्ला झाड़ लिया : वीरेंद्र सचदेवा

- 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री एक बार फिर नरेंद्र मोदी बनेंगे : बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


वीरेंद्र सचदेवा

पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक में आप और कांग्रेस के बीच तकरात देखने को मिली है। केजरीवाल ने कहा कि जब तक कांग्रेस का पक्ष अध्यादेश को लेकर साफ नहीं होता। तब तक विपक्ष की किसी भी बैठक में आम आदमी पार्टी शामिल नहीं होगी।

इसे लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने भी अरविंद केजरीवाल का चरित्र पहचान लिया है, इसलिए किसी ने केजरीवाल को महत्व नहीं दिया। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के दबाव के बावजूद पटना में कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी सहित 17 दलों की बैठक में केंद्र के अध्यादेश पर ना तो चर्चा हुई ना समर्थन की घोषणा हुई। पटना बैठक के बाद आये 17 दलों में से 16 दलों ने कांग्रेस के साथ संयुक्त पत्रकार सम्मेलन किया। केवल आम आदमी पार्टी उसके बाहर रह गई। जिससे साफ है की विपक्षी गठबंधन में भी उनका कोई महत्व नहीं। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर चुनाव जीतेगी। 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री एक बार फिर नरेंद्र मोदी बनेंगे।

वहीं सांसद रमेश बिधूड़ी ने विपक्षी दलों की बैठक पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह ठग बंधन है। यह लोग कभी एक नहीं होंगे। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर चुनाव जीतेगी। क्योंकि जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है।

# आर.के. पुरम दोहरा हत्याकांड में चार और गिरफ्तार

- मामले में अब तक नौ पकड़े गए: पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के आर के पुरम इलाके में स्थित आंबेडकर बस्ती में दो बहनों की हुई हत्या के सिलसिले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान, अमन, मयंक और मोसेस के रूप में हुई है। इन लोगों पर जान गंवाने वाली बहनों के भाई ललित को पैसों की लेनदेन से जुड़े विवाद में जान से मारने के इरादे से की गई गोलीबारी में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। ये लोग मुख्य आरोपी के साथी हैं। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया गया था जबकि उसके अगले दिन दो और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आए।

हमलावरों ने रविवार को आर के पुरम इलाके में कथित तौर पर दो महिलाओं पिंकी और ज्योति को गोली मारी थी। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ कि हमलावर पीड़िताओं के भाई को मारने आए थे।

रविवार को गिरफ्तार किए गए अर्जुन, माइकल और देव का आपराधिक अतीत रहा है।

# आईजीआई पर 2.6 करोड़ के सोने की तस्करी में 5 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से 2.6 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में जानकारी दी।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने दो अलग मामलों में इन आरोपियों को हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। पहले मामले में अधिकारियों ने बैंकॉक से आए चार लोगों को रोका। इनमें से दो लोग मंगलवार को जबकि दो अन्य बुधवार को आए थे। बयान में कहा गया कि यात्रियों और उनके सामान की जांच करने पर हर व्यक्ति के पास से एक-एक किलो यानि कुल चार किलो सोना बरामद हुआ।

इसकी कीमत 2.09 करोड़ रुपए है। आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने को जब्त कर लिया गया। अन्य मामले में मंगलवार को बैंकॉक से लौटे एक व्यक्ति की जांच की गई।

बयान के अनुसार, यात्री और उसके समान की तलाशी लेने पर उसने स्वीकार किया कि काली टेप में लिपटे तीन कैप्सूल उसने अपने मलाशय में छिपा रखे हैं जिनमें 1.25 किलोग्राम सोना पेस्ट के रूप में भरा है। कैप्सूल से सोने को अलग करने के बाद सीमा शुल्क अधिकारियों को 56.43 लाख रुपए मूल्य का 1.07 किलोग्राम सोना मिला। यात्री को गिरफ्तार कर सोने को जब्त कर लिया गया।



## 8 लाख नकली नोट के साथ विदेशी पकड़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नकली नोटों की तस्करी करने वाले मामले में एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपीह की पहचान रूस्लान पेत्रोव मेटोडीन के रूप में हुई है। वह बुल्गारिया का रहने वाला है। वह पढ़ाई पूरी करने के बाद वह छह साल तक 1996 में बुल्गारिया आर्मी में था। आरोपी के कब्जे से 8 लाख के नकली नोट बरामद किए गए हैं। ये सभी नोट 500 रुपए के हैं। इसके साथ ही 1.89 लाख नगद जब्त किए गए हैं। विशेष आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने बताया कि स्पेशल सेल को सूचना मिली थी की इंटरनेशनल करेंसी सिंडिकेट का एक सदस्य हरियाणा के गुड़गांव में छिपा हुआ है।

# सेंट्रल विस्टा में नहीं लगेंगे मोबाइल टावर

- एनडीएमसी इलाके में बिना अनुमति लगाने पर हर माह 10 हजार का जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



देश की नई संसद समेत सेंट्रल विस्टा की इमारतों में संचार टावर नहीं लगेंगे। यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शुक्रवार को संचार टावर के लिए 37 बिंदुओं वाले जारी दिशानिर्देश में दी। इस पॉलिसी के जारी होने के बाद बिना अनुमति के लगाए गए मोबाइल टावर को स्थापित किए जाने की तारीख से 10,000 रुपए प्रतिमाह के जुर्माने के साथ नियमानुसार नियमित किया जा सकता है।

जारी दस्तावेज में राजधानी के लुटियंस इलाके की खुबसूरती और कलात्मकता बरकरार रखने पर विशेष ध्यान दिया गया है। एनडीएमसी द्वारा बृहस्पतिवार को जारी एक दस्तावेज़ में, नागरिक निकाय ने क्षेत्र में एकरूपता लाने के लिए संचार टावरों की स्थापना के संबंध में एनडीएमसी नीति निर्धारित की है। इसके अंतर्गत सेंट्रल विस्टा के भीतर जमीन पर या छत पर टावर और एंटीना की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसी तरह, नवयुग विद्यालयों सहित एनडीएमसी विद्यालयों के परिसर और अस्पतालों और औषधालयों की इमारतों पर टावर या एंटीना लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जारी निर्देश में उल्लेख किया गया है कि टावर या एंटीना इस तरीके से लगाए जाने चाहिए कि नई दिल्ली इलाके की विरासत और सौंदर्य पर कोई प्रभाव न पड़े। एनडीएमसी इलाके में सीओडब्ल्यू लगाने के लिए परिषद चिह्नित जगहों के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया अपनाएगी।

दस्तावेज के अनुसार, एंटीना और टावर प्लॉट के सबसे पीछे होने चाहिए एवं उन्हें मुख्य प्रवेश और सड़क से नहीं दिखना चाहिए। साथ ही टावर को बिजली देने के लिए वहां डीजल जेनरेटरों की अनुमति नहीं होगी।

## केजरीवाल ने अरबों रुपये प्रचार में उड़ाया : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डा. नरेश ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर करदाताओं के अरबों रुपये प्रचार में खर्च करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक आरटीआई का इलावा देते हुए बताया है कि वर्ष 1 अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2023 तक केजरीवाल सरकार ने प्रचार पर 1477,66,17000 खर्च किए हैं।

कुमार ने सवाल उठाया कि क्या इतनी बड़ी राशि झूठे प्रचार पर खर्च करने की अनुमति उपराज्यपाल ने दी थी। नरेश कुमार ने दावा किया कि इतने पैसों में कई अस्पताल बन जाते, जिससे कोरोना काल में कइयों की जाने बच जातीं या फिर कई स्कूल बन जाते ताकि बच्चों की अच्छी शिक्षा मिल सकती थी।

# घरेलू सहायकों के लिए योजनाएं लाएगी सरकार

- अंतरराष्ट्रीय संगठनों, सिविल सोसाइटी और घरेलू सहायक यूनियन के साथ मिलकर काम करेंगे : मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


श्रम मंत्री राज कुमार आनंद

घरेलू कामगारों के अधिकारों को कानूनी दायरे में लाने के विषय पर चर्चा करते हुए शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन) ने कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें श्रम मंत्री राज कुमार आनंद घरेलू कामगारों के ऊपर हो रहे अत्याचारों और उनके अधिकारों के विषय पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में मजदूरों के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उनकी सरकार का मानना है कि वह मजदूर नहीं निर्माता हैं और देश के भाग्य विधाता हैं।

केजरीवाल सरकार ने निर्माण श्रमिकों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पेंशन को शामिल करते हुए 17 कल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं और उन्हें लागू कराया है। निर्माण श्रमिकों की तरह ही घरेलू कामगारों के लिए भी जल्द ही ऐसी ही कल्याणकारी योजनाएं लेकर आएगी। आनंद ने कहा कि दिल्ली में करीब 5 लाख घरेलू सहायक कार्य करते हैं, यह राजधानी की कुल श्रमशक्ति का एक बड़ा हिस्सा हैं। यह अफसोस की बात है कि अपने महत्वपूर्ण योगदान के बाद भी घरेलू सहायक बहुत खराब हालत में जीवन जीन को मजबूर हैं। इन्हें अकसर कम वेतन पर ज्यादा समय तक काम करना पड़ता है और पर्याप्त सुरक्षित माहौल भी नहीं मिल पाता है। वहीं दिल्ली में श्रमिकों को सबसे अधिक न्यूनतम मजदूरी दी जाती है।

# संक्षिप्त समाचार


ईद उल अजहा को लेकर चांदनी चौक में कुर्बानी के बकरों का बाजार गुलजार है।

## जेएनयू के एसएयू संकाय सदस्यों के निलंबन की निंदा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) सहित कई शिक्षक संघों ने यहां दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय (एसएयू) संकाय के चार सदस्यों के मनमाने ढंग से निलंबन की निंदा की और कहा कि यह कार्रवाई उन्हें डराने और चुप कराने का एक प्रयास है। एसएयू ने स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए मासिक वजीफे में कटौती के खिलाफ छात्रों द्वारा 2022 में किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में बुधवार को संकाय सदस्यों को निलंबित कर दिया। एक ई-मेल के अनुसार, कदाचार और विश्वविद्यालय की आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों पर संकाय के चार सदस्यों को निलंबित करने के लिए कार्यालय आदेश 16 जून को पारित किया गया था। संकाय के एक सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर दावा किया कि विश्वविद्यालय ने संकाय सदस्यों पर छात्रों को विरोध प्रदर्शन के लिए उकसाने, उचित कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहने और मार्क्सवादी अध्ययन मंडल के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया है। देशभर के शिक्षक समूहों ने मांग की कि निलंबन आदेश को तुरंत वापस लिया जाए।

## आप के दो नेता कोविड अवज्ञा मामले में बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने पटेल नगर के विधायक और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक पार्षद को कोविड-19 संबंधी सरकारी आदेश की अवहेलना मामले में बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि जांच में कई खामियां हैं। अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी विधि गुप्ता आंनद आम आदमी पाटी (आप) के दो नेताओं- विधायक राज कुमार आनंद और पार्षद अंकुश नारंग के खिलाफ दर्ज मुकदमे की सुनवाई कर रही थीं। दोनों नेताओं पर बिना पूर्व-अनुमति और सामाजिक दूरी का अनुपालन किए बिना पिछले साल 26 फरवरी को भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के पटेल नगर स्थित आवास पर आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लेने का आरोप था।

## जिम्बाब्वे की महिला की दस साल की सजा निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मादक पदार्थ बरामदगी के एक मामले में जिम्बाब्वे की एक महिला की 10 साल की जेल की सजा निलंबित करते हुए कहा कि जब्त किए गए पदार्थ का नमूना लेने की प्रक्रिया का कथित तौर पर अनुपालन नहीं किया गया और आरोपी ने चार साल से अधिक समय की सजा काट ली है। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और वित्त मंत्रालय द्वारा जारी स्थाई आदेश का जांच एजेंसियों को सम्मान करना चाहिए और इन प्रावधानों के अनुपालन में कमी तर्कपूर्ण संदेह पैदा करती है जो आरोपी का दोष साबित करने पर भी असर डालेगी।अदालत ने आरोपी महिला की, एक निचली अदालत से उसे मिली सजा और दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली अपील पर हाल में यह आदेश पारित किया।

## खाद्य आपूर्ति मंत्री ने वाटर बोरिंग का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** लोगों को मूलभूत सुविधाएं और त्योहारों पर स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शुक्रवार को बलीमारन स्थित गली लालन वाली में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान हुसैन ने क्षेत्र के नीम वाला चौक रामनगर में पानी के लिए बोरिंग कार्य का भी शुभारंभ किया। इससे क्षेत्र के लगभग दस हजार स्थानीय निवासियों के पानी की समस्या दूर हो सकेगी। इस दौरान मंत्री ने गली लालन वाली में जल बोर्ड के द्वारा डाले जा रहे नई पाइप लाइन के कार्य का भी निरीक्षण किया।

# आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए बनेगा अस्पताल

## उपराज्यपाल ने बंध्याकरण केंद्र-सह-पशु चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन को दी मंजूरी

- वसंत कुंज में पीपीपी मोड पर डिस्पेंसरी विकसित करने के लिए डीडीए ने एमसीडी को 483 वर्गमीटर भूमि आवंटित की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों का आतंक है। आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आती रहती है। कभी कुत्तों ने बच्चे को काट खाया, कभी पार्क में सैर करने वालों को काट लिया, तो कभी गली-मोहल्ले में लोगों को काट लिया। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 6 महीनों के अन्दर 58 हजार मामले कुत्तों के काटने के अकेले आरएमएल और सफदरजंग अस्पताल में आए हैं। अगर सब अस्पतालों के आंकड़ों को गौर किया जाए तो लाखों केस निकल आएंगे। एक अनुमान के अनुसार हर एक घंटे में कुतों के काटे जाने की 10 से 12 घटनाएं सामने आती है। आवारा कुत्तों की बढ़ती जनसंख्या पर लगाम लगाने के मकसद से उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में कुत्तों के नसबंदी केंद्र-पशु चिकित्सालय व डिस्पेंसरी निर्माण के लिए जमीन आवंटन को मंजूरी दे दी है। पीपीपी-बीओटी (बिल्ड ऑपरेट ट्रांसफर) मोड में आवारा कुत्तों के नसबंदी केंद्र को विकसित करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली नगर निगम को 483 वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जाएगी।

उपराज्यपाल ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए डीडीए से अपने अनुमति पत्र में एमसीडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रस्तावित केंद्र डिस्पेंसरी और डॉग क्लिनिक नगर पालिका की सेवाएं हैं जिसमें आवारा कुत्तों का मुफ्त इलाज किया जाना चाहिए। इस डॉग क्लिनिक को दूसरे विकल्पों जैसे निजी और पालतू जानवरों के इलाज से राजस्व जुटाना चाहिए, जिसका उपयोग शेल्टर के संचालन में किया जाना चाहिए।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि यह प्रस्ताव वर्ष 2019 से लंबित था जो अब पूरा हो जाएगा। दिल्ली नगर निगम नियमों और शर्तों के साथ पीपीपी मोड-बीओटी मोड पर कुत्तों के नसबंदी केंद्र-सह-पशु चिकित्सालय, डिस्पेंसरी का निर्माण करेगी। भवन निर्माण की लागत, चिकित्सा उपकरण, केंद्र के संचालन और कर्मचारियों पर होने वाले सभी खर्च बोली के माध्यम से चुने गए पीपीपी भागीदारों द्वारा वहन किए जाएंगे। प्रक्रिया के तहत चुने गए बोलीदाता एमसीडी को वार्षिक लाइसेंस शुल्क का भुगतान करेंगे।

## कुत्तों के काटने की समस्या गंभीर: गोयल

**नई दिल्ली।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री विजय गोयल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को कुत्तों के काटने की समस्या को लेकर डॉग स्टरलाइजेशन सेंटर कम वेटरनिटी हॉस्पिटल खोलने के लिए बधाई दी।

गोयल ने दावा किया कि उनका कुत्तों के काटने की समस्या को लेकर शुरू किया आन्दोलन का यह नतीजा है कि एलजी ने भी स्वीकार किया कि आवारा कुत्तों का आतंक है। उपराज्यपाल उन्हें भरोसा दिलाया था कि वे इस मसले पर कुछ अवश्य करेंगे। गोयल ने कहा कि एक अकेले सेंटर से कुछ नहीं होगा और ये सेंटर भी पालतू कुत्तों का ही ज्यादा ध्यान रखेगा। दिल्ली और देश में केन्द्र और राज्य सरकारों ने मिलकर समस्या का हल नहीं निकाला तो एक दिनन ऐसा आएगा कि कुत्ते मोहल्लों में रहेंगे और लोग घरों में बन्द हो जाएंगे।

# टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषाहार उपलब्ध करवाएं संस्थाएं : विधायक

## निक्षय मित्र योजना में पीएचसी दौलताबाद के 38 टीबी मरीजों को विधायक ने लिया गोद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव दौलताबाद पीएचसी में टीबी रोगियों को गोद लेने के कार्यक्रम में शपथ लेते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दौलताबाद के अंतर्गत 38 टीबी रोग से ग्रस्त मरीजों को विधायक राकेश दौलताबाद ने गोद लिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केशव, डॉ. राजेश यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पीएचसी दौलताबाद में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राकेश दौलताबाद ने बताया कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के संकल्प के तहत हरियाणा को टीबी मुक्त बनाने के लिये कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इन सार्थक प्रयासों से हरियाणा को टीबी मुक्त करने के लक्ष्य को वर्ष 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने उद्योगपतियों, शैक्षिक संस्थानों, सामाजिक संस्थाओं, गैर-सरकारी संगठनों और निर्वाचित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि वे इस पुनीत कार्य से जुड़ें और टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषाहार एवं उनके परिजनों को भावनात्मक एवं सामाजिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिये आगे आएं।

वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई। इस पहल के तहत निक्षय मित्र प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीबी रोगियों को पोषण संबंधी सहायता, जांच सहायता और व्यावसायिक सहायता प्रदान की जा रही है। विधायक ने बताया कि कोई भी व्यक्ति या संस्था निक्षय वेब पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करके निक्षय मित्र के रूप मे शामिल होकर टी बी रोगियों की सहायता कर सकती है। पंजीकरण के बाद वे भौगोलिक स्थितियों के अनुसार टीबी मरीज का चयन भी कर सकते हैं। उसके बाद गोद लेकर मरीज के इलाज पर लगभग 1 वर्ष तक मासिक सपोर्टिव डाइट के रूप में 400 से 500 रुपये की राशि देकर सहायता प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में संगठनों की भागीदारी बढ़ेगी और टीबी की जानकारी और इलाज जन-जन तक पहुंचेगा। इससे रोगियों का बेहतर पोषण होगा और सही इलाज होने पर परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इसके अलावा मरीजों व परिवारों का भार भी कम होगा।

## लिव इन पार्टनर की चाकू से मौत, कहा तरबूज काट रहे थे...

**गुरुग्राम।** लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे एक युवक की छाती में चाकू घुसने से मौत हो गई। युवक हिसार का रहने वाला था व युवती दिल्ली की रहने वाली है। जिस युवती के साथ वह रहता था। वह एसएसबी में सिपाही के पद पर तैनात है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात डीएलएफ फेज-3 थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक संदीप (35) को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए नारायणा सुपर स्पेशियलिटी भर्ती कराया गया था। गंभीर रूप से घायल अपने लिव इन पार्टनर संदीप को युवती पूजा अस्पताल लेकर पहुंची। अस्पताल की ओर से इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। पुलिस मौके पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। मौके पर मौजूद युवती पूजा से भी पुलिस ने पूछताछ की। पूजा ने संदीप की छाती में लगे चाकू को लेकर पुलिस को बताया कि वह तरबूज काट रहा था। इसी दौरान चाकू उसकी छाती में जा लगा। जिसके कारण काफी खूब भी बह गया।

## पाठशाला प्रणेता मुनिश्री 108 अनुमान सागरजी महाराज का गुरुग्राम में होगा चातुर्मास

### गुरुग्राम से दिल्ली में अहिंसा स्थल जाकर जैन अनुयायियों ने लिया आशीर्वाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मुनिश्री 108 अनुमान सागरजी से आशीर्वाद लेते गुरुग्राम जैन समाज के सदस्य।

**पाठशाला** प्रणेता मुनिश्री 108 अनुमान सागरजी महाराज का गुरुग्राम में मंगल प्रवेश हो रहा है। वे यहां शनिवार की सुबह पदार्पण करेंगे। यहीं पर उनका चातुर्मास होगा। दिल्ली पहुंच चुके महाराजश्री से आशीर्वाद लेने के लिए श्रीदिगम्बर जैन कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य पहुंचे।

श्रीदिगम्बर जैन के प्रधान संदीप जैन ने बताया कि महाराज श्री युवाओं में धर्म की प्रभावना बढ़ाने के लिए कार्यरत हैं। बच्चों में बचपन से ही धार्मिक संस्कार डालने के लिए हर जगह पाठशाला का संचालन कराते हैं। गुरुदेव का मानना है कि धर्म सुरक्षित होगा तो देश सुरक्षित होगा। दिगम्बर मुनि किसी भी वाहन का उपयोग नहीं करते। वह हमेशा पद विहार करते हैं। चातुर्मास के लिए गुरुग्राम में पधारे गुरुदेव दिल्ली से पद विहार करते हुए शनिवार को गुरुग्राम के डीएलएफ स्थित जैन मंदिर में पधारेंगे।

महामंत्री श्रेयांश जैन ने बताया कि 25 जून रविवार को महाराजश्री डीएलएफ जैन मंदिर से सुबह 5:30 बजे चलकर 7 बजे महावीर पार्क जैन मंदिर में पहुंचेंगे। वहां से 7:30 बजे गाजे-बाजे के साथ गुरुदेव का मंगल प्रवेश श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जैकबपुरा में होगा। वहां पर 51 परिवारों द्वारा कलश स्थापना की जाएगी। फिर गुरुदेव मंगल प्रवचन देंगे। भगवान पार्श्वनाथ ऑडिटोरियम में होने वाले इस आयोजित की तैयारियां की जा रही हैं। कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि भव्य प्रवेश में बैंडबाजे, घोड़े शामिल होंगे। जैन समाज के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि महाराजश्री की चातुर्मास कलश स्थापना का 2 जुलाई को दोपहर 1 बजे से जैन बारादरी में भव्य कार्यक्रम होगा। उपप्रधान विनय जैन सीए, सह मंत्री पारस जैन ने जैन समाज के सभी श्रावकों से आग्रह किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर महाराजश्री से आशीर्वाद लें।

## साथ वाले प्लॉट की बेसमेंट खोदी तो झुकी इमारत, क्रेन से थामा

**गुरुग्राम।** यहां डीलएफ फेज-3 में एक इमारत इसलिए झुक गई कि उसके साथ वाले खाली प्लॉट को गहराई तक खोदा गया था। इमारत को गिरने से बचाने के लिए क्रेन को बुलाकर थामा गया।



डीएलएफ फेज-3 गुरुग्राम।

जानकारी के अनुसार डीएलएफ फेज-3 के यू ब्लॉक में 60 गज के प्लॉट में चार मंजिला इमारत बनाई गई है। इसके साथ वाले खाली प्लॉट पर इमारत बनाने के लिए खुदाई शुरू की गई। उसकी बेसमेंट खोदी गई थी। जिस कारण से चार मंजिला इमारत झुक गई। इमारत झुकने की सूचना मिलते ही लोगों में हड़कंप मच गया। इमारत को गिरने से बचाने के लिए क्रेन मंगाई गई और इमारत को सपोर्ट दिया गया। इस मामले में डीटीपी इंफोर्समेंट की ओर से प्लाट मालिक को नोटिस भी जारी किया गया है। बेसमेंट खुदाई के काम को बंद करवा दिया गया। डीटीपीई मनीष यादव की ओर से जानकारी दी गई है कि जिस प्लॉट में खुदाई का काम चल रहा था, वहां पर कोई नक्शानवीस और सुपरवाइजर नहीं था। कई तरह की जानकारियों प्लॉट मालिक से मांगी गई हैं। विभाग की ओर से इमारत मलिक को भी नोटिस भेजकर इमारत को खाली करने के साथ स्ट्रक्चर इंजीनियर से इमारत का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने को कहा गया है।

## रीना छावड़ी फिर बनीं नप की कार्यवाहक चेयरपर्सन

### रीना छावड़ी ने दूसरी बार चेयरपर्सन का कार्यवाहक कार्य संभाला

### शहरी हरियाणा निकाय विभाग ने रीना छावड़ी के लिए आदेश जारी किए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्कूल** के फर्जी प्रमाण पत्र मामाले के आरोप के चलते अंजू देवी की गैर मौजूदगी में वाइस चेयरपर्सन रीना छावड़ी को कार्यवाहक चेयरपर्सन नियुक्त किया। रीना छावड़ी के लिए शहरी हरियाणा निकाय विभाग ने आदेश जारी कर दिए थे। रीना छावड़ी ने शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में पहुंचकर चेयरपर्सन का कार्यभार संभाल लिया है।

मालूम रहे कि फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र के आरोप में राजस्थान के शहर जयपुर की जेल में बंद नगर परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी की गैरमौजूदगी में शहरी हरियाणा निकाय विभाग ने वाइस चेयरपर्सन रीना छावड़ी को कार्यवाहक नियुक्त कर दिया है। रीना छावड़ी ने दूसरी बार चेयरपर्सन का कार्यवाहक कार्य संभाला है। इससे पहले चेयरपर्सन अंजू देवी के शपथ न लेने से पहले तक कार्यवाहक चेयरपर्सन रही थी। चेयरपर्सन अंजू देवी 28 मई से राजस्थान की जेल में बंद है। जिनके ऊपर नगर परिषद चुनाव में प्रतिद्वंदी रहीं ललिता ने फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र के आधार पर चुनाव लड़ने का आरोप लगाया था। जिसको लेकर राजस्थान पुलिस द्वारा दर्ज मामले अभी अदालत में विचाराधीन है। अंजू देवी की राजस्थान हाईकोर्ट में दायर जमानत याचिका पर 26 जून को सुनाई होनी है।

### अंजू देवी ने 22 जून 2022 को जीता था चुनाव



**नगर** परिषद चेयरपर्सन अंजू देवी ने आज से ठीक एक साल पहले 22 जून 2022 को चुनाव जीता था। ठीक एक साल बाद वहीं 22 जून अंजू देवी को शहरी हरियाणा निकाय विभाग ने फर्जी स्कूल प्रमाण पत्र मामले में राजस्थान की जेल में 48 घंटे से अधिक समय जेल हिरासत में रहने के आरोप में सस्पेंड कर दिया है।



**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में रुके विकास के तथा कार्यालय संबंधित रुके हुए कार्यों को गति दी जाएगी। बारिश के मौसम में शहर के अंदर जलभराव की समस्या विराट बन चुकी है। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों की मदद से जल्द से जल्द समाधान निकाला जाएगा। नगर परिषद की नई सदन को बने एक साल हो गया है। लेकिन एक साल में जो विकास के कार्य होने चाहिए थे। वह नहीं हो सके और उन्हे जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा।

रीना छावड़ी

## ग्रामीण महिलाओं के लिए लगी फैशन डिजाइनिंग की कार्यशाला

**गुरुग्राम।** महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिए शुक्रवार को तीन दिवसीय ट्रेनिंग कम वर्कशाप की शुरुआत की गई। इस कार्यशाला का आयोजन फैकल्टी ऑफ फैशन डिजाइनिंग द्वारा सामाजिक विकास, एसजीटी का प्रयास (एसवीएसपी), आउटरीच कमेटी के तहत किया गया।



एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा हर साल, ग्रामीण महिलाओं के लिए तीन महिने की ट्रैनिंग का आयोजन किया जाता है, जिसमें उन्हें घर पर रह कर जो काम किए जा सकें। इन कार्यों में अगरबत्ती, दीप, धूप, बिन्दरवाल जैसी घर में उपयोग होने वाली चीजें बनाना, कपड़े सिलना, अलग-अलग प्रकार के व्यंजन तैयार करना, आदि सिखाया जाता है। इसके साथ ही जो महिलाएं घर से बाहर रह कर काम करना चाहती हैं, उन्हें भी यूनिवर्सिटी द्वारा प्लेसमेंट दी जाती है। एसजीटी यूनिवर्सिटी लगभग पांच सालों से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अग्रसर है। जिसके चलते अब तक लगभग 150 से भी अधिक महिलाओं को ट्रैनिंग दी जा चुकी है। जो आज के समय में अपने पति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बन चुकी हैं।

## खेलो गुरुग्राम से आम नागरिक और सरकार के बीच की खाई होगी खत्म : प्रदीप सिंह

### विभिन्न खेल, पर्यावरण और राजकीय स्कूलों में बुनियादी समस्याओं का निदान होगा

### आम नागरिकों को सरकार और अपने बीच में किसी प्रकार का अंतर नजर न आए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “**योजना** को बहुत ही जल्द शुरू करने के इरादे से कवायदें शुरू हो गई हैं। प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीणों के बीच आपसी भाईचारा के तहत बिना हिचक के व्यवहार को बनाया जाएगा। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाला प्रत्येक नागरिक अपने आपको सरकार से दूर न समझे।
>
> 
>
> प्रदीप सिंह (एसडीएम सोहना)

**खेलो** गुरुग्राम के माध्यम से गांव-गांव में विभिन्न प्रकार के खेल और पर्यावरण तथा राजकीय स्कूलों में बुनियादी समस्याओं को निदान किया जाएगा। योजना के तहत गांवों में पर्यावरण शुद्धीकरण के उद्देश्य से पौधारोपण किया जाएगा। राजकीय स्कूलों में शौचालय, पीने का पानी जैसी बुनियादी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अब प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव में जाकर ग्रामीणों के बीच में रहकर उनके स्वास्थ्य को अच्छा बनाने में सहयोग करेंगे।

इतना ही नहीं राजकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को स्कूल स्तर पर बुनियादी समस्याओं तलाशकर उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। ताकि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से लेकर वृद्ध नागरिकों को जीवन अच्छा और निरोग बन सके। आम नागरिकों को सरकार और अपने बीच में किसी प्रकार का अंतर नजर न आए।

**खेल का आयोजन :** ग्राम पंचायतों के गांव-गांव में खेलों का आयोजन कराया जाएगा। जिसमें खिलाड़ी से लेकर खिलाने वाले तथा खेलों का आनंद लेने वाले भी ग्रामीण होंगे। ग्रामीणों के बीच 6 से 7 प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं कराई जाएगी। जिसमें क्रिकेट से लेकर बालीवॉल, दौड़, एथेलेटिक्स आदि शामिल होंगे। प्रत्येक वर्ग और उम्र के अनुसार खेल कराएं जाएंगे।

**पर्यावरण को बढ़ावा:** खेलो गुरुग्राम के तहत गांवों में जल्द ही ऐसे स्थानों की सूची मांगी जाएगी। जहां पर ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण हो सके। जैसे राजकीय स्कूल, सामुदायिक भवन परिसर, चौपाल, खेल के मैदान, स्वास्थ्य केन्द्र, मवेशी अस्पताल परिसर आदि। जिसके लिए ग्रामीणों को अपने विशेष दिन चुनते हुए पौधारोपण कराया जाएगा। जैसे जन्मदिन, शादी की वर्षगाठ, महिलाओं का जन्म दिन विशेष दिन के उपलक्ष पर पौधारोपण करने का अवसर दिया जाएगा।

**राजकीय स्कूलों में बुनियादी समस्याएं :** ग्रामों में स्थित राजकीय स्कूलों में सीएसआर के तहत शौचालयों से लेकर रसोई, पेयजल की सुविधा आदि अन्य बुनियाद जरुरतों को पूरा किया जाएगा। ताकि विद्यार्थी को शिक्षा प्राप्ति के दौरान ये सुविधाएं मिल सकें।

## एक्सिस बैंक के बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने भारत में निजी क्षेत्र की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का अपडेट जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक्सिस** बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने 'बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500-स्पेशल रिपोर्ट' लॉन्च की, जो भारत में 500 सबसे मूल्यवान गैर सरकारी कंपनियों की सूची है। यह अपडेट स्पेशल लिस्ट छह महीने की अवधि (30 अक्टूबर, 2022 से 30 अप्रैल, 2023 तक) के दौरान शीर्ष 500 भारतीय कंपनियों के मूल्य में बदलाव को ट्रैक करती है।

पहली सूची '2022 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' एक दिसंबर, 2022 को जारी की गई थी। यह भारत में 500 सबसे मूल्यवान गैर सरकारी कंपनियों की सूची है, जिन्हें उनके मूल्य के अनुसार रैंक दिया गया है। सूचीबद्ध कंपनियों के मामले में इसे बाजार पूंजीकरण और गैर सूचीबद्ध के मामले में वैल्यूएशन के रूप में परिभाषित किया गया है। विशेष रिपोर्ट के लिए उपयोग की गई कट-ऑफ तारीख 30 अप्रैल, 2023 है। हुरुन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा, “हम एक साथ कई घटनाएं देख रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनियाभर में महंगाई बढ़ी है और अग्रणी केंद्रीय बैंकों ने अपनी प्रमुख उधार दरों में वृद्धि की है। इस चुनौतीपूर्ण समय के बीच बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500-स्पेशल रिपोर्ट में शामिल कंपनियों में पिछले छह महीनों में 6.4% की मामूली गिरावट देखी गई। इस अवधि के दौरान, बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 कंपनियों ने सेंसेक्स और नैस्डैक जैसे प्रमुख इंडेक्स की तुलना में खराब प्रदर्शन किया। इस अवधि में सेंसेक्स सपाट रहा, जबकि नैस्डैक ने प्रभावशाली तरीके से 30 अक्टूबर, 2022 से 30 अप्रैल, 2023 के बीच 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी। 500 कंपनियों में से 287 के कुल मूल्य में गिरावट आई, जबकि 14 स्थिर रहीं और 24 सूची से बाहर हो गईं। शीर्ष 10 कंपनियों का संयुक्त मूल्य 71.4 लाख करोड़ रुपये पर स्थिर रहा, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद के महत्वपूर्ण हिस्से के बराबर है। हुरुन इंडिया एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस बरगंडी प्राइवेट के साथ मिलकर बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500-स्पेशल रिपोर्ट को जारी करते हुए रोमांचित है। यह रिपोर्ट पिछले छह महीनों में शीर्ष 500 भारतीय कंपनियों के मूल्य में उतार-चढ़ाव को लेकर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। रिपोर्ट को लेकर निष्कर्ष देते हुए अनस ने कहा कि इन कंपनियों के नैरेटिव वास्तव में आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था के सार को समाहित करते हैं। बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500-स्पेशल रिपोर्ट-टॉप 10 कम्पनियां हैं- रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, इंफोसिस, आवास विकास वित्त निगम, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और लार्सन एंड टुब्रो। स्पेशल रिपोर्ट में कुछ सबसे मूल्यवान गैर सूचीबद्ध कंपनियां भी हैं।

## परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने के विशेष शिविर लगे

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने के लिए आज 23 जून से वार्डों व गांवों में 162 स्थानों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। 23 से 25 जून व 28 से 30 जून तक लगने वाले इन शिविरों में वार्षिक आय प्रमाणित करने के कार्य को छोड़कर दूसरी सभी त्रुटियां दूर करने सहित नए परिवार पहचान पत्र भी बनाए जाएंगे।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा परिवार पहचान पत्र डाटा सत्यापन कार्यक्रम जारी किया गया। इन शिविरों में अभी तक परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत होने से वंचित रहे परिवारों का पंजीकरण किया जाएगा। जन्म और दिव्यांग प्रमाण पत्र तुरंत अपलोड किये जायेंगे तथा मौके पर ही वार्षिक आय के अलावा किसी अन्य डाटा में सुधार भी किया जायेगा। एडीसी ने बताया कि परिवार पहचान पत्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसे सरकार की सभी योजनाओं व सेवाओं के लिए अनिवार्य किया गया है।

## तिलहन और दलहन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए बायोटेक्नॉलॉजी संधारणीय समाधान प्रतीत होती है

### डॉ. शिवेंद्र बजाज, कंसल्टैंट, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**भारत** 'मेक इन इंडिया' की अपनी प्रतिबद्धता के साथ कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। तो इसमें कृषि कैसे पीछे रह सकता है? हमारा देश कृषि वस्तुओं के सर्वोच्च उत्पादकों में से एक है, लेकिन फिर भी तिलहन और दलहन में पिछड़ रहा है। खाद्य तेल और दालों के महंगे निर्यात पर भारत की निर्भरता कम करने के लिए उत्पादन एवं उत्पादकता पर काफी बल दिया जा रहा है।

उत्पादन एवं उत्पादकता में सुधार के लिए हमें द्वितीयक कृषि को बढ़ावा देने के लिए मानव संसाधन के विकास एवं टेक्नॉलॉजी के समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। भारत सरकार ने 2025-26 तक तिलहन और दलहन का उत्पादन बढ़ाकर क्रमशः 54.1 मिलियन टन और 32.5 मिलियन टन करने का लक्ष्य स्थापित किया है, जो मौजूदा उत्पादन से लगभग 40 प्रतिशत ज्यादा है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि भारत में जितना खाद्य तेल खाया जाता है, उसका लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा आयात से प्राप्त होता है। भारत में तिलहन की प्रति हेक्टेयर पैदावार 10 क्विंटल है, जबकि विश्व में यह औसत 16 क्विंटल है। इसी प्रकार भारत में प्रति हेक्टेयर 660 किलोग्राम दालें उगाई जाती हैं, जबकि विश्व में यह औसत 909 किलोग्राम है। इसलिए फसल की उत्पादकता हमारे लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। डॉ. शिवेंद्र बजाज, कंसल्टैंट, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के अनुसार फसलों के विस्तार, ऊंचे मूल्य और किसानों को अच्छी गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवा के पैदावार और उत्पादकता में सुधार के लिए अनेक हस्तक्षेप करते हुए सरकार ने एक मुहिम छेड़ दी है। भारत दालों का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है। भारत में 2021-22 में प्रोटीन से भरपूर दालों का 25 से 27 मिलियन टन उत्पादन हुआ, जो पिछले दशक के मुकाबले 48 प्रतिशत ज्यादा था। और आयात घटकर 2.7 मिलियन टन रह गया। इसके बाद भी दालों के आयात पर 9 प्रतिशत निर्भरता है, जिसके इस दशक के अंत तक घटकर 3.6 प्रतिशत रह जाने की उम्मीद है। डॉ. शिवेंद्र बजाज, कंसल्टैंट, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के अनुसार हालाँकि कुछ समस्याएं भी उत्पन्न हुई हैं। इस साल दालें 4.3 प्रतिशत कम जमीन पर बोई गईं। जबकि तिलहन की खेती में 9 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। सरकार किसानों को ज्यादा पैदावार देने वाली बीजों की किस्में उपलब्ध करा रहा है। यह एक विशेष खरीफ रणनीति है।

## गौरवशाली भारत रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम लोक सभा मे 25 जून को होने वाली गौरवशाली भारत रैली को लेकर जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक भाजपा कार्यालय गुरु कमल पर संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सभी कार्यकर्ताओं की अलग-अलग जिम्मेदारियां तय करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृत काल के 9 वर्ष पूरे होने पर 25 जून को पटौदी हेली मंडी नई अनाज मंडी में होने वाली गौरवशाली भारत रैली ऐतिहासिक होगी।



लोकसभा रैली संयोजक गुरुग्राम के सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व रैली मे मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद, हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लव कुमार देव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। रैली को लेकर आमजन में जबरदस्त उत्साह है। मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण का रहा है प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी नीतियों से अंतोदय व सेवा के संकल्प को सर्वोपरि रखा है। अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाएं सुनिश्चित हो रही है। आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि रैली को लेकर जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने 22 जून को पटौदी विधानसभा के पटौदी मंडल, हेली मंडी मंडल, मानेसर मंडल की बैठक व पत्रकार वार्ता की। बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव कार्टरपुरी, पूर्व मेयर मधु आजाद, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, सोनाली मित्रा, सोनिया यादव, जयंती चौधरी, सुरेंद्र गहलोत, निधि राघव, हर्षवर्धन मित्तल, सह-मीडिया प्रमुख जयवीर यादव, नीरज यादव, मंडल अध्यक्ष नितिन शांडिल्य समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए अब स्टेडियम के बाहर तैनात रहेगी पुलिस : एसडीएम

### स्टेडियम परिसर में पैक पीने वालों की जल्द पहचान करके दर्ज होगा मामला

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** देवीलाल खेल स्टेडियम में असामाजिक तत्व व शराबियों के आने पर रोक लगेगी। स्टेडियम परिसर में पैक पीने वालों की जल्द पहचान करके मामला दर्ज कराया जाएगा। खिलाड़ियों के अभ्यास के दौरान स्टेडियम के आस पास पुलिस तैनात रहेगी।

स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में अभ्यास व खेल खेलने के लिए आने वाले खिलाड़ियों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी। खिलाड़ियों के लिए पेयजल से लेकर शौचालय और तीरंदाज खिलाड़ियों के लिए टीन शेड लगाया जाएगा। गुरुवार को एसडीएम प्रदीप सिंह के नेतृत्व में हुई खेल कमेटी की बैठक में कुछ अहम प्रस्तावों पर विचार किया गया। कमेटी सदस्यों द्वारा अलग-अलग प्रस्ताव रखे गए। जिनमें से तुरन्त प्रभाव से होने वाले विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई। जिनमें दीवार के नीचे से बरसाती पानी निकासी से हो रहा मिट्टी कटाव को रोका जाएगा। रात्रि के समय में एलईडी लाइटों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

तीरंदाजी कोर्ट के द्वार पर लोहे का गेट जल्द लगाया जाएगा। तीरंदाजी खिलाड़ियों को धूप, बारिश से बचाव के लिए टीन शेड लगाए जाएंगे। पवेलियन में टीन शेड के अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। स्टेडियम परिसर में खुले में शौच करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा।



देवीलाल खेल स्टेडियम में अभ्यास करते तीरंदाज खिलाड़ी।


**शराबी व असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर:** कमेटी की बैठक में प्राथमिकता के आधार पर असामाजिक प्रवृति व शराब पीकर अंदर जाने वालों पर रोक लगा दी गई है। इस प्रकार के व्यक्ति को खेल स्टेडियम में देखे जाने पर तुरन्त पुलिस कंट्रोल नंबर पर फोन घुमाकर शिकायत करने के आदेश एसडीएम ने दे दिए हैं। सुबह व शाम खेल स्टेडियम के आस पास पुलिस की ईवीआर या पीसीआर तैनात रहेगी। जिससे कंट्रोल नंबर पर कॉल आने के चंद मिनट में असामाजिक तत्व व शराबी को पकड़ा जा सके।

> “**खिलाड़ियों** को अभ्यास के लिए सभी प्रकार की सुरक्षा देने से लेकर उनकी मूलभूत सुविधाओं में कमी नहीं आने दी जाएगी। असामाजिक तत्व व शराबियों से निपटने के लिए पुलिस को सूचित कर दिया है।
>
> प्रदीप सिंह (एसडीएम सोहना)

# स्थाई मान्यता वाले सभी निजी स्कूलों को रिव्यू करानी होगी मान्यता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## मंच का आरोप, स्कूल संचालकों के दबाव में हरियाणा सरकार इस नियम को हटा देगी



**माध्यमिक** शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर 10 साल पुराने सभी निजी स्कूलों की स्थाई मान्यता की समीक्षा का निर्देश दिया है। इसके साथ ही एचबीएसई और सीबीएसई को पत्र भेजकर कहा है कि बगैर समीक्षा के किसी भी स्कूल की आगे मान्यता न बढ़ाई जाए।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबंधित सभी 10 साल पुराने निजी स्कूलों को ऑनलाइन फार्म-2 भरने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मान्यता का नवीनीकरण किया जा सके। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने जहां एक ओर सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है, वहीं दूसरी ओर स्कूल संचालक सरकार के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि स्कूल संचालक हमेशा कहते हैं कि वे सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा नियमावली के सभी नियम कानूनों का पालन कर रहे हैं। लेकिन अब वे शिक्षा नियमावली के इस नियम का विरोध क्यों कर रहे हैं। मंच का कहना है कि स्कूल संचालक हर उस नियम व आदेश का विरोध करते हैं और उसको नहीं मानते हैं जो उनके हितों के खिलाफ होता है या जिनकी वजह से उनके नियम विरुद्ध कार्यों की पोल खुलती है। मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा व लीगल एडवाइजर एडवोकेट बीएस विरदी ने कहा है कि हरियाणा शिक्षा नियमावली-2003 में साफ-साफ लिखा हुआ है कि हरियाणा की धरती पर सीबीएसई, हरियाणा बोर्ड या अन्य किसी भी बोर्ड के जितने भी स्कूल संचालित हैं, उनको शिक्षा नियमावली-2003 के सभी नियम कानूनों को मानना होगा। शिक्षा नियमावली का एक नियम यह है कि स्थाई मान्यता प्राप्त सभी प्राइवेट स्कूलों को हर 10 साल बाद अपनी मान्यता का नवीनीकरण कराना होगा।

फिर क्यों स्कूल संचालक इस नियम का पालन करने का विरोध कर रहे हैं? इससे पहले भी शिक्षा विभाग ने शिक्षा नियमावली के नियम के तहत ही स्कूल संचालकों से फार्म-6 के सभी कॉलमों व बिंदुओं पर पिछले तीन सालों में प्रत्येक क्लास के छात्रों के अभिभावकों से वसूली जा रही फीस व फंड्स, रिजर्व व सरप्लस फंड्स, अध्यापकों को दी जा रही सैलरी व अन्य का ठीक प्रकार से ब्यौरा मांगा था, जो आज तक अधिकांश स्कूल संचालकों ने नहीं दिया है। जिन्होंने दिया है, वह आधा अधूरा व सही नहीं दिया है।

कैलाश शर्मा ने कहा है कि बैंक में भी खाताधारकों से कई बार केवाईसी फार्म पर ब्यौरा मांगा जाता है, जिसे खाताधारक देते हैं। अब केंद्र सरकार ने 10 साल पुराने हो चुके आधार कार्ड होल्डरों से आधार कार्ड का नवीकरण कराने को कहा है, जिसे लोग करा रहे हैं। अब प्रश्न यह है कि अभिभावक व एक आम आदमी तो सभी नियम कानूनों का पालन करता है। लेकिन प्राइवेट स्कूल संचालक किसी भी नियम को नहीं मान रहे हैं। इसका कारण साफ है कि स्कूल संचालक जानते हैं कि मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री हर बार की तरह उनके विरोध के आगे झुक जाएंगे और उनकी मांगों को मान लेंगे।

मंच ने कहा है कि स्कूल संचालकों के दबाव में और उनके हित में इस भाजपा सरकार ने शिक्षा नियमावली में अब तक इतने संशोधन कर दिए हैं कि आज शिक्षा नियमावली सिर्फ कागजी नियमावली बन गई है। मंच का आरोप है कि स्कूल संचालकों के दबाव में हरियाणा सरकार अब शिक्षा नियमावली के इस नियम को भी हटा देगी, जिसमें कहा गया है कि स्थाई मान्यता प्राप्त सभी प्राइवेट स्कूलों को हर 10 साल बाद अपनी मान्यता का नवीनीकरण कराना होगा।

# फुटओवर ब्रिज बनने से लाइन पार लोगों को आवागमन में होगी आसानी

## विधायक ने किठवाडी रेलवे पुल के साथ फुट ओवर ब्रिज का किया शिलान्यास


पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**विधायक** दीपक मंगला ने शुक्रवार को करीब एक करोड़ रुपए की लागत से रेलवे फुट ओवर ब्रिज व गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों में 54 लाख रुपये की लागत से किठवाड़ी रेलवे पुल चौकी के नजदीक रेलवे लाइन के ऊपर बनने वाले फुट ओवर ब्रिज तथा 46 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर-04 कैलाश नगर में दो गलियों के निर्माण कार्य शामिल हैं।

दीपक मंगला ने कहा कि रेलवे पार की आबादी की यह वर्षों पुरानी मांग थी। गौरतलब है कि रेलवे लाइन की दोनों तरफ की आबादी का एक दूसरी तरफ आना जाना लगा रहता है और रेलवे क्रॉसिंग के दौरान अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती थीं। जिसे देखते हुए भारतीय रेलवे ने किठवाडी रेलवे पुल के नीचे चारदीवारी लगाकर आवाजाही भी बंद कर दी थी। लोगों की असुविधा को देखते हुए विधायक दीपक मंगला ने विधानसभा में फुट ओवर ब्रिज की मांग रखी थी। लोगों की असुविधा के मद्देनजर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए थे, जो आज पूरे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और पुल के नीचे के व्यापारियों की आकांक्षा पूरी होने जा रही है और फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। यह फुटओवर ब्रिज आगामी छह महीने में बनकर तैयार हो जाएगा, जिससे रेलवे लाइन पार मोहन नगर, राजीव नगर, कैलाश नगर, शमशाबाद, इस्लामाबाद की बहुत बड़ी आबादी के आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि पलवल विधानसभा में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सरकार सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर चहुंमुखी विकास कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में पलवल जिले में विकास का पहिया तेज गति से घूम रहा है। इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन डॉ. यशपाल, पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, अविनाश शर्मा, पार्षद सत्यप्रकाश, पार्षद विकास, राजेंद्र हवलदार, पार्षद विनोद राणा, पार्षद देवेंद्र, पार्षद हरकिशन तेवतिया, पार्षद रविंद्र खेड़ी सहित अन्य वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे।

# होडल में सड़कों के निर्माण का किया शिलान्यास



**पलवल।** होडल के विधायक एवं हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम के चेयरमैन जगदीश नायर ने शुक्रवार को होडल में लगभग चार करोड़ रुपये के विकास कार्य का शिलान्यास किया। विधायक जगदीश नायर ने अपने विधानसभा क्षेत्र में भिडूकी से पेंगलतू रोड के चौड़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लंबाई लगभग पौने चार किलोमीटर है। इसकी एक करोड़ 47 लाख रुपये की लागत आएगी। इसी दौरान उन्होंने गांव पेगलतू से गौडोता लिंक रोड, जिसकी लंबाई 2 किलोमीटर है और जिस पर एक करोड़ तीन लाख रुपये का खर्चा आएगा, उसका भी शिलान्यास किया। इसी कड़ी में उन्होंने गांव कामरका से नखरौला रोड, जिसकी लंबाई डेढ़ किलोमीटर है और जिस पर 31 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक जगदीश नायर ने चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में हसनपुर से यमुना घाट जिसकी लंबाई डेढ़ किलोमीटर है, जिस पर एक करोड़ 10 लाख रुपये की लागत आई है, उसका विधिवत उद्घाटन किया।

# पलवल में कार का शीशा तोड़कर 11 लाख उड़ाए

## बिल्डिंग मैटीरियल की दुकान पर खड़ी थी ठेकेदार की गाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**पुराना** जीटी रोड पर बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर की दुकान पर खड़ी एक गाड़ी का शीशा तोड़कर बाइक सवार युवक 11 लाख रुपये निकालकर ले गए। वारदात के बाद हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना के बाद शहर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उनकी तलाश शुरू कर दी।

सिटी थाना प्रभारी तेजपाल के अनुसार यादूपुर गांव निवासी ठेकेदार भीष्म ने दी शिकायत में कहा कि उसने आगरा चौक स्थित एचडीएफसी बैंक से सात लाख रुपए निकाले थे। वह माल गोदाम रोड स्थित मंगला स्टील की दुकान पर गया और वहां से उसने तीन लाख रुपए और लिए। एक लाख रुपये पहले से उसके पास थे। उसने 11 लाख रुपये एक बैग में रखकर अपनी गाड़ी में रख दिया और अपने काम से चल दिया।

वह पुराना जीटी रोड स्थित यश बिल्डिंग मैटीरियल सप्लायर की दुकान पर गया। गाड़ी को बाहर खड़ी करने के बाद दुकान के अंदर चला गयाा। जब वह चंद मिनट बाद वापस आया तो देखा की उसकी गाड़ी की साइड वाली खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। उसने जब गाड़ी में रखे अपने पैसों को चैक किया तो वहां से गायब थे।

आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी कार का शीशा तोड़कर कार में रखे 11 लाख रुपए निकाल लिए और लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की

ठेकेदार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों में बाइक पर तीन युवक आते दिखाई देते है, जिनमें से दो युवक बाइक पर खड़े रहते है और एक युवक कार का शीशा तोड़ते हुआ दिख रहा है। शहर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## रोटी बैंक की ओर से बच्चों को कराया योग



**फरीदाबाद।** नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रोटी बैंक सेक्टर-19 द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान व भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट के चेयरमैन जेपी मल्होत्रा मुख्य अतिथि थे, जबकि कार्यक्रम में सेक्टर व आसपास के क्षेत्रों के 200 से अधिक लोगों ने एकजुट होकर योग गुरू प्रेम चंद गुप्ता व सर्वंग योगा के सदस्यों व समाजसेवी सुशील कुमार के साथ योग किया। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जेपी मल्होत्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है, जो राइजिंग व ग्रोइंग भारत की पहचान है। उन्होंने कहा कि 200 देशों में योग को एक नई पहचान मिली है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल के प्रयासों से ही संभव हो सका। मल्होत्रा ने बताया कि फरीदाबाद में 100 से अधिक स्थानों तक योग किया गया और सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इन योग शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारी, राजनेता, विद्यार्थी, महिलाएं तथा सभी वर्गों, धर्मों व जातियों के लोग शामिल हुए। टोनी पहलवान ने कहा कि योग से शारीरिक व सामाजिक रूप से समन्वय बनता है। योग न केवल शरीर को निरोगी रखता है, बल्कि एक जगह योग के लिये एकत्रित होने से सामाजिक स्तर पर भी सुदृढ़ता आती है।

## अधिकारियों ने किया कैडेट्स के प्रशिक्षण का निरीक्षण



**पलवल।** 4 हरियाणा गर्ल्स बटालियन की यूनिट का डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रामअवतार यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यूनिट में डीजी एनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह, एडीजी मेजर जनरल विनोद कुमार एवं ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर हरवीर सिंह द्वारा यूनिट का निरीक्षण किया गया व यूनिट को हर पहलू से दुरुस्त पाया गया। इस अवसर पर यूनिट का पूरा स्टाफ, यूनिट की एएनओ व सीटीओ भी मौजूद रहे। यूनिट के विभिन्न स्कूल व कॉलेज से आए हुए कुछ कैडेट्स द्वारा डीजी एनसीसी के सामने सलामी शस्त्र की कार्रवाई की गई तथा इन कैडेट्स को डीजीएनसीसी द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन यूनिट के सूबेदार मेजर रामू सिंह द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय पदक जीतने पर प्रशांत योगी का किया सम्मान



**पलवल।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल में योगासन नर्सरी का प्रशांत योगी छात्र का पलवल पहुंचने पर फूलमाला से सम्मान हुआ। 18 से 20 जून को भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय योग ओलंपियाड का आयोजन हुआ था। जिसमें प्रशांत ने अपने 17 वर्ष से नीचे के आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर पलवल हरियाणा का नाम रोशन किया है। यह छात्र सरकार द्वारा अधिकृत योगासन नर्सरी योग भवन निकट मुस्कान गार्डन गांधी आश्रम गांधी कॉलोनी का प्रबुद्ध छात्र है तथा कठिन परिश्रम से यह उपलब्धि प्राप्त की है। तूमसरा गांव निवासी प्रशांत योगी ने बताया कि उनके गुरु गुरमेश योगाचार्य व राजबाला योगा कोच ने तैयारी कराई। इस जीत का श्रेय दोनों को दिया है। इस अवसर पर धर्मवीर, दशरथ शर्मा, सतबीर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने प्रशांत को बधाई दी।

## चोरी के आरोपी को बॉर्डर की टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने घर से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मुकेश है, जो फरीदाबाद की राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। टीम एएसआई सुरेश मलिक, सरेश सिपाही सुशील और जगबीर ने आरोपी को सूचना पर रेड कर समयपुर चुंगी से काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में थाना सेक्टर-58 के चोरी के मामले में लैपटॉप बरामद किया गया है। आरोपी ने पूर्व में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पर अवैध हथियार का मामला भी दर्ज है। वह सैलून की दुकान पर काम करता है तथा नशा करने का आदि है। नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## कॉलेज जा रही युवती की सड़क हादसे में हुई मौत

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर पृथला गांव के निकट बने फ्लाईओवर के पास अज्ञात वाहन ने कॉलेज जा रही महिला को टक्कर मार दी। दुर्घटना में लगी चोटों के कारण महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार नाई नंगला गांव निवासी इंद्राज ने दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी बेटी कविता की शादी वर्ष 2016 मे गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार निवासी राकेश के साथ की थी। लेकिन पिछले करीब चार वर्ष से उसकी बेटी उसके पास ही पलवल में रह रही थी।

# त्रिखा कॉलोनी में चलाया नशा मुक्ति जागरुकता अभियान



**फरीदाबाद।** हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत एसीपी तिगांव राजेश लोहान के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्रवासियों को जागरूक करने के लिए फरीदाबाद के सेक्टर-2 त्रिखा कॉलोनी पहुंची। इस अवसर पर उनके साथ थाना प्रबंधक शहर बल्लभगढ़ सतीश कुमार, वरिष्ठ नागरिक सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता, अग्रवाल कॉलेज से नुक्कड़ नाटक की टीम तथा मेट्रो अस्पताल से साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर आस्था सक्सेना, अरविंद गुप्ता, हिमांशु भट्ट, राहुल गिरी, बलराम व स्थानीय लोग मौजूद रहे। अग्रसेन चौक प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार व इलाका के मुख्य लोग आरडब्लूए त्रिखा कॉलोनी, प्रधान बालकिशन, दयाचंद शर्मा, मास्टर सतीश सदाना, संदीप चाहर, अजय भाटी, टीआर शर्मा, शरदाराम फोरमैन शुभलेस मलिक व करीब 700 लोग व स्थानीय लोग मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीम सेक्टर-2 त्रिखा कॉलोनी पहुंची, एसीपी राजेश लोहान के नेतृत्व में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद के साथ पुलिस टीम ने आमजन को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया।

# वैश्य अग्रवाल मित्र मंडल ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

## विवाह योग्य युवक-युवतियों की परिचय पुस्तिका का किया विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**वैश्य** अग्रवाल समाज की सेवा में समर्पित संस्था वैश्य अग्रवाल मित्र मंडल फरीदाबाद द्वारा वैश्य अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों की परिचय पुस्तिका-2023 के विमोचन का कार्यक्रम सूरजकुंड रोड स्थित, वृंदावन ग्रैंड के प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के रूप में आए न्यायाधीश एएस मंगला, सुमन मंगला, हरको बैक के चेयरमैन ठाकुर हुकुम सिंह भाटी, संस्था के प्रधान मुंशीलाल अग्रवाल, राकेश गर्ग वृंदावन स्वीट्स, अंकुश नरेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, ओपी बंसल, युगल मित्तल, गोविंद गोयल एडवोकेट, सीमा जैन आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। उपस्थित अग्र बंधुओं द्वारा महाराजा अग्रसेन की सामूहिक आरती से संपूर्ण वातावरण अग्रसेनमय हो गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों के मेधावी व होनहार बच्चों को संस्था द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें निपुण गुप्ता, प्राची अग्रवाल,यश जैन, नवोदिता अग्रवाल, तनिष्क अग्रवाल, मोक्ष गुप्ता, कृतिका अग्रवाल, शुभम गोयल, दिशा अग्रवाल को शिक्षा के क्षेत्र में तथा युवांस गुप्ता, रियांश गुप्ता तथा इशिका गुप्ता को खेलों में जिला और राष्ट्रीय लेवल पर पदक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रधान मुंशी लाल अग्रवाल व राजकुमार गुप्ता, ओम प्रकाश बंसल, एडवोकेट गोविंद गुप्ता, बीएल अग्रवाल, आनंद गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, विपुल गर्ग, सत्यदेव गुप्ता, सुरेंद्र मित्तल, जयचंद अग्रवाल, अजय कुमार बंसल, गौरव कुमार, असीम गुप्ता, नीरज गर्ग, मूलचंद गर्ग, श्याम सुंदर गोयल, गोविंद गोयल एडवोकेट ने सभी का स्वागत किया।समारोह में फरीदाबाद की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं एनसीआर के गणमान्य लोगों में विनेश अग्रवाल, राकेश गर्ग, महेश मित्तल, मास्टर दुलीचंद अग्रवाल, उमाशंकर गर्ग, कैलाश चंद गर्ग, कन्हैया लाल गर्ग, मुरारी लाल गर्ग, सुरेंद्र मित्तल, विनोद गर्ग, मनीष अग्रवाल, विनोद अग्रवाल एडवोकेट, लक्की सिंगला एडवोकेट, प्रमोद गुप्ता एडवोकेट, पीसी गुप्ता, विजय बंसल, नानक चंद अग्रवाल, रवि गुप्ता, पंकज गोयल, जयप्रकाश अग्रवाल, तेजपाल गर्ग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# फोर्टिस में खुला आधुनिक कैंसर संस्थान मरीजों को मिलेंगी अधिक सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फोर्टिस** एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने कैंसर मैनेजमेंट में और विस्तार के मकसद से एक अत्याधुनिक कैंसर इंस्टीट्यूट खोला है, जो मरीजों की देखभाल पर केंद्रित उन्नत मेडिकल संस्थान है। संस्थान का शुभारंभ अनिल विनायक, ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, फोर्टिस हैल्थकेयर, डॉ मोहित शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी, ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल फरीदाबाद, मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर एवं योगेंद्र नाथ अवधिया, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद ने अन्य क्लीनिशियंस की उपस्थिति में किया।

यह इंस्टीट्यूट वास्तव में, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली नवीनतम सुविधा है, जिसमें सात बिस्तरों वाला डे-केयर सेंटर है। इसमें कैंसर मरीजों के लिए स्पेश्यलाइज्ड ओंकोलॉजी सेवाओं के अलावा एक कुशल ओंकोलॉजी टीम तैनात है और साथ ही, अत्याधुनिक मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर भी उपलब्ध है।

कैंसर मरीजों की देखभाल तथा उनके लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखते हुए, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने एक कैंसर सरवाइवर मीट भी आयोजित की, जो कैंसर जैसे खतरनाक रोग से लड़ने की उनकी क्षमता का जश्न मनाते हैं। कैंसर सरवाइवर मीट में कई पुराने कैंसर मरीज, जो इस जंग में जीत चुके हैं, मेडिकल प्रोफेशनल्स और अन्य कई विशिष्ट मेहमानों ने हिस्सा लिया। इसमें 50 कैंसर सरवाइवर्स शामिल हुए और उन्होंने कैंसर के खिलाफ अपने चुनौतीपूर्ण सफर और इस रोग पर जीत से जुड़े अनुभवों को उपस्थित लोगों के साथ साझा किया।

डॉ. मोहित शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी, ओंकोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल फरीदाबाद ने कहा, प्रिसीजन ओंकोलॉजी इस नए फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट की प्रमुख पहचान होगी। जो कैंसर के उपचार और मैनेजमेंट के लिए व्यापक सेवाएं प्रदान करेगा। कैंसर के मामले फरीदाबाद में काफी अधिक हैं, खासतौर से यहां मरीजों में फेफड़े, स्तन, पौरुष ग्रंथि (प्रोस्टेट) तथा हेपेटोबिलियरी कैंसर के अधिक मामले सामने आते रहे हैं। कैंसर का शीघ्र निदान और समय पर उपचार होने से मरीजों की रिकवरी और उनके जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

## छत पर चढ़े सांड ने मचाया उत्पात, गोरक्षकों ने उतारा नीचे


**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की सुभाष कॉलोनी में एक सांड मकान की छत पर चढ़ गया। छत पर चढे सांड को देखने के लिए आस-पास लोगों का हुजूम लग गया। लोगों ने गो रक्षा दल के सदस्यों को फोन कर बुलवाया। मौके पर और गोरक्षकों ने एक घंटे की मेहनत के बाद सांड को नीचे उतारा।

गोरक्षक शिवा दहिया की मानें तो उन्हें सूचना मिली थी कि सुभाष कॉलोनी के एक घर में छत पर सांड चढ़ गया है। वे मौके पर पहुंचे और सांड को छत से नीचे उतारा। आसपास के लोगों का कहना है कि पूरे शहर में आवारा पशु घूमते रहते हैं और आए दिन किसी न किसी को चोट मारकर नुकासान पहुचाते हैं। प्रशासन इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं देते। आए दिन किसी न किसी को चोट लगती रहती है।

# पाइनवुड इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल में शुरू हुआ एनसीसी का कैंप

## शिविर में पांच जिलों के कैडेट्स ले रहे हैं भाग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**01 हरियाणा** नौसेना इकाई एनसीसी फरीदाबाद के नौसेना एनसीसी कैडेट के लिए संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 21 से 30 जून तक पाइनवुड इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल पावटा फरीदाबाद में लगाया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ कप्तान विवेक कुमार ने किया।

शिविरि में 01 हरियाणा नौसेना इकाई एनसीसी के कुल 660 कैडेट हरियाणा प्रदेश के पांच जिलों फरीदाबाद, पलवल, झज्जर, सोनीपत, पानीपत से भाग लेंगे। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में चरित्र, साहस, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना, खेल भावना और नि:स्वार्थ सेवा के आदर्श को विकसित करना है। ताकि एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन को पूरा करने के लिए जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। इसके लिए उद्घाटन भाषण, कैंप कमांडेंट कैप्टन विवेक कुमार द्वारा एनसीसी के महत्व, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के मूल्यों के बारे में दिया गया। शिविर में सैद्धांतिक, व्यावहारिक, सामान्य ज्ञान और एनसीसी की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और पहली बार एनसीसी एक्सपा इंडिया, एसडी और एसडब्ल्यू कैडेट्स के लिए डिजाइन की गई हैं।

वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान कैडेट्स को विभिन्न गतिविधियों जैसे ड्रिल, सीमैनशिप, सिकंदरा, फायरिंग, फायर फाइटिंग, फर्स्ट एड, शिप मॉडलिंग आदि में प्रशिक्षित किया जाएगा। कैडेट्स को खुश और प्रेरित रखने के लिए शिविर में सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों की भी योजना बनाई गई है।

# बंगाल में हिंसा

## खतरे में लोकतंत्र

**पश्चिम बंगाल** में पंचायत चुनाव के पहले हिंसा व्यापक रूप से फैली है तथा लोगों को धमकियां दी जा रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय की अवकाश पीठ ने कोलकाता उच्च न्यायालय का फैसला सही माना है। इसके बाद पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव केन्द्रीय सुरक्षा बलों की निगरानी में होंगे। केन्द्रीय बल 8 जुलाई को निष्पक्ष व स्वतंत्र पंचायत चुनाव सुनिश्चित करेंगे। उनकी तैनाती केवल मतदान केन्द्रों पर न होकर पूरे राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए होगी। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि राज्य में स्थानीय चुनावों के दौरान 'हिंसा का इतिहास' रहा है। बंगाल में पंचायत चुनाव एक बहुत बड़ा कार्यक्रम है जिसमें लगभग 75,000 सीटों पर चुनाव होते हैं। राज्य में केवल एक दिन 61,636 बूथों पर मतदान होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि 'चुनाव करवाना हिंसा की अनुमति नहीं हो सकता है।' इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने प्रभावी रूप से राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की भूमिका जैसे अपने हाथ में ले ली है। सर्वोच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल का यह तर्क खारिज कर दिया कि 61,000 बूथों में से केवल 189 की पहचान संवेदनशील बूथों के तौर पर हुई है और इस तथ्य को अनदेखा किया गया है कि राज्य के पास 189 बूथों पर नजर रखने के लिए 50,000 से अधिक पुलिसकर्मी हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अदालतों को हर स्तर पर हस्तक्षेप करना पड़ता है, जबकि आदर्श रूप से यह दायित्व निर्वाचन आयोग का है जो केन्द्र व राज्य सरकारों को ऐसा माहौल बनाने के लिए



उपयुक्त व्यवस्थायें करने का निर्देश दे सकता है जिसमें लोग निर्भय होकर अपने वोट डाल सकें।
लेकिन निश्चित रूप से कांग्रेस के इस दावे में दम है कि राज्य में भय का माहौल है। भाजपा के 1,500 उम्मीदवारों समेत लगभग 4,800 उम्मीदवारों ने नामांकन वापसी के आखिरी दिन अपने नामांकन वापस ले लिए। इनमें से अनेक ने नाम वापसी के पीछे 'दबाव' का कारण बताया है। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जारी हिंसा के बीच अब चुनाव मैदान में केवल लगभग 2 लाख उम्मीदवार बचे हैं। मुर्शिदाबाद के बुरवान में खंड विकास कार्यालय के बाद हमले में एक भूतपूर्व विधायक समेत कांग्रेस के पांच कार्यकर्ता घायल हुए। यह हिंसा उम्मीदवारों से उनके चुनाव दस्तावेज छीनने के बाद हुई। भाजपा और कांग्रेस ने उम्मीदवारों को पार्टी कार्यालयों में रखा है या टीएमसी गुंडों से उनकी रक्षा के लिए शिविर बनाए हैं। आरोप है कि टीएमसी के लोग उनको नामांकन वापस लेने के लिए धमकी दे रहे हैं। कुल 670 निर्दलीयों ने भी अपने नाम वापस ले लिए हैं। इनमें अनेक टीएमसी कार्यकर्ता शामिल हैं जो टिकट न मिलने के बाद निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरे थे। स्थिति इतनी खराब है कि बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी विरोध में बीडीओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उनका आरोप है कि बुरवान में सीटें जीतने के लिए 'टीएमसी-समर्थित गुंडे' अशांति पैदा कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनाव में हिंसा एक खतरनाक संकेत है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं। हिंसा का दुष्चक्र तोड़ने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें राजनीतिक ध्रुवीकरण को संबोधित करते हुए कानून-व्यवस्था मजबूत करना शामिल हो। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है कि टीएमसी कार्यकर्ता मतदान प्रक्रिया में बाधा न डालें। बंगाल देश के कुछ राज्यों में है जहां जमीन पर लोकतंत्र फल-फूल रहा है, पर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह स्वतंत्र व निष्पक्ष हो तथा दबाव से प्राप्त न किया गया हो क्योंकि इससे पूरी प्रक्रिया दूषित होती है।

# विनाशकारी होगी एमएसपी गारंटी

## अपने उत्पाद कहीं भी बेचने की स्वतंत्रता से असहाय छोटे व सीमान्त किसानों को लाइसेंसशुदा व्यापारियों, अढ़तियों व बड़े किसानों के गठजोड़ से मुक्ति पाने का अवसर मिलेगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



हरियाणा में किसान यूनियन नेताओं ने सूरजमुखी बीजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी प्राप्त करने के लिए आंदोलन किया जिससे राज्य सरकार को उनकी मांग मानने का फैसला करना पड़ा। लेकिन नेताओं का कहना है कि देश भर में एमएसपी गारंटी प्राप्त करने के लिए उनका आंदोलन जारी रहेगा। तीन केन्द्रीय कानूनों के खिलाफ 2020-2021 में साल भर चले प्रदर्शन के दौरान मुख्यत: पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों की एक प्रमुख मांग एमएसपी की विधिक गारंटी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 19 नवंबर, 2021 को इन कानूनों की वापसी की घोषणा के बाद यह आंदोलन समाप्त हुआ। लेकिन क्या किसान अपनी इस मांग का प्रभाव समझते हैं? एमएसपी किसी फसल के लिए 'न्यूनतम मूल्य' है जिसे सरकार किसानों के लिए लाभकारी मानती हो और इसमें उसके 'समर्थन' की आवश्यकता हो। सरकार ने कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की संस्तुतियों के आधार पर खरीफ और रबी मौसम की 23 फसलों के लिए एमएसपी की घोषणा की है। यह आयोग कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली एक विधिक संस्था है। भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकारी एजेंसियां किसानों से एमएसपी पर गेंहूं, चावल-धान तथा मोटे अनाज खरीदती हैं। वे नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया-नाफेड के माध्यम से दालों और तिलहन जैसी फसलें भी खरीदती हैं। लेकिन वे सभी फसलें नहीं खरीदी जाती हैं जिनके लिए एमएसपी की घोषणा हुई हो।

राज्य एजेंसियों द्वारा खाद्यान्नों की खरीद का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत 800 मिलियन से अधिक लाभार्थियों को 1,2,3 रुपये किलो की सस्ती कीमतों पर अनाज उपलब्धता सुनिश्चित करना है। एमएसपी के अलावा सरकार अनाजों की हैंडलिंग, भंडारण व वितरण का खर्च भी सब्सिडी के माध्यम से देती है। सरकार किसानों को एमएसपी 1960 के दशक में जारी एक 'कार्यकारी आदेश' के अंतर्गत देती है और इसका समर्थन किसी कानून द्वारा नहीं है। यदि सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का निर्णय करती है तो क्या होगा? किसान चाहते हैं कि एमएसपी वाली घोषणा की सभी 23 फसलों के लिए यह गारंटी मिले। इस मांग का विस्तार सभी फसलों, वास्तव में सभी कृषि उत्पादों तक हो सकता है।

आज सरकारी एजेंसियों के अलावा किसानों के उत्पादों की खरीद निजी व्यापारी, प्रसंस्करणकर्ता व एग्रीगेटर्स तथा निर्यातक, आदि भी करते हैं। जब एमएसपी के लिए कानून होगा तो कोई भी खरीद न्यूनतम के नीचे नहीं की जा सकेगी। ऐसे में ये सभी किसानों से खरीद करने में डरेंगे। भला कोई जेल जाने का खतरा क्यों उठाना चाहेगा? ऐसे में निजी सप्लायरों का बड़ा हिस्सा या 'सभी' किसानों को छोड़ देंगे। ऐसे में किसानों की फसलें खेतों में बरबाद होने का खतरा पैदा हो जाएगा। बात यही समाप्त नहीं होती है। निजी उद्यमों द्वारा खरीद-बिक्री न करने के कारण फसलों का बड़ा हिस्सा बाजारों में नहीं पहुंच सकेगा। इससे खाद्यान्नों की भारी कमी पैदा होगी जिससे उनकी कीमतों व मुद्रास्फीति में 'असाधारण' वृद्धि होगी। ऐसे में मूल्यवृद्धि रोकने का कोई राजकोषीय या मौद्रिक उपाय सफल नहीं होगा। ऐसे में किसानों को उम्मीद होगी कि उनका कुल उत्पाद 'कानूनी गारंटी' के चलते सरकार द्वारा खरीदा जाए। क्या सरकार इस स्थिति से निपटने को तैयार होगी? यह लगभग असंभव होगा।

कृषि उत्पाद का कुल मूल्य 2023-24 के स्तर पर लगभग 33,00,000 करोड़ था। केन्द्र सरकार को यह गारंटी मानने पर 2023-24 में अपने 45,00,000 करोड़ बजट का लगभग 75 प्रतिशत केवल किसानों के कृषि-उत्पाद खरीदने पर खर्च करना पड़ेगा। बाकी बची 12,00,000 करोड़ की धनराशि रक्षा, कानून-व्यवस्था तथा कर्मचारियों के वेतन-भत्ते खर्च करने के लिए ही काफी होगी। ऐसे में ढांचागत संरचना व अन्य विकास कार्यों तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसा ही नहीं बचेगा। हर साल किसानों के लिए कृषि निवेशों, जैसे उर्वरकों, सिंचाई, बीजों व कर्ज, आदि के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये जाते हैं। इन सबसे किसानों को उत्पादन लागत घटाने में सहायता मिलती है। एमएसपी भुगतान के बाद ऐसे सभी समर्थन बंद हो जाएंगे। फाइनेंसिंग के अलावा राज्य एजेंसियों के पास वर्तमान समय में केवल 'सीमित' मात्रा में खरीद का ढांचा है जिसके कारण खाद्यान्नों की भारी बरबादी होती है। ऐसे में उस परिदृश्य की कल्पना करना ही भयावह है जब सरकार को किसानों द्वारा बिक्री के लिए उपलब्ध कराए सारे कृषि उत्पाद खरीदने तथा उनको भंडारण की व्यवस्था करनी पड़े। इससे जुड़ा सवाल यह भी है कि राज्य एजेंसियां इतने भारी भंडार का क्या करेंगी? वे इसे हमेशा के लिए अपने पास नहीं रख सकती हैं। एमएसपी से कम मूल्य पर बिक्री से उनको भारी घाटा होगा तथा इसके हैंडलिंग व परिवहन पर भी भारी खर्च करना पड़ेगा। सरकार के इस घाटे की पूर्ति अंतत: करदाताओं के पैसे से की जाएगी। यह सरकार के प्रमुख काम से भारी विचलन होगा क्योंकि उसकी जिम्मेदारी सुशासन है। इससे एक और नुकसान होगा। विश्व व्यापार संगठन के कृषि समझौते-एओए के अनुसार समग्र सहायता-एएमएस में सभी कृषि सब्सिडी शामिल हैं और इसे किसी विकासशील देश के लिए कुल कृषि उत्पादन का 10 प्रतिशत पर सीमित किया गया है।

यदि कोई सदस्य देश 10 प्रतिशत से अधिक एएमएस देता है तो यह समझौते का उल्लंघन होगा। किसानों से सीमित खरीद के बावजूद भारत को विश्व व्यापार संगठन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है क्योंकि उसका एएमएस की 10 प्रतिशत सीमा से अधिक है। उस स्थिति की कल्पना करें जब सरकार-एजेंसियों को एमएसपी पर किसानों से सारा कृषि उत्पाद खरीदना पड़े? ऐसे में डब्लूटीओ में अपनी सब्सिडी का बचाव करना असंभव हो जाएगा।

यह पूरी तरह स्पष्ट है कि किसानों के सभी उत्पादों की एमएसपी पर खरीद एक निन्दनीय विचार है। सरकार को इसकी ओर देखना भी नहीं चाहिए। यह सच है कि किसानों को उचित कीमतें नहीं मिलती हैं, पर समस्या का समाधान कहीं और है। कृषि उत्पाद मंडी समिति कानून-एपीएमसी जैसे राज्य कानून कृषि उत्पादों की केवल एक एपीएमसी मंडी में बेचने की अनुमति देते हैं जिसकी क्षमता अत्यधिक सीमित है। ये मंडिया बड़े किसानों द्वारा लाए उत्पाद खरीदने की ही स्थिति में नहीं होती हैं, जबकि कुल भूस्वामी किसानों का 85 प्रतिशत हिस्सा छोटे व सीमान्त किसानों का है। उनको अपने उत्पाद स्थानीय निजी बाजारों में बेचने पड़ते हैं, जबकि यहां 'बिक्री पर विधिक प्रतिबंध' है। एपीएमसी मंडी में लाइसेंसशुदा व्यापारियों व कमीशन एजेंटों या आढ़तियों का एक गिरोह काम करता है जिसका काम वैसे तो किसानों व खरीदारों के बीच संपर्क कराना है। लेकिन वे सुनिश्चित करते हैं कि किसानों को सही दाम न मिले। स्थानीय बाजारों में भी यही गिरोह किसानों को अपनी फसलें औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर करता है। लंबी यात्रा कर मंडी में पहुंचने पर बेचारे किसान के पास अपनी फसल बेचने के सिवा और कोई विकल्प नहीं रहता है, भले ही उसके दाम चाहे जितने कम मिलें।


ऐसे में असहाय किसानों को इस गिरोह के शिकंजे से मुक्ति दिलाने के लिए उनको अपनी इच्छानुसार अपना उत्पाद बेचने के 'अनेक विकल्प' मिलने चाहिए। तीन कृषि कानूनों ने ठीक यही काम करने का प्रयास किया था। असंदिग्ध रूप से इनसे किसानों को अपने उत्पादों के लिए एमएसपी से अधिक कीमत मिल सकती थी, जबकि अढ़तियों व व्यापारियों का मुनाफा कम होता। लेकिन अढ़तियों व व्यापारियों ने स्वयं को किसानों के मसीहा की तरह पेश कर साल भर लंबा आंदोलन चलाया जिससे मजबूर होकर मोदी सरकार को ये कानून वापस लेने पड़े।

विडंबना है कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी यह होने दिया। इस बीच मोदी सरकार ने एमएसपी बढ़ाने, उर्वरक सब्सिडी बढ़ाने, आदि अनेक कदम उठाए लेकिन इससे छोटे व सीमान्त किसानों को कोई खास लाभ नहीं मिला और वे आज भी आढ़तियों, बड़े किसानों व व्यापारियों के चंगुल में फंसे हुए है। मजेदार बात है कि ये सारे विघटनकारी तत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसलिए आलोचना करते हैं कि वे 'किसानों की आय दूनी करने' का अपना वादा पूरा नहीं कर सके।

# निरंतर मजबूत होते भारत-अमेरिका संबंध

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



यह लगभग डेढ़ दशक पहले की बात है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने प्रशासन की पहली राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को चुना था, जिससे भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण उन्नयन को रेखांकित किया गया था। उस समय कई अधिकारियों ने भारत के निमंत्रण को एक दुर्घटना नहीं बल्कि एक मित्र को एशिया के करीब लाने के लिए एक सोच-समझकर किया गया कदम बताया था। 2009 वह समय नहीं था जब अमेरिका-चीन संबंध, या भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध अस्थिर थे, फिर भी, दोनों देशों ने भविष्य के खतरे को महसूस किया और अपने संबंधों को गहरा करना शुरू कर दिया।

इस सप्ताह पीएम मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा, भारतीय पीएम द्वारा संयुक्त कांग्रेस को संबोधित करना, शीर्ष सीईओ के साथ क्यूरेटेड व्यावसायिक बैठकें और रॉक स्टार स्तर के प्रवासी कार्यक्रमों के साथ दोनों देशों के नागरिकों के सामने जो तमाशा सामने आया, वह कुछ हैं दशकों का रिश्ता रीसेट, अब दिखाई दे रहा है।

यह याद रखने योग्य हो सकता है कि केवल ढाई दशक पहले भारत अमेरिकी प्रतिबंधों के अधीन था और शीत युद्ध की यादों के कारण संबंधों में लगभग राजनयिक ठहराव आ गया था। दोनों पक्षों के कुछ पुरानी दुनिया के थिंक टैंक, शिक्षाविदों और रणनीतिकारों द्वारा प्रतिरोध किया गया था (शायद शुरुआती आशंकाओं की कुछ प्रतिध्वनि अभी भी मौजूद है)।



हालाँकि, यह रिश्ता, जो परिवर्तनकारी है और 21वीं सदी के लिए तैयार किया गया है, साझा हितों के एक विशाल स्पेक्ट्रम को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया है, जिसे अगले कुछ दशकों में नजरअंदाज करना मुश्किल है। दोनों लोकतंत्रों की राजनीतिक अर्थव्यवस्था ने भी नई वास्तविकता को स्वीकार कर लिया है और भारत-अमेरिका साझेदारी को बढ़ाने के लिए द्विदलीय समर्थन है।

प्रमुख विपक्षी नेताओं में से एक, राहुल गांधी प्रधानमंत्री की यात्रा से एक पखवाड़े पहले अमेरिका में थे, और भारतीय लोकतंत्र की स्थिति पर थिंक टैंक, सरकारी अधिकारियों और प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत कर रहे थे, इस बीच, अमेरिकी कांग्रेस के नेता, अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधि सभा के श्री केविन मैक्कार्थी और सीनेट के बहुमत नेता श्री चार्ल्स शूमर ने दूसरी बार कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के लिए एक भारतीय प्रधान मंत्री को एक दुर्लभ निमंत्रण दिया। राजनीतिक संदेश जोरदार था, दोनों देश नई विश्व व्यवस्था में एक-दूसरे की प्रासंगिकता को स्वीकार करते हैं।

इस राजकीय यात्रा ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों में मुख्य रूप से रणनीतिक रक्षा साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करने से लेकर सार्थक प्रौद्योगिकी साझेदारी की दिशा में बड़े कदम उठाने की ओर बदलाव को रेखांकित किया। जैसा कि प्रधान मंत्री मोदी ने अमेरिका के लिए उड़ान भरने से पहले अपनी टिप्पणी में कहा, भारत-अमेरिका संबंध बहुआयामी हैं, सभी क्षेत्रों में गहरे जुड़ाव के साथ। संयुक्त राज्य अमेरिका वस्तुओं और सेवाओं में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। हम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में निकटता से सहयोग करते हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पर पहल ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, अंतरिक्ष, दूरसंचार, क्वांटम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक क्षेत्रों में नए आयाम जोड़े हैं और सहयोग बढ़ाया है।

इस नए युग की साझेदारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रोत्साहनों में से एक आईसीइटी (महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल) का निर्माण है, एक मंच, जिसकी निगरानी सीधे भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय द्वारा की जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति सुरक्षा सलाहकार ने कहा, आईसीईटी मूलभूत, मौलिक और महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा मानना है कि हमारी अर्थव्यवस्थाओं, समाजों के सुरक्षा क्षेत्रों का भविष्य इस बात से निर्धारित होगा कि हम किस हद तक अपने लोगों की ओर से और उनकी ओर से उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकते हैं।

हमारे राष्ट्रीय हित, मार्कर सेट कर दिए गए हैं, स्प्रिंटर्स स्थिति में हैं, और शायद आने वाले दशकों के लिए लंबी दूरी की यूएस इंडिया क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए बंदूक की गोली चलाई गई है।

## आप की बात

### रक्षा आत्मनिर्भरता

**कितनी** खुशी की बात है कि जो भारत अपनी सुरक्षा के लिए फाइटर जेट विमान विदेशों से खरीदता था, वही भारत अब फाइटर जेट विमान एवं उनका इंजन बनाने जा रहा है। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आज हम एक अर्ध-विकसित देश से विकसित देश बनने की राह पर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। अमेरिका की कंपनी जीएयरोस्पेस और एचएएलए के बीच इस संबंध में बड़ा समझौता करार हुआ है। एमओयू के मुताबिक एफ414 के इंजन अब भारत में ही बनेंगे एवं जीईएस स्पेस इसके निर्यात के लिए अमेरिका सरकार के साथ जरूरी आथराइजेशन पर काम कर रही है। दुनिया में अब तक कुछ ही देश फाइटर जेट के इंजन बनाते हैं। भारत और अमेरिका द्वारा अद्यतन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में साझा काफी अहम बात है। यह समझौता भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। इससे तेजस विमानों में नए जेट इंजन लगा कर हम उनकी क्षमता दुनिया के सर्वोत्कृष्ट विमानों के समान ले जाने में सफल होंगे। इससे भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की दादागीरी का मुकाबला करने के साथ ही उन देशों के लिए सुरक्षा-प्रदाता का काम करेगा जो चीन की आक्रामक व विस्तारवादी नीतियों से लगातार परेशान हो रहे हैं।

-**मनमोहन राजावत,** नई दिल्ली

### मोदी का ऐतिहासिक दौरा

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी का अमेरिका दौरा वेहद खास है। विश्व पटल पर जिस कदर प्रधानमंत्री भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैंय, वह अविश्वसनीय है। भारत ने विश्व पटल पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अमेरिका की भूमि से प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए भारतीय भूमि पर हो रहे नियोजित कार्य इसको प्रमाणित करते हैं। भारतीय सभ्यता और संस्कृति विश्व भर में ख्याति बटोर रही है और प्रधानमंत्री का यह अमेरिका दौरा सही मायनों में इस पहलू को गति प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दो बार संबोधित किया। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय नेता बन चुकें हैं। आज अवश्य ही हर भारतीय इस बात से गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसके अलावा व्यापारिक नेताओं व भारतीय प्रवासियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पटल पर सिद्ध कर दिया है कि भारत अपने विकास व सर्वप्रथम अपने लोगों को कितना महत्वपूर्ण मानता है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका दौरा ऐतिहासिक है। इसने न केवल दो देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि एक प्रबल मैत्री को स्थापित किया है।

-**निखिल रस्तोगी,** बरेली

### फिल्मी दुनिया

**हिंदी** सिनेमा की शुरुआत मूक फिल्मों से हुई जो ब्लैक एंड व्हाइट होती थी और फिल्म बनाने में भारी मेहनत लगती थी। अब विज्ञान ने फिल्म में आवाज, संगीत बैकग्राउंड इफेक्ट और रंगीनियां भर दी हैं। हाल में रिलीज़ आदिपुरुष के डायलॉग को लेकर देशभर में बहस छिड़ी हुई है। अब फिल्में केवल मनोरंजन का साधन ना होकर कई तरह की अभिव्यक्ति और संदेश देने का माध्यम बन गई हैं। इनको देखकर जहां लोग अपराध करने के नए-नए गुर सीखते हैं, वहीं हीरोइनों के आइटम सॉन्ग देखकर युवतियों का फैशन और युवाओं की उछल कूद तय होती है। अब 100 करोड से अधिक रुपए में ही फिल्में बन पाती है। इतने खर्च के बावजूद दर्शक कई फिल्मों को नकार देते हैं और कई फिल्मों को सुपरहिट कर देते हैं। फिल्म निर्माताओं को धार्मिक फिल्मों के डायलॉग आदि में विशेष ध्यान रखना होगा। भले ही निर्माता की मंशा कुछ भी रही हो यदि जनता ने उसे गलत मान लिया तो वह गलत है। फिल्म सेंसर बोर्ड को भी पूरी सजगता से उसके डायलॉग व उसके प्रभाव आदि के आधार पर फिल्मों में परिवर्तन कर ही अनुमति देनी चाहिए।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भारत का कद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का अमरीका यात्रा पर होना विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। उसका कारण है नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के कारण उनको मिलने वाले विशेषण और टिप्पणी। एक और जहाँ भारत के नागरिक और अमेरिकी मूल के भारतवासी फूले नहीं समा रहे है वहीं दूसरी और कुछ लोगों को बदहजमी की शिकायत भी देखने में आयी है। एलोन मस्क का यह कहना कि वो मोदी के फेन हैं कुछ लोगों को अखरा और करोड़ों को खुशी दे गया। राष्ट्रगान के दौरान प्रधानमंत्री का बारिश में भीगते दिखाई देना कई ऐसे लोगों को शर्मसार भी कर गया जिन्हे बावन सेकंड खड़े रहने से मजहब रोकता है। एलोन मस्क की नेटवर्थ का अचानक बढ़ना काफी लोगों को भविष्य के संकेत भी दे गया। अद्वितीय और अद्भुत स्वागत के छायाचित्र देशवासियों को आनंदित और रोमांचित कर रहे हैं। निश्चित ही पिछले कुछ वर्षों में देश के मान सम्मान और गौरव का पुनरोदय भारत के बढ़ते कद का प्रतीक है। मोदी ने इसका श्रेय 140 करोड़ भारतीयों तथा भारतीय-अमेरिकनों को दिया है।

-**मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# बंगाल को अंग्रेजों की कुटिलता से बचाने में डॉ. मुखर्जी का बड़ा योगदानः मुख्यमंत्री

● मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर अर्पित की पुष्पांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद थे। वह 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए थे। देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। वहीं देश के विभाजन की त्रासदी को रोकने के लिए और पूरे बंगाल को अंग्रेजों की कुटिलता से बचाने में मुखर्जी जैसे राष्ट्र नायकों का बड़ा योगदान रहा है। उस दौरान अनेक सामाजिक गतिविधियों के साथ जुड़ने, प्रखर राष्ट्रवादी विचार का नेतृत्व प्रदान करने और देश के अंदर आजादी के पूरे आंदोलन के साथ सक्रिय सहभागिता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पहचान बन गई थी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को हज़रतगंज के पार्क रोड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि अर्पित करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के देश प्रेम और उनके योगदान का ही नतीजा रहा कि जैसे ही 1947 में देश आजाद हुआ तो देश के प्रथम उद्योग और खाद्य मंत्री के रूप में संयुक्त सरकार में उन्हें भारत की औद्योगिक नीति को आगे बढ़ाने का एक अवसर प्राप्त हुआ था लेकिन बाद में जब उन्होंने इस बात का अहसास किया कि आजादी जिन मूल्यों और जिन आदर्शों को ले करके प्राप्त हुई थी, तत्कालीन सरकार उससे विमुख हो करके तुष्टीकरण की नीतियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। इस पर उन्होंने सरकार से हट गए और बाद में भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं अध्यक्ष के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया। भारतीय जन संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सरकार के तुष्टिकरण से जुड़े हुए उन सभी नीतियों का खुलकर विरोध कियाए जो भारत की एकता के लिए राष्ट्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा कर सकती थीं।

सीएम योगी ने कहा कि कश्मीर में उस समय आजादी के बाद कांग्रेस के अदूरदर्शिता के कारण लगातार स्थिति बिगड़ती जा रही थी। ऐसे में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर के लिए अलग से विधान बनाने और उस समय जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री को अलग मान्यता देने के विरोध में देश को एक नारा दियाए वह नारा एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे था। इस नारे को उन्होंने आंदोलन और अभियान का रूप दिया। इस दौरान उनकी गिरफ्तारी होती है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजभवन में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से की शिष्टाचार भेंट

## दो परिक्षेत्रों के डीआईजी व पांच पुलिस कप्तानों सहित ग्यारह आईपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने शुक्रवार को दो परिक्षेत्रों के डीआईजी और पांच जिलों के पुलिस कप्तानों सहित 11 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी शलभ माथुर को डीआईजी अलीगढ़ परिक्षेत्र और अयोध्या के एसएसपी मुनिराज जी को मुरादाबाद परिक्षेत्र का नया डीआईजी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अपर पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध कमिश्नरेट भारती सिंह को इसी पद पर गाजियाबाद कमिश्नरेट और अलीगढ़ परिक्षेत्र के डीआईजी रहे आनंद राव कुलकर्णी को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। बलिया के एसपी राजकरन नय्यर अब अयोध्या के एसएसपी बनाए गए हैं। प्रतीक्षारत च रहे आशीष श्रीवास्तव को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त तैनात किया गया है। गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को इसी पद पर आगरा कमिश्नरेट स्थानांतरित किया गया है। फतेहगढ़ के एसपी अशोक कुमार मीना को शाजहांपुर के एसपी पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रतीक्षारत चल रहे शुभम पटेल को गाजियाबाद कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त पद पर भेजा गया है। आगरा कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त विकास कुमार को फतेहगढ़ जिले की कमान सौंपी गई है। शाहजहांपुर के एसपी एस. आनंद अब शाहजहांपुर के नए एसपी बनाए गए हैं।

## 39 जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

● सभी सहकारी बैंकों पर बीजेपी प्रत्याशियों ने लहराया जीत का परचम, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने 39 जिला सहकारी बैंकों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के करिश्माई नेतृत्व एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह की कुशल रणनीति से यह अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी पूरी मेहनत और लगन से कार्य करेंगे तथा आम जनता एवं सरकार की मंशा के अनुरूप कसौटी पर खरे उतरेंगे। साथ ही जिला सहकारी बैंको को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे ले जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी 39 सहकारी बैंकों में आज अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन हुआ, जिसमें बीजेपी के सभी प्रत्याशी अपने-अपने पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करिश्माई नेतृत्व में सहकारिता विभाग का तेजी से विकास हो रहा है तथा यह समय सहकारिता का स्वर्णिम काल है। आने वाले समय में इसमें बड़ी उपलब्धियां होने वाली है। उन्होंने कहा कि सभी पैक्स को कम्प्यूटरीकृत कराया जा रहा है तथा इन्हें मल्टी सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। पैक्स में अभियान चलाकर 5 लाख नये सदस्य बनाये जाने की योजना है तथा सहकार से समृद्धि योजना के अन्तर्गत पैक्स और अधिक सक्रिय किया जायेगा एवं नई समितियों का गठन भी कराया जायेगा। सभी जिला सहकारी बैंकों में इंटरनेट बैंकिंग की सुविधाए सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है। राठौर ने कहा कि 2021 में केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय बनने के बाद से विभाग द्वारा अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप फसली ऋण वितरण, भण्डारण क्षमता एवं कृषकों से उनकी उपज की खरीद में कई गुना वृद्धि हुई है। जिससे विभाग प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है। इफ को द्वारा उत्पादित नैनो यूरिया से किसानों की उपज में बढ़ोत्तरी हुई है तथा लागत में कमी आई है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हो रही है। ऐसा पहली बार हुआ है कि यूपी कोआपरेटिव बैंक की सभी शाखाएं लाभ की स्थिति में हैं, वहीं कई वर्षो से घाटे में चल रही उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. ने इस वित्तीय वर्ष में 98.50 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि पहले जहां विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वेतन देना मुश्किल हो रहा है, वहीं आज सभी को समय से वेतन मिल रहा है। ग्रामीण गोदान योजना के अंतर्गत सहकारी समितियों की वर्तमान भण्डारण क्षमता में वृद्धि किए जाने के लिए अतिरिक्त भण्डारण क्षमता का सृजन किया जा रहा है। निरंतर विभिन्न क्षमता एवं नवीन वैज्ञानिक तकनीक आधारित नये गोदामों के निर्माण से सहकारी क्षेत्र में भण्डारण क्षमता तथा भण्डारण की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है।

## अक्षम नेताओं ने यूपी बोर्ड को पहुंचाया तीसरे पायदान पर:रालोद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि आज से 2 दशक पहले तक यूपी बोर्ड की गणना एशिया के प्रथम स्तर के बोर्ड में होती थी जिसको चाटुकार अधिकारियों और अक्षम नेताओं के कारण आज तीसरे नंबर पर पहुंचा दिया है जो निंदनीय है। प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा यूपी बोर्ड के पाठ्यक्रम में विनायक दामोदर सावरकर की जीवन को 50 अन्य महापुरुषों के जीवन परिचय के बहाने से जोड़ना सरकार की ओछी मानसिकता के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। अन्य महापुरुषों में जो भी नाम गिनाये जा रहे हैं उन सभी का जीवन परिचय किसी न किसी विषय के माध्यम से पाठ्यक्रम में जुड़े हुए हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, राजाराम मोहन राय, विनोबा भावे, स्वामी विवेकानंद, गोपाल कृष्ण गोखले आदि सैकड़ों विद्वान महापुरुष एवं स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में हिन्दी, अग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, इतिहास तथा नागरिक शास्त्र आदि विषयों के माध्यम से कक्षा 9 से 12 तक पढ़ाये जाते रहें हैं। त्रिवेदी ने कहा कि देश की नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रदेश के नौनिहालों को नई दिशा देने के उद्देश्य से ऐसे महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों तथा समाज सुधारकों का जीवन परिचय पाठ्यक्रम में जोड़ा जाता जिन्होंने देश और समाज की अच्छाई के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कुर्बानियां दी हैं। कृषि प्रधान देश में यदि छोटी कक्षाओं से लेकर इंटरमीडिएट, स्नातक और परास्नातक तक किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह, मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महापुरूषों का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विस्तार से जोड़ा जाय तथा शोध का विषय भी बनाया जाय। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह सातवां शिक्षा सत्र चल रहा है लेकिन अब तक किसी भी शिक्षा सत्र में वर्तमान प्रदेश सरकार ने समय से पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं कराई हैं।

## अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई चार अफसरों पर गिरी गाज

● गोरखपुर, गाजीपुर, बागपत के खान अधिकारी सहित चार निलंबित

● सचिव भूतत्व व खनिकर्म डॉ. रोशन जैकब ने बनारस में स्वयं की छापेमारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक बार फिर भ्रष्ट और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ हंटर चलाया है। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर भ्रष्टाचार में लिप्त खनन विभाग के वरिष्ठ खान अधिकारी, खान अधिकारी और खान निरीक्षक को निलंबित किया गया। वहीं तीन खान अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। वहीं गुरुवार देर रात सचिव (भूतत्व एवं खनिकर्म) डॉ. रोशन जैकब ने बनारस में बालू, मौरंग समेत अन्य खनिज पदार्थों के अवैध खनन एवं ओवर लोडिंग की शिकायत पर छापेमारी की। इस दौरान सोनभद्र, मीरजापुर समेत अन्य राज्यों मध्य प्रदेश और बिहार से आने वाले वाहनों की जांच की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में वाहनों को सीज करते हुए पेनाल्टी वसूली गयी।

रोशन जैकब ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगातार अवैध बालू और मौरंग खनन की शिकायतें मिल रही थी। इस पर गोंडा, गोरखपुर, गाजीपुर, बागपत, श्रावस्ती, रामपुर, गोरखपुर, महाराजगंज एवं झांसी में लगभग 45 क्षेत्रों की निदेशालय के जांच दल से जांच करायी गयी थी, जिसमें 21 क्षेत्रों में परमीशन से अधिक लगभग 72000 घन मी.अवैध बालू का खनन पाया गया। जिन जगहों पर अवैध खनन पाया गया, वहां खनिज परिवहन पर रोक लगा दी गयी। साथ ही इनमें संलिप्त गोरखपुर के वरिष्ठ खान अधिकारी, गाजीपुर एवं बागपत के खान अधिकारियों को निलम्बित कर विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। इसके अलावा गोंडा में बालू के अवैध खनन पर खान निरीक्षक को निलंबित किया गया।

सचिव भूतत्व एंव खनिकर्म ने बताया कि प्रदेश के मीरजापुर, सोनभद्र, वाराणसी में खनिजों के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग की लगातार शिकायत मिल रही थी। इस पर भूतत्व एंव खनिकर्म सचिव के नेतृत्व में 25 सदस्यीय जांच टीम द्वारा गुरुवार देर रात वाराणसी के राजातालाब, टेंगड़ा मोड़, नरायनपुर तिराहा पर औचक जांच की गयी। जांच के दौरान सोनभद्र, मिर्जापुर समेत अन्य राज्य मध्य प्रदेश एवं बिहार से आने वाले 250 से अधिक खनिज लदे वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान बिना आईएसटीपी के खनिज का परिवहन मिलने पर उसे सीज करते हुए सम्पूर्ण खनिज की रॉयल्टी, खनिज मूल्य समेत पेनाल्टी वसूलने के निर्देश दिये गये। चेकिंग के दौरान कई वाहनों में नंबर प्लेट नहीं मिले तथा कुछ में नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गयी थी। इन वाहनों पर एक से अधिक खनिजों के ओवरलोड के चालान पाये गये। ऐसे वाहनों के परमिट निरस्तीकरण के लिए परिवहन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों निर्देशित किया गया। इस दौरान अवैध खनन-परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनपदीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

रोशन जैकब ने बताया कि किसानों के निजी प्रयोग के लिए अपनी भूमि से मिट्टी के खनन के लिए किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल माईन मित्रा पोर्टल पर स्वपंजीकरण के आधार पर मिट्टी का उपयोग किये जाने की छूट प्रदान की गयी है। किसानों द्वारा मिट्टी के गैर व्यवसायिक प्रयोग में पुलिस विभाग अथवा खनिज विभाग के कर्मचारियों द्वारा वसूली होती मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तीन नये राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षिक व गैर शैक्षणिक पदों के सृजन के लिए मिली स्वीकृति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ एवं महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़ में शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक पदों के सृजन हेतु मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिसके अनुसार माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के 58 पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु यूजीसी के मानक 1:2:4 के अनुसार शैक्षणिक कार्यों हेतु प्रोफेसर 58, एसोसिएट प्रोफेसर 116, असिस्टेंट प्रोफेसर 232 अर्थात कुल 406 शैक्षिक पदों का सृजन किया गया है। उक्त विश्वविद्यालय हेतु पूर्व में 28 गैर शैक्षणिक पदों का सृजन किया गया था। अब विश्वविद्यालय के संचालन हेतु गैर शैक्षणिक 198 पदों का सृजन किया गया है, जिनमें उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, कनिष्ठ सहायक, वरिष्ठ सहायक, प्रधान सहायक, लैब असिस्टेंट, पुस्तकालयाध्यक्ष इत्यादि पद सम्मिलित हैं। उक्त के अतिरिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, वाहन चालक, चपरासी इत्यादि प्रकृति की सेवाओं हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से 160 की स्वीकृति की गई है। इसी प्रकार राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़ के 43 पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु यूजीसी के मानक 1:2:4 के अनुसार शैक्षणिक कार्यों हेतु प्रोफेसर 43, एसोसिएट प्रोफेसर 86, असिस्टेंट प्रोफेसर 172 अर्थात कुल 301 शैक्षिक पदों का सृजन किया गया है। उक्त विश्वविद्यालय हेतु पूर्व में 28 गैर शैक्षणिक पदों का सृजन किया गया था। अब विश्वविद्यालय के संचालन हेतु गैर शैक्षणिक 170 पदों का सृजन किया गया है। जिनमें उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, कनिष्ठ सहायक, वरिष्ठ सहायक, प्रधान सहायक, लैब असिस्टेंट, पुस्तकालयाध्यक्ष इत्यादि पद सम्मिलित हैं। उक्त के अतिरिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, वाहन चालक, चपरासी इत्यादि प्रकृति की सेवाओं हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से 160 की स्वीकृति की गई है। महाराजा सुहेलदेव राज्य विष्वविद्यालय अलीगढ़ के 30 पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु यूजीसी के मानक 1:2:4 के अनुसार शैक्षणिक कार्यों हेतु प्रोफेसर 30, एसोसिएट प्रोफेसर 60, असिस्टेंट प्रोफेसर 120 अर्थात कुल 210 शैक्षिक पदों का सृजन किया गया है।

## यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय का आज लोकार्पण करेंगे सीएम योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के 24 जून को अपने नए कार्यालय का उद्घाटन करने मथुरा आ रहे है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्यमंत्री अध्यक्ष भी हैं। इसलिए परिषद के नए कार्यालय में मुख्यमंत्री का भी ऑफिस बनाया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी अधिकारियों संग बैठक कर मथुरा में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। वहीं मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर में दर्शन-पूजन भी करेंगे।

उत्तर प्रदेश में 2017 में मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ ने शपथ लेते ही सबसे पहले ब्रज के विकास और यहां के तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद की घोषणा की थी और फिर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन होने के बाद इसका अस्थायी कार्यालय मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के कार्यालय के एक हिस्से में बनाया गया। 2022 में ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय के लिए जमीन की तलाश कर जवाहर बाग के समीप सिविल लाइन में ब्रज तीर्थ विकास परिषद का कार्यालय बनाया गया। 1500 वर्ग फीट क्षेत्र में बने इस तीन मंजिला भवन में मीटिंग हॉल के अलावा अंडर ग्राउंड पार्किंग भी बनाई गई है। इस भवन को बनाने में 8 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत आई है। परिषद के कार्यालय को ब्रज के धार्मिक स्वरूप के अनुरूप बनाया गया है। पूरे भवन को लाल पत्थर से बनाया गया है। इस भवन की तीसरी मंजिल पर मुख्यमंत्री योगी का कार्यालय, उपाध्यक्ष का कार्यालय और सभागार बनाया गया है।

## पुष्टाहार का लाभ जन-जन तक पहुंचाएगी योगी सरकार

● 'फोर्टिफाइड चावल' आपूर्ति से प्रदेश में 6 माह से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ पहुंचाने पर फोकस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में पुष्टाहार के तौर पर फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति और वितरण को प्रभावी रूप से सुचारू रखने की दिशा में योगी सरकार ने एक और सकारात्मक कदम उठाते हुए 6 माह से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभान्वित करने का मार्ग सुनिश्चित कर दिया है। प्रदेश में पुष्टाहार के जरिए कुपोषण नियंत्रण की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए सीएम योगी ने अब आंगनबाड़ी केंद्रों में फोर्टिफाइड चावल के इस्तेमाल का मार्ग प्रशस्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति पर आने वाले अनुमानित व्यय के अग्रिम आहरण को स्वीकृति दे दी है। वित्त विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के समायोजन से इस लक्ष्य को प्राप्त किए जाने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में पहले ही नेशनल फूड सेफ्टी एक्ट (एनएफएसए) के अंतर्गत 46.10 लाख मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल के वार्षिक आवंटन के जरिए 15.05 करोड़ लाभार्थियों को लाभान्वित करने का प्रयास जारी है। ऐसे में, एक ओर जहां माना जा रहा है कि इस साल जुलाई तक प्रदेश के हर जिले में एनएफएस, लाभार्थियों को फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी हो सकती है, वहीं आंगनबाड़ी के जरिए 6 माह से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों तथा गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभान्वित करने के प्रयासों में भी तेजी लाई जा रही है।

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश में पुष्टाहार के तौर पर फोर्टिफाइड चावल के वितरण के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति पर आने वाले अनुमानित व्यय के अग्रिम आहरण के लिए 13.54 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम स्वीकृत की गई है। फोर्टिफाइड चावल के वितरण को सुनिश्चित करने के लिए वित्त विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के आपसी समायोजन के निर्देश दिए गए हैं। योजना से संबंधित भारत सरकार की गाइडलाइंस का पालन करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत की गयी समस्त अग्रिम धनराशि का समायोजन 31 मार्च 2024 तक अवश्यक रूप से हासिल करने का लक्ष्य रखा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पूरी प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। प्रक्रिया के मुताबिक उनके द्वारा हर महीने आंगनबाड़ियों से खाद्यान्न की आवश्यकता का आगणन कराकर स्वयं के हस्ताक्षर से खाद्यान्न की मांग संबंधी जानकारी खाद्य एवं रसद विभाग को दी जायेगी और आपूर्ति उसी अनुरूप होगी। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा खाद्यान्न का परिवहन राशन की दुकान तक करते हुए खाद्यान्न उचित दर विक्रेता तक पहुंचाने की सूचना जिला कार्यक्रम अधिकारी को दी जाएगी। खाद्य एव रसद विभाग का यह दायित्व होगा कि धनराशि के समायोजन की सूचना हर महीने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा।

आमतौर पर मिलिंग और प्रोसेसिंग प्रक्रिया चावल की वसा और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर चोकर की परत को हटा देती है, वहीं फोर्टिफाइड राइस में ये सभी गुण संवर्धित रहते हैं। इसमें विटामिन बी-1, विटामिन बी-6, विटामिन ई, नियासिन, आयरन, जिंक, फॉलिक एसिड, विटामिन बी-12 और विटामिन ए जैसे तत्वों को संरक्षित कर ब्लेंडिंग प्रक्रिया के जरिए सूक्ष्म पोषक तत्वों को संवर्धित किया जाता है। यही कारण है कि देश में एनीमिया समेत कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के जड़ से निराकरण के लिए फोर्टिफाइड राइस एक प्रभावी कदम साबित हो सकता है। इसीलिए एनएफएसए की राइस फोर्टिफिकेशन योजना के जरिए देश में इसके वितरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## अस्पताल में झाड़-फूंक से इलाज के प्रकरण पर डिप्टी सीएम नाराज, दो नर्सों पर गिरी गाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बदायूं** के जिला अस्पताल में झाड-फूंक से इलाज के प्रकरण पर डिप्टी सीएमओ ब्रजेश पाठक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। घटना को गंभीरता से लेते हुए जाँच के आदेश दिये हैं। साथ ही घटना के वक्त ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स के वेतन कटौती के आदेश दिये हैं। बदायूं के जिला अस्पताल में भर्ती मरीज झाड.फूंक कर इलाज करा था। प्रकरण की जानकारी के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सीएमओ को मामले की जाँच के आदेश दिये हैं। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये हैं। शुरूआत जाँच में स्टाफ नर्स साहिबा बेगम और इरम सिद्दीकी दोषी पाई गई हैं। कामकाज में लापरवाही मानते हुए वेतन कटौती के निर्देश दिये हैं।



### एम्बुलेंस से शव ढोने के प्रकरण की जाँच होगी

**बहराइच** जिला अस्पताल में मरीजों के स्थान पर निजी एम्बुलेंस द्वारा शव ढोए जाने के प्रकरण की जांच होगी। डिप्टी सीएम ने बहराइच मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य को पूरे प्रकरण में तत्काल अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही किये जाने के आदेश दिये हैं। उन्होंने कहा कि परिसर में निजी एम्बुलेंस के प्रवेश पर पाबंदी लगाई जाए। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाये। ताकि इस तरह के प्रकरण पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### प्रसव में लापरवाही, अधीक्षक को नोटिस

फर्रुखाबाद के कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव में लापरवाही पर अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि संतोषजनक जवाब न होने पर वेतन रोके जाने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सीएमओ मामले में अधीक्षक को नोटिस भी दें। ताकि भविष्य इस तरह की घटना होने पर कठोर कार्रवाई की जा सके। यदि अधीक्षक ने कार्यप्रणाली में सुधार नहीं आया तो इनके विरूद्ध निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जन सामान्य के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाना किसी भी स्तर से क्षम्य नहीं होगा।

### रिश्वत मांगने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की संस्तुति

रायबरेली के सरेनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान नर्स एवं आशा बहू द्वारा पैसा मांगने के वायरल वीडियो वायरल हुआ। डिप्टी सीएमओ ने मामले की जाँच के आदेश दिए। प्रारंभिक जाँच में दो कर्मचारियों दोषी मिले हैं। सीएमओ को कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

## सजा पूरी होने के बाद भी जाना पड़ा जेल

**लखनऊ (विसं)।** दुराचार के एक मामले में सजा काट चुके एक व्यक्ति को फिर से उसी मामले में जेल भेजने पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तत्काल उसकी रिहाई का आदेश संबंधित जेल प्रशासन को दिया है। जस्टिस राजन राय की एकल पीठ ने यह आदेश राज नारायन उर्फ राम की अपील पर दिया है। लखीमपुर खीरी में दर्ज दुराचार के एक मुकदमे में राज नारायन को सात वर्ष की कारावास की सजा सुनाई गई थी। उसने सत्र अदालत के इस फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील दाखिल की। 20 वर्ष से उसकी अपील लंबित है। 14 मार्च 2009 को उसकी सजा पूरी हो गई। उसे बरेली जेल से रिहा कर दिया गया था। 15 नवंबर 2022 को उसकी अपील सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के समक्ष आई। पीठ ने पाया कि पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक राज नारायन अपना घर बार बेचकर कहीं चला गया है व अपील पर बहस के लिए उसकी ओर से कोई वकील भी उपस्थित नहीं हुआ। पीठ ने राज नारायन के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही का आदेश दिया। 13 दिसंबर, 2022 को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तबसे वह जेल में था।

### मोबाइल वेटनरी यूनिट के निष्क्रिय होने का मामला

# एसीएस ने जताई सख्त नाराजगी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**शुक्रवार** को प्रदेश के अपर मुख्य सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास डाण् रजनीश दुबे जनपद खीरी पहुंचे। उनके जनपद आगमन पर प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। कलेक्ट्रेट स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में अपर मुख्य सचिव डाण् रजनीश दुबे ने डीएम अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में सीवीओ, पशुपालन विभाग के फील्ड के कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों संग गो आश्रय प्रबंधनए अति हिमीकृत वीर्य उत्पादन केंद्र मजरा की व्यवस्थाओं की संबंध में जरूरी बैठक की। एसीएस डॉ रजनीश दुबे ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना की समीक्षा की। निर्देश दिए कि समयबद्धता से द्विस्तरीय सत्यापन कराकर पोर्टल पर फीड कराने के साथ ही अपात्र व्यक्तियों की सूची सीडीओ एवं सीवीओ के संयुक्त हस्ताक्षर से 30 जून तक अनिवार्य रूप से भेजे। जिले में गो आश्रय स्थल प्रबंधन के लिए तहसील स्तरीय कंट्रोल रूम टोल-फ्री नंबर के साथ शुरू कराए। तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठकों का न केवल नियमित आयोजन हो बल्कि इसके जरिए प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि कॉउ प्रोटक्शन फंड में स्थानीय जन सहयोग के अलावा चीनी मिलों के सहयोग लिया जाए। प्राप्त धनराशि का सदुपयोग गौशाला में पेयजल, शेड सहित आदि किए जाने के निर्देश दिए। सीवीओ ने बताया कि जिले में पशुओं से सम्बंधित टेली मेडिसिन एवं आकस्मिक उपचार हेतु 12 मोबाइल वेटनरी यूनिट है। जिनमें 10 क्रियाशील हैं और दो स्टाफ के अभाव में अक्रियाशील खड़ी हैं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की। तत्काल स्टाफ की व्यवस्था कर उन्हें संचालित कराने के निर्देश दिए। डीपीआरओ, समस्त बीडीओ बैठक कर विभिन्न ग्राम पंचायतों की वित्तीय पुलिंग बढ़ाए। मजरा फार्म में फेस टू के तहत निर्माणाधीन प्रयोगशाला को 31 जुलाई तक सिविल वर्क प्रत्येक दशा में पूरा करने के निर्देश दिए। वही फेज वन को 15 अगस्त तक मशीनरी सहित क्रियाशील किया जाए। उन्होंने इस संबंध में संयुक्त निदेशक मजरा को प्रभावी अनुश्रवण करने की चेतावनी दी। प्रभारी डीएम ने गोवंश से संबंधित अद्यतन स्थिति एवं विभिन्न योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से अपर मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।

## एसपी ने दी साप्ताहिक परेड को सलामी

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय खीरीए गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष, पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात महोदय द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफसुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्न आउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा परेड उपस्थित अधिकारी / कर्मचारीगणों से विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों को ऑप्टीकल्स ट्रेनिंग का अभ्यास भी करवाया गया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान को लेकर हुआ गहन मंथन

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त की अध्यक्षता में गांधी भवन प्रेक्षागृह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक आयोजित की गई बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र में माह जुलाई 2023 से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाना प्रस्तावित है, जिसके अंतर्गत नगर क्षेत्र में जनमानस को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों (हीट रिलेटेड इलनेसेज) की रोकथाम तथा साफसफाई के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाया जाना। नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समीतियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों (हीट रिलेटेड इलनेसेज) के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित करे नगरीय क्षेत्रों में वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, आमजन द्वारा खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करना। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, नालियों ध् कचरों की सफाई करवाये जाने सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उथले हैण्डपम्पों का प्रयोग रोकने के लिए उन्हें लाल रंग से चिन्हित किये जाने एवं हैण्डपम्पों के पाइप को चारों ओर से कंकरीट से बन्द करना एवं हैण्डपम्पों के पास अपशिष्ट जल के निकलने हेतु सोकपिट का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए गए। शहरी क्षेत्रों एवं शहरी मलिन बस्तियों के संवेदनशील आबादी समूहों में अपनी गतिविधियों को केन्द्रित करना संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर खुले में शौच से मुक्त (व्क्थ्) करना । संवेदनशील क्षेत्रों तथा शहरी मलिन बस्तियों में विभागीय गतिविधियों की प्रगति आख्या भौतिक प्रगति के अभिलेखीकरण के साथ तैयार करना। नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त बिन्दुओ पर वार्ता कर नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों, सफाई नायक, सहायक सफाई नायकों को निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र में समस्त बिंदुओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए माइक्रो प्लान बनाकर नगर क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विशेष साफ- सफाई, एंटीलार्वा छिड़काव व फॉगिंग का कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये, जिससे जनमानस को विभिन्न प्रकार की होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। निर्देशित किया गया कि इस अभियान में नगर निगम के समस्त संसाधनों का प्रयोग किया जाए एवं इस अभियान को सफल बनाने हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही न किये हेतु निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित मोहल्ला निगरानी समिति के सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करे कि यदि कोई व्यक्ति बुखार, खासी, जुखाम आदि रोगों से ग्रसित हो , तो तत्काल नगर निगम को सूचित करें जिससे सम्बंधित व्यक्ति का उचित उपचार कराया जा सके।

# कैच द रेन फेज-3 कार्यक्रम में शामिल हुए केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**केन्द्रीय** गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा जी ने अटल सभागार विकासखण्ड लखीमपुर में नेहरू युवा केन्द्रए लखीमपुर.खीरी के द्वारा आयोजित जल शक्ति अभियान.2 के अन्तर्गत ष्कैच द रेन फेज.3ष् कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की बहुत ही महात्वाकांक्षी योजना है और ये विश्व की सबसे बड़ी योजना है प्रधानमंत्री जी के मन के बहुत करीब है। उन्होंने जल जीवन मिशन के लिए 2019 में संकल्प लिया था हमने उस आधार पर लिया जब 2019 में हमने सर्वे कराया और हमारे देश में रहने वाले ग्रामीण क्षेत्र में 19 करोड़ परिवार है और उन 19 करोड़ परिवार में से कुल 3 करोड़ परिवार ऐसे थे जिनके पास शुद्ध पेयजल उपलब्ध था पीएम ने इसे मिशन मोड पर लिया और इस योजना के लिए 2019 से 2024 के बीच 3.6 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया और ये निश्चय किया कि 2024 तक हम भारत के प्रत्येक घर में नल से जल इस योजना को पूरा करेंगे। कहा कि कैच द रेन फेज-3 एवं जल जीवन मिशन को हम जोड़ करके देखते है तो अभी तक की दिसम्बर 2022 तक की जो हमारी उपलब्धि है कि हमने 1.12 करोड़ परिवारों को नल से जल योजना से जोड़ा है जबकि 11.88 करोड़ परिवारों को नल से जल पहुंचाने का काम पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर मंत्री द्वारा खेल की सामग्री फुटबाल, वालीबाल नेट, बैटमिंटन एवं बैटमिंटन नेटए कैरमबोर्ड सेट, लूडो, सीटी, कूदने की रस्सी, हवा भरने का पम्प एवं नीकैप आदि भी बांटी गई।

# बजरंग दल के जिला सेवा प्रमुख ने जिलाध्यक्ष के खिलाफ दर्ज कराया मारपीट का केस

**संवाददाता।** सीतापुर

**भगवा** ब्रिगेड के दो संगठनों के प्रमुख आपस में भिड़ गए। इसके बाद मामला थाने पहुंच गया। इसके बाद एक संगठन के प्रमुख की तहरीर पर दूसरे संगठन के प्रमुख पर मारपीट और धमकी की धाराओं में केस दर्ज हो गया है। आरोपों की जद में आए संगठन प्रमुख दर्ज केस को फर्जी बताते हुए थाने के सामने बेमियादी धरने पर बैठ गए हैं। यह मामला सीतापुर के रेउसा थाने का है। रेउसा थाना क्षेत्र के निवासी संदीप अवस्थी विश्व हिंदू परिषद के सहयोगी संगठन बजरंग दल के जिला संयोजक थे। कुछ शिकायतें मिलने के बाद उन्हे जिला संयोजक पद से हटा दिया गया था। इसके बाद वह प्रवीण तोगड़िया वाले राष्ट्रीय बजरंग दल में शामिल होकर उसके जिलाध्यक्ष बन गए थे। बजरंग दल की टीम में संदीप अवस्थी के साथ रेउसा के ही अशोक गुप्ता भी पदाधिकारी थे। संदीप अवस्थी की बजरंग दल से बेदखली के बाद अशोक गुप्ता को बजरंग दल का जिला सेवा प्रमुख बना दिया गया था। बताते हैं तभी से संदीप अवस्थी और अशोक गुप्ता में अनबन चली आ रही थी, कई बार दोनों के बीच कहासुनी भी हो चुकी थी। मुकदमें के वादी अशोक गुप्ता का आरोप है कि संदीप अवस्थी, उनके पिता इंद्रलाल अवस्थी और भाई राजीव अवस्थी ने उसे जानमाल की धमकी देते हुए लात घूसों और लाठी डंडो से मारा पीटा है। अशोक गुप्ता के साथ घटना होने की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी रेउसा थाना पहुंचे जिसके बाद देर रात संदीप उसके पिता व भाई के विरुद्ध धारा 323, 504 और 506 के तहत केस दर्ज कर लिया गया। संदीप अवस्थी इस केस को फर्जी और सभी आरोपो को झूठा बताते हुए अपने सहयोगियों के साथ थाने के सामने बेमियादी धरने पर बैठ गए है। संदीप अवस्थी को क्षेत्र का चर्चित व्यक्ति बताया जाता है। इसके कई फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है जिनमें यह तलवार पिस्टल आदि थामे नजर आ रहा है।

# डीएम ने आपातकालीन सेवा डायल 112 का निरीक्षण किया



**संवाददाता।** शाहजहांपुर।

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह ने अजीजगंज से नगरिया मोड़ रोड के कि.मी. 3 पर तैनात पुलिस विभाग की आपातकालीन सेवा डायल 112 की गाड़ी संख्या यूपी 32 डीजी 1341 का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इवेंट रजिस्टर में दर्ज मामलों एवं उनके निस्तारण की स्थिति को भी देखा। जिलाधिकारी ने डायल 112 मुख्यालय से अंतरित सूचनाओं के प्रकार के विषय में भी जानकारी ली एवं निर्देश दिए कि आपसी मारपीट, झगड़े या भूमि सम्बंधित विवादों के विषय में बीट कांस्टेबल को जानकारी अवश्य दी जाये एवं थाना दिवस के अंतर्गत आच्छादित होने योग्य प्रकरणों को थाना दिवस रजिस्टर में अंकित कराते हुए पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी छोटा विवाद भविष्य में बड़ी घटना का रूप ले सकता है, इसलिए सभी प्रकरणों पर गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी की जाये। जिलाधिकारी ने तैनात पुलिस कर्मियो के भ्रमण की स्थिति व अपराधिक मामलो का रजिस्टर भी देखा।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन ने 6 लोगों को कुचला, 5 की मौत

**शाहजहांपुर।** शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार 6 लोगों को कुचल दिया। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक साल की बच्ची की जान बच गई है। मरने वालों में पति-पत्नी, 2 बच्चे और एक अन्य शामिल हैं। एक ही बाइक पर 6 लोग सवार थे और सभी शादी समारोह से लौट रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा थाना सेहरामऊ दक्षिणी के दिलावरपुर गांव के पास का है। जैतीपुर क्षेत्र के सलेमपुर गांव के रहने वाले रघुवीर (28) गुरुवार रात पत्नी ज्योति (25) , बेटा कृष्णा (5) और अभी (3) के साथ दलेलनगर गए थे। उनके साथ साली जूली (20) और उसकी एक साल की बेटी आराध्या भी थी। ये लोग श्याम सिंह की बेटी की शादी में शामिल होने गए थे। शुक्रवार को लौटते समय सेहरामऊ दक्षिणी के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे रघुवीर, ज्योति, कृष्णा, अभी, जूली की मौत हो गई। वहीं जूली की बेटी आराध्या बाल-बाल बच गई। हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। बाइक के नंबर के आधार पर मृतकों की शिनाख्त की गई। हादसे के बाद काफी देर तक जाम लगा रहा। सीओ सदर अमित चौरसिया ने शव हटवाकर जाम खुलवाया है।दुर्घटना को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल उस अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। एसपी एस आनंद ने बताया कि हादसा किस वाहन से हुआ है। इसकी जानकारी की जा रही है। जल्द उसे पकड़ लिया जाएगा। शवों को कब्जे में ले लिया गया है।

### मनाया गया भाजपा का बलिदान दिवस

निघासन खीरी। झण्डी राज बूथ में भाजपा का बलिदान दिवस मनाया गया जिसमें जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही उनके देश व पार्टी के प्रति उनके योगदान की चर्चा हुई । कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह ने किया जिसमें निघासन नवनिर्वाचित चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्या, संगम लाल मिश्रा, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्या, मंडल उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्व मंडल महामंत्री विपिन मौर्या, सेक्टर संयोजक कपिल चौहान सहित तमाम बूथ कमेटी व निघासन मंडल के पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थिति रहे । राजेश्वर सिंह ने बताया कि पार्टी आज के दिन हर बूथ पर इस कार्यक्रम को कर स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व योगदान को याद करती है। सभी कार्यकर्ताओं नें उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की।

### रोग और तनाव मुक्त जीवन के लिए योग जरुरी

**बरेली।** आंवला इकाई के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी ने योग के जरिये इफको कर्मियों को तनाव मुक्त और रोग रहित स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया। इफको आंवला टाउनशिप स्थित न्यू क्लब में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और इफको के वरिष्ठ अधिकारियों ने योगासन किया। राकेश पुरी ने कहा कि योग, तनाव से निपटने का सबसे अच्छा मार्ग है। योग से ही रोग रहित स्वास्थ्य और तनाव मुक्त जीवन संभव है। सेहत और मन की शांति के लिए योग ने दुनिया के सबसे बड़े जन आंदोलन का रूप ले लिया है। योग अब आम जिन्दगी का हिस्सा बन गया है जिसने दुनिया को ''रोग से निरोग'' की राह दिखाई है । योगगुरु डॉ रजनी प्रभा ने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, धनुरासन, प्राणायाम सहित कई योगासन का अभ्यास कराया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अपने दिन की शुरुआत योग से करके रोग और तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। योग कार्यक्रम में राकेश पुरी के अलावा वरिष्ठ महाप्रबंधक एस सी गुप्ता, संयुक्त महाप्रंबधक नवनीत गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हुए।

### बिजली विभाग में इंजीनियरों में हाथापाई, वीडियो वायरल

**बरेली।** सीलिंग बुक के बदले पांच हाजर रुपये की अवैध वसूली के खेल में एई अमित सक्सेना और जेई साबिर खान आपस में भिड़ गए दोनों में जमकर गाली-गलौज और हाथापाई हुई दोनों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है मामले की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी गई है । एई अमित सक्सेना और जेई साबिर खान परीक्षण खंड में ही तैनात है । जेई का तबादला आठ जून को क्योलड़िया के लिए कर दिया गया लेकिन अभी तक चार्ज हस्तांतरण नहीं हुआ है । बुधवार को दोनों में विवाद उपरांत जमकर गाली-गलौज और हाथापाई हुई। दोनों ने एक दूसरे को धमकी भी दी। मुख्य अभियंता राजीव कुमार शर्मा ने मामले की जांच के आदेश दिए। एसडीओ अमित कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि वह नकटिया उपकेन्द्र पर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराने के लिए गए थे उन्हें जानकारी हुई कि जेई साबिर खान कुछ सरकारी दस्तावेज ले जा रहे है। उन्होंने बिना पूछे सरकारी कागज ले जाने का विरोध किया तो आरोप है कि जेई ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। एसडीओ अमित कुमार ने कोतवाली पुलिस के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों से भी मामले की शिकायत की है गुरुवार को बिजली अधिकारियों के साथ पुलिस और एलआईयू ने भी एसडीओ और जेई से पूछताछ की ।

### बैंड की ठेली में उतरा करंट दो किशोरों की मौत-कई झुलसे

**बरेली।** गांव में बारात चढ़ते समय बैंड की ठेली हाईटेंशन लाइन से टकरा गई जिससे ठेली में करंट उतर आया और उसे चला रहे दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग झुलस गए सभी घायलों को निजी अस्पताल में में भर्ती कराने के बाद पुलिस ने मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर बैंड संचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । हाफिजगंज थाने के गांव धमीपुर निवासी रामपाल की बेटी राजबाला की बारात इज्जतनगर थाने के मोहरनिया गांव से आई थी हाफिजगंज के ही राजघाट से शहनाज बैंड को बुक किया गया था रात 11 बजे पुलिया के संकरे रास्ते पर सामने से कार आ रही कार को रास्ता देने के लिए बैंड की ठेली को सड़क किनारे किया तो उसका ऊपरी हिस्सा हाईटेंशन लाइन से छू गया इससे बैंड के साथ ही उस तार में भी तेज करंट उतर आया, जिसके सहारे लड़के लाइटें लेकर चल रहे थे हादसे में बग्घी चालक नन्हेलाल के साथ ही लाइट उठाने वाले पांच किशोर झुलस गए सभी घायलों को एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी भेजा गया जहां पहुंचते ही सचिन पुत्र प्रेमशंकर को डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया दूसरे किशोर सचिन पुत्र सतीश निवासी औरंगाबाद को नवाबगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की गई लेकिन डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित किया गया नन्हेलाल का नवाबगंज सीएचसी में इलाज चल रहा है जबकि बुरी तरह झुलसे पवन, अनिल और सनी को इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल लाया गया ।

### लेखपालों ने दी चेतावनी, की केस वापस लेने की मांग

**सीतापुर।** लेखपालों के कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन का दायरा सोमवार से बढ़ सकता है। सिधौली तहसील के दो लेखपालों के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमें से नाराज सिधौली तहसील के लेखपाल पिछले तीन दिनो से धरना प्रदर्शन कर रहे। जिनके समर्थन में शुक्रवार को जिले की सभी सातों तहसीलों के लेखपाल भी आ गए है। लेखपाल संघ की कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर निर्दोष लेखपालों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग की है। अन्यथा सोमवार से कार्य बहिष्कार पर जाने और तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है। लेखपाल संघ के महामंत्री राधेश्याम ने बताया कि इस मामले को लेकर उनका संगठन जिलाधिकारी अनुज सिंह से भी मिल चुका है। मिश्रिख तहसील के लेखपाल एसडीएम अनिल कुमार को अपनी मांगों का ज्ञापन देने पहुंचे है।

# बरसात आते ही स्वास्थ्य विभाग ने कसी कमर

**संवाददाता।** रमियाबेहड़-खीरी

**विकासखंड** रमिया बेहड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार रमिया बेहड में हुआ जिसकी अध्यक्षता बीडीओ प्रीति तिवारी ने किया। बताया कि यह अभियान प्रत्येक वर्ष चलता है अभियान में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करती हैं। संचारी रोग, जो व्यक्ति या जानवर से व्यक्ति में फैलते हैं वायरस बैक्टीरिया और कवक जैसे रोगजनक जैसे रोगों का कारण बनते हैं। संचारी रोग शारीरिक तरल पदार्थ कीड़े के काटने व दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के संपर्क में आने या हवा के माध्यम से फैल सकते हैं यह अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। बीसीपीएम संदीप मिश्रा ने बताया कि एक बार जब कोई वायरस व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कर जाता है तो वह अक्सर प्रतिकृति बनाना शुरू कर देता है। इसके लक्षण अलग-अलग होते हैं कुछ लोगों को किसी भी लक्षण का अनुभव नहीं होता है हालांकि कुछ गंभीर और संभावित लक्षण जीवन के लिए खतरा हो सकते हैं। रविंद्र कुमार बीसीपीएम यूनिसेफ ने बचाव संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि सभी को अपने हाथों को नियमित रूप से धोना चाहिए, घर पर सतहों को कीटाणु रहित करना, विशेष रूप से खिड़कियों दरवाजों के हैंडल और रसोई खाद्य पदार्थों को स्वच्छता के साथ अच्छी तरह से पकाना खराब खाना खाने से परहेज जंगली जानवरों को छूने से बचें हमें चाहिए कि हम घर के बाहर कूड़ा करकट ना होने दें अक्सर बरसात के मौसम में संचारी रोग अधिकतर फैलते हैं संचारी रोगों के फैलने से रोकने के लिए हम सभी को चाहिए कि हम अपने घरों के बाहर पानी जमा न होने दें जिससे घरों में संचारी संक्रामक रोग ना फैले। इस बैठक में वकताओं समेत बीसीपीएम अनिल कुमार रविंद्र कुमार बीएमसी यूनिसेफ तथा स्वास्थ्य विभाग एवं विकास विभाग के तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने अपना एक वादा पूरा किया

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने चुनाव के समय अपने किए गए वादों मे से आमजन अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया जिस नंबर पर शिकायत कर्ता काल एवं व्हाट्सएप प्रात: 10रू00 से 5रू00 बजे तक 9264962515 पर कर सकते है। हेल्पडेस्क का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने फीता काटकर किया तथा उन्होंने कहा कि नगर की सम्मानित जनता से किए गए वादे समय पर पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर सम्मानित सभासद राजेश अवस्थी, इजरान अहमद, हर्ष अवस्थी, धर्मेन्द्र वाल्मीकि, धर्मेन्द्र जायसवाल, शुफियान, दानिश राइन, अनिल गुप्ता, राजीव सैनी अल्लू, धर्मेन्द्र तिवारी, सुशील कश्यप, आशीष अवस्थी, शोभित सिंह, सौरभ तिवारी, शत्रोहन मिश्रा नगर अध्यक्ष भाजपा गोला, काके सहगल, ज्ञानू तिवारी, प्रभात गुप्ता सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सूफी संतों ने दिया शांति प्रेम और भाईचारे का पैगाम

**संवाददाता।** संडीला(हरदोई)



**सूफी** बुर्जुगों ने हमेशा लोगों को शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया है। सूफियों की दरगाहें हमेशा मोहब्बत का प्रतीक रही हैं। उनकी इन शिक्षाओं को सारी दुनिया में फैलाने के जरूरत है क्योंकि इन पर चलकर ही सारी दुनिया को एक परिवार बनाया जा सकता है।'' यह उद्गार दरगाह शाह मीना शाह के सज्जादानशीन मो राशिद अली मीनाई ने सैयद मो अहमद के सालाना उर्स के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। दरगाह सागर मियां पर आयोजित इस कार्यक्रम में मो मीनाई ने कहा कि सूफियों ने उस समय, जबकि छूआछूत, धार्मिक भेदभाव समेत तमाम तरह की सामाजिक बुराइयां फैली हुई थीं, अपनी दरगाहों के दरवाज़े तमाम लोगों के लिए खोले और सबको गले लगाते हुए उन्हें इंसानियत और भाईचारे का पैगाम दिया और यह काम आज भी इस सूफी बुर्जुगों की दरगाहें कामयाबी के साथ कर रही हैं। यहां न तो धार्मिक भेदभाव है, न जाति, रंग और नस्ल का भेद। सभी इंसान एक हैं यही भारत की मूल भावना है जिसे 'वसुधैव कुटुंबकम' के नाम से सारे संसार में जाना जाता है। इसी अवसर पर सज्जादा नशीन मो मुईज अमहद सागरी चिश्ती व निजामी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सूफियों की दरगाहों पर आने वालों को आत्मिक शांति और बंधुत्व की भावना के विकास की शिक्षा मिलती है। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि वे केवल यह सोचें कि वे इंसान हैं और इंसान के साथ इंसानियत का ही सुलूक होना चाहिए, यह भाव रखें। इसी मौके पर शहन काजी सैयद आरिफ अब्दुल्ला, परचमे मोहम्मदी कमेटी के अध्यक्ष फरीदुद्दीन अहमद, नायब काज़ी असद मेराज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसी अवसर पर पुस्तक 'शिजरा' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मो मुनीरुल हक सफवी, सूफी इंतिजार मीनाई, काशिफ मियां फिरंगी महली, मो मेंहदी हसन, सूफी इशरत, सैयत तारिक मियां आदि भी मौजूद रहे। महमानों की रस्म पगड़ी भी इस मौके पर अदा की गयी। इसी मौके पर मशहूर कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश किया। मज़ार पर चादर पोशी और गुल पोशी की गयी।

# बेंगलुरू जाएंगे उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में युवा

**संवाददाता।** बरेली।



**जिला** कांग्रेस कमेटी के शाहमतगंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर बेहतर भारत की बुनियाद अधिवेशन जो बेंगलुरु में 10 ,11,12 जुलाई को होने जा रहा है, की विस्तृत जानकारी के संबंध में प्रेस वार्ता हुई। बेहतर भारत की बुनियाद अधिवेशन का पोस्टर कलिक पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम और उत्तर प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव ने पोस्टर जारी किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि आज देश का युवा सबसे ज्यादा परेशान है उसके साथ छल कपट हुआ। भाजपा ने सत्ता में आने से पूर्व युवाओं को भविष्य के जो सपने दिखाए थे वे आज तक पूरे नहीं हो पाए। दो करोड़ नौकरियां हर साल देने का वादा था, हर वर्ग को हर सुविधा उपलब्ध कराने का वादा था, लेकिन आज हर वर्ग परेशान है। अब देश की जनता का गठबंधन होने जा रहा है और देश की जनता का गठबंधन ही इस तानाशाह सरकार को सत्ता से उतारेगा। अधिवेशन की विस्तृत जानकारी देते हुए ओमवीर यादव ने कहा कि अखिल भारतीय यूथ कांग्रेस कमेटी ने बेहतर भारत नाम का एक एप्प शुरू किया है जिसके जरिए देश भर के लाखों युवा जुड़ रहे हैं और चंदा भी दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य चंदा लेना नहीं है लेकिन जिस तरह से देशभर का युवा उत्साहित है और वह कांग्रेस पार्टी की ओर देख रहा है, आज देश के युवाओं के लिए बहुत ही चिंतन और मंथन का समय है यह अधिवेशन युवाओं के लिए एक नई दिशा और दशा तय करेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा भारतीय जनता पार्टी आज सिर्फ अपने उद्योगपति मित्रों को तरह-तरह के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध करा रही है उसको देश के गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं , व्यापारियों, छात्र-छात्राओं आदि किसी का भी ध्यान नहीं है। भाजपा मुख्य मुद्दों को छोड़कर देश की जनता को अन्य मुद्दों में उलझा कर रखना चाहती है ताकि वह अपनी बात ना कह पाए। उपस्थित कांग्रेस जनों में प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर के बी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिला महासचिव जिया उर रहमान, आफताब आलम, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष यामीन रजा, तबरेज ख़ान, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव साहिब सिंह, युवा नेता आकिल ख़ान, नगर अध्यक्ष सिरौली रियाजुल परधान, युसुफ नन्हे सहित बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समयबद्ध रूप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र करें लंबित विवेचनाओं का निस्तारण

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**एसपी** खीरी, गणेश प्रसाद साहा की अध्यक्षता में पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एएसपी, समस्त क्षेत्राधिकारी गण, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी सम्मिलित हुए। गोष्ठी के दौरान एसपी द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रूप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्यवाही करने व गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। गम्भीर अपराधों, पॉक्सो एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लागने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया एवं नेपाल राष्ट्र के बॉडर के थाने को एसएसबी के साथ साझा प्रभावी गश्त एवं चैकिंग हेतु निर्देशित किया गया। अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जन शिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांचकर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों एवं वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सतर्कता बनाये रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट देने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार कर रहे प्रधानमंत्री: पटेल

●बलिदान दिवस के तौर पर मनाई गई डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि



संवाददाता। चित्रकूट

**भाजपा** जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया। 11 मंडलों और सभी 850 बूथों में मुखर्जी जी के बलिदान दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। शुक्रवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने गोष्ठी में कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म छह जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में आशुतोष मुखर्जी के घर माता जोगमाया की कोख से हुआ। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी 1926 में इंग्लैंड से बैरिस्टर बनकर स्वदेश लौटे और 33 वर्ष की अल्पायु में आठ अगस्त 1934 को कलकत्ता विवि के सबसे कम आयु के कुलपति बन गए। वह कहते थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से सब एक हैं, जबकि धर्म के आधार पर विभाजन के वह कट्टर विरोधी थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ऐसे महामानव सदियों में जन्म लेते हैं।

## 15 जुलाई को होगी हाईस्कूल/इंटर कंपार्टमेंट परीक्षा

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के निर्देश में हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट एवं इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा वर्ष 2023 को आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा 15 जुलाई को संपादित कराई जाएंगी। जिसमें हाईस्कूल इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई को प्रथम पाली में आठ बजे से 11.15 बजे तक, इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा 15 जुलाई को द्वितीय पाली में दो बजे से 5.15 बजे तक संपन्न होगी। संबंधित परीक्षार्थी परिषद की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर 15 जुलाई को परीक्षा प्रारंभ होने के 45 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में पहुंचें। परीक्षा केंद्र राजकीय बालिका इंटर कालेज होगा।

# पालिका बोर्ड की प्रथम बैठक में 25 करोड़ के विकास कार्यों को हरी झंडी



संवाददाता। उरई, जालौन

**शुक्रवार** को नगर पालिका परिषद उरई बोर्ड उरई की प्रथम बैठक शांतिपूर्ण एवं परिचयात्मक हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हो गई जिसमें करीब 25 करोड़ के विकास कार्यों के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया इनमें सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही पेयजल, जल निकासी, सड़कों के निर्माण, विद्युत सामग्री की खरीद के अलावा अन्य कार्यों के प्रस्ताव शामिल हैं। नगर पालिका परिषद उरई की दूसरी बार अध्यक्ष बनी श्रीमती गिरजा चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की प्रथम बैठक अधिशासी अधिकारी विमला पति की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसका संचालन अकाउंटेंट राघवेंद्र मिश्रा एवं वरिष्ठ लिपिक निर्भय सिंह ने किया। नगर पालिका परिषद उरई के वार्डों के परिसीमन सीमा विस्तार प्रस्ताव पर विचार के साथ ही स्वीकृत हुआ, सीवरेज एवं जल निकासी योजना अंतर्गत नाला, नाली निर्माण कार्य को कार्य योजना तैयार कराए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ, पंडित दीनदयाल योजना अंतर्गत नगर में रोड चौड़ीकरण आदि कार्यों की कार्य योजना का प्रस्ताव स्वीकृत, पेयजल योजना अंतर्गत नगर में रीबोर, नये नलकूपों का निर्माण एवं पाइप लाइन बिछवाने की कार्य योजना तैयार कराने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन

●आयुष्मान कार्ड सुविधा लाभार्थियों को उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

●निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कमी होने पर कार्रवाई की दी चेतावनी



संवाददाता। कानपुर देहात

**शासन** के निर्देशों के क्रम में आम जन की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित कर जनता के मध्य सुशासन को स्थापित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में मैथा विकासखंड के ग्राम कारी करवारी के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

ग्राम चौपाल में ग्रामीणजनों द्वारा गांव में बरसात के कारण जलभराव, नाली, साफ सफाई, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जमीनी विवाद आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराएं तथा शिकायतकर्ताओं को शिकायत के निस्तारण से संतुष्ट अवश्य करें, वहीं गांव के समीप के जोगी डेरा बंजारा के भी लोगों ने जलभराव, राशन आदि के संबंध में शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को शिकायत के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

वहीं जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें तथा छोटे बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में अवश्य भेजें, इसमें लापरवाही न करें। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि गांव में पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय एवं नाली खड़ंजा का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराएं तथा ग्रामीणों की समस्याओं को सुनें, वहीं पंचायत सहायक द्वारा आयुष्मान कार्ड कम बनाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि शेष बचे हुए आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाएं।

# स्टेशन रोड पर चला अतिक्रमण विरोधी अभियान, सड़क हुई मुक्त



**उरई,** जालौन। शुक्रवार को जिलाधिकारी चांदनी सिंह के निर्देशन में नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश ने रेलवे स्टेशन रोड पर बाके कचौड़ी वाले व अन्य दुकानदारों द्वारा रोड पर किए गए अवैध अतिक्रमण को पुलिस बल व नगर पालिका कर्मचारियों की उपस्थिति में व उनके सहयोग से रोड को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उल्लेखनीय हो कि स्टेशन रोड पर अनेकों दुकानदारों द्वारा सड़क को अवरुद्ध कर अपने प्रतिष्ठानों को आगे तक बढ़ा लिया था जो आवागमन में वाधक बन चुनौती दे रहे थे।

ऐसे अतिक्रमणकारियों को पहले तो अपना अवैध अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया लेकिन जब उन्होंने सड़क को अतिक्रमण से मुक्त नहीं किया तो शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट रामप्रकाश अपने साथ पुलिस बल के साथ नगर पालिका कर्मियों व जेसीबी मशीन लेकर जा धमके इसके बाद अवैध अतिक्रमणकारियों की दुकानों को ध्वस्त करवा दिया गया। इसके साथ ही नगर मजिस्ट्रेट ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि दुबारा सड़क पर अवैध कब्जा किया तो उनसे जुर्माना तो वसूला ही जायेगा साथ ही उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

# चचेरे भाई की हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**माधौगढ़,** जालौन। साजिश कर अपने ही चचेरे भाई की ट्रक से कुचल कर हत्या करने के आरोपी को रामपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी ने पूरी घटना का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी ने सोची-समझी रणनीति के तहत हत्या को सड़क हादसे में बदलने की कोशिश की लेकिन जुर्म छिप नहीं सका। रविवार को रामपुरा थाना क्षेत्र के कंजौसा निवासी अरविंद (45) पुत्र रमेश चंद्र की जगम्मनपुर कंजौसा मार्ग पर गुफा मोड़ के पास उस समय ट्रक चालक रामजी ने कुचलकर हत्या कर दी थी,जब वह सुबह अपने खेत से सब्जी लेकर मोटर साइकिल से पास के बाजार जगम्मनपुर में बेंचने जा रहे थे। हत्या को सड़क हादसे में बदलने के लिए आरोपियों ने ट्रक से कुचलने की योजना बनाकर उसे अंजाम दिया। ताकि घटना को एक्सीडेंट दिखाया जा सके। लेकिन जांच में चचेरा भाई बाबू और लालाजी पुत्रगण राजाराम घटना का मास्टरमाइंड निकला

# एडीजी ने 33 महिला पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

●एडीजी व एसपी ने किया हर्दीकला व खंडेहा पुलिस चौकी का लोकार्पण

संवाददाता। चित्रकूट



**अपर** पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में थाना बरगढ़ की नव सृजित हरदीकला पुलिस चौकी व थाना मऊ की नव सृजित खण्डेहा पुलिस चौकी का लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने नव सृजित पुलिस चौकियों की मंजूरी कर भवन तैयार कराकर अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन मौजूदगी में उनके कर-कमलों से लोकार्पण हुआ। अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने मिशन शक्ति अभियान के तहत सराहनीय कार्य करने में परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, महिला थानाध्यक्ष शालिनी सिंह भदौरिया समेत अन्य 31 महिला सिपाहियों को प्रशस्ति-पत्र देकर पुरस्कृत किया।

वीरता का उदाहरण पेश करने वाली अवयस्क वीरांगना को अपने माता-पिता की अनुपस्थिति में जो अपने घर के अन्दर सोयी हुयी थी के घर में गांव का एक व्यक्ति बुरी नियत से घुसकर उसे जबरन एक कमरे में ले गया कि अपने बचाव में सूझ-बूझ व साहस का परिचय देते हुए कमरे के बाहर की कुंडी लगाकर आवाज देकर आस-पास लोगों को मौके पर बुलाकर अपनी रक्षा की। कु कामिनी (9) पुत्री कुबेर निवासी पहाड़ी बुजुर्ग को आठ अप्रैल को गेहूं फसल की थ्रेसिंग के दौरान कु अंजली (11) के सिर के बाल थ्रेसर के पट्टे में फसने से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी। अपनी बड़ी बहन को बचाव के प्रयास में सूझ-बूझ व वीरता के साथ उसकी रक्षा की। वीरता प्रशस्ति-पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## क्विक न्यूज

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म और दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी से मना करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेजा है। चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली युवती को कानपुर के अटवा निवासी सौरभ कुमार उर्फ आकाश ने शादी का झांसा देकर कई बार शारिरिक संबंध बनाए। युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने दहेज में बाइक और नगदी की मांग की। मांग पूरी न होने पर शादी से मना कर दिया। युवती ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने तीन माह पहले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष शेर सिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### छात्रा ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में मां से किसी बात के विवाद होने पर छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अमृतपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हूसा के निवासी पूर्व प्रधान सुरेंद्र पाल की 17 वर्षीय पुत्री सीमा इंटर की छात्रा थी। कल गुरुवार देर रात्रि मे सुरेंद्र पाल गांव के एक शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान उनकी पुत्री सीमा का अपनी मां से किसी बात को लेकर विवाद हो गया।इसके बाद सीमा ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर प्रातः जब इस घटना की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतका के शब को कब्जे में लेते ही उसके परिवारी जनों ने पोस्टमार्टम कराए जाने का विरोध किया लेकिन थानाध्यक्ष के निर्देश पर, पुलिस ने मतृका के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन बने डॉ. अनुराग

**फतेहपुर।** विकास भवन के सभागार में रेडक्रास सोसाइटी आफ इंडिया की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। जिसमें डा. अनुराग श्रीवास्तव व डा. बीपी पांडेय की कार्यकारिणी शामिल हुई। चुनाव में एक सौ छः मत पाकर डा. अनुराग की कार्यकारिणी विजयी घोषित हुई। डा. अनुराग चेयरमैन निर्वाचित हुए तत्पश्चात समर्थकों ने ढोल-ताशे के बीच माला पहनाकर स्वागत किया गया। रेडक्रास सोसाइटी की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव विकास भवन सभागार में चुनाव अधिकारी अपर उपजिलाधिकारी मनीष कुमार, पर्यविक्षक अंगद सिंह, शफीक जमा खान की उपस्थिति में हुआ। चुनाव में डॉ अनुराग श्रीवास्तव व डॉ बीपी पांडेय के सदस्यों के बीच हुआ। जिसमें कुल 165 मत आजीवन सदस्यों ने दिए। जिसमें एक मत अवैध घोषित हुआ। 164 मतों में 106 मत डॉ अनुराग व उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों को प्राप्त हुए। वहीं बीपी पांडेय के सदस्यों को 58 मत मिले। डॉ अनुराग व उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों को विजयी घोषित किया गया।

### भाजपा ने मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में जनपद के विभिन्न बूथों पर गोष्ठी का आयोजन करके मनाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सदर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम मंडल में बूथ संख्या 284 हाता मिंटू खा में बूथ अध्यक्ष प्रवीण कश्यप के आवास पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कश्मीर को भारत से जोड़ने के लिए एक बड़ा आंदोलन चलाया।

### पुलिस ने दबोचा शराब कारोबारी

**चित्रकूट।** अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह की टीम ने भैरो प्रसाद पुत्र चुनकावन निवासी सेमरिया जगन्नाथवासी को 28 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। टीम में दरोगा प्रवीण सिंह, सिपाही आशीष सिंह, शिवम मिश्रा शामिल रहे।

### जहरीले सांप ने किशोरी को काटा, मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर मजरे बरार गांव निवासी विजय सिंह निषाद की 11 वर्षीय पुत्री राधना देवी घर के समीप खेल रही थी। तभी किसी जहरीले सांप ने उसको काट लिया। कुछ समय बाद सांप के जहर का असर किशोरी पर होने लगा तो परिजनों को जानकारी होने पर उसको इलाज के लिए लेकर जा रहे थे। तभी उसकी रास्ते में मौत हो गई।

# प्रभुदत्त दीक्षित बने जिला कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष

संवाददाता। फतेहपुर



**डिस्ट्रिक** कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पद पर प्रभुदत्त दीक्षित को निर्विरोध चुना गया। अध्यक्ष पद पर एकल नामांकन होने से प्रभुदत्त दीक्षित को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। निर्विरोध अध्यक्ष घोषित होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रभुदत्त दीक्षित को फूल-मालाओं से लादकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर खुशियां मनाई। शुक्रवार को कोआपरेटिव बैंक परिसर में आयोजित चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद पर पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे प्रभुदत्त दीक्षित की अध्यक्ष पद पर ताजपोशी के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का जिला सहकारी बैंक पर एक बार फिर से कब्जा बरकरार हो गया।

भाजपा की ओर से कोआपरेटिव संघ चुनाव की कमान पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह को सौंपी गयी थी। पार्टी द्वारा समर्पित कार्यकर्ताओं को डायरेक्टर बनवाना सुनिशित किया गया। 14 डायरेक्टरों में से 13 के निर्वाचन के बाद सभापति पद के लिये पार्टी द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित का नाम प्रस्तावित किया गया था।

# पंकज अग्रवाल निर्विरोध बने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष



**चित्रकूट।** जिला सहकारी बैंक बांदा के अध्यक्ष पद को वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष पद पर मधुरेन्द्र प्रताप सिंह ने नामांकन किया। दोनों पदों पर दूसरा कोई नामांकन न होने पर दोनों को निर्विरोध अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुन लिया गया। निर्वाचन सम्पन्न होते ही समर्थकों के हुजूम ने अध्यक्ष बने पंकज अग्रवाल को फूल -मालाओं से लादकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शुक्रवार को बांदा जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पद के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं अन्य किसी के नामांकन न करने पर पंकज अग्रवाल को निर्विरोध चुन लिया गया। इसी प्रकार मधुरेन्द्र प्रताप सिंह को भी उपाध्यक्ष चुना गया।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 10 हजार का ईनामी



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पुलिस** अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में अपराध एक अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉण् संजय कुमार कोतवाली फतेहगढ़ के पर्यवेक्षण में बातचीत अधिकारी नगर प्रदीप सिंह व प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे कोतवाली फर्रुखाबाद के कुशल के नेतृत्व में व व उ व नि व अवध नारायण पांडे मह हमराद फोर्स के साथ गैंगस्टर एक्ट हमें वाछित 10,00 इनामिया पप्पू उर्फ राम प्रसाद पुत्र नवल किशोर निवासी जंगबाज कोतवाली फर्रुखाबाद थाना कोतवाली फर्रुखाबाद मुखबिर की सूचना पर रात्रि 11. 45 नेपाली ग्राउंड छोटा बंगशपुरा शहर कोतवाली फर्रुखाबाद के पास गिरफ्तार किया गया।

# सोलर प्लेट चोर गिरोह के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना पुलिस ने सोलर प्लेट चोर गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की 15 सोलर प्लेटें अनुमानित लागत 2 लाख 10 हजार की कीमत वाली तथा 50 हजार 200 की नगदी बरामद की। फतेहगढ़ की पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्रनाथ राय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज ने अपने दल बल के साथ शुक्रवार तड़के रात्रि 1: 50 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम भरखा चौराहे पर नाकेबंदी करके एक ऑटो यूपी 76 टी0 3 649 को कन्नौज जिले के गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ववरारपुर बहाल निवासी थाना मऊ दरवाजा के मोहगा टिलिया बीबीगंज निवासी अर्पित शाक्य व इसी थाना क्षेत्र के ग्राम खदिया के निवासी नितिन यादव को धर पकड़ा गया। पुलिस उपाधीक्षक (अमृतपुर) रवींद्रनाथ राय ने बताया कि अंतर्जनपदीय सोलर प्लेट चोर गिरोह के दोनों शातिर बदमाशो ने शाहजहांपुर जिले के अगाहगंज थाना क्षेत्र तथा इस जिले के राजेपुर थाना क्षेत्रों से पिछले महीनों में चोरी गई सोलर प्लेटो में से 15 सोलरप्लेट अलग-अलग स्थानों से बरामद की गईं।

# पेज एक का शेष

## आतंकवाद से...

कि उसके कब्जे वाले किसी क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने के लिए न किया जाए। उन्होंने 26।11 मुंबई हमलों और पठानकोट हमले के दोषियों को सजा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने आतंकवादी साजिशों के लिए मानवरहित ड्रोन और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकियों का दुनियाभर में इस्तेमाल बढ़ने पर भी चिंता व्यक्त की।

## हिंद-प्रशांत...

समावेशी हिंद-प्रशांत का साझा दृष्टिकोण रखते हैं, जो सुरक्षित समुद्रों से जुड़ा हो, जो अंतरराष्ट्रीय कानूनों से परिभाषित हो और जहां किसी का प्रभुत्व न हो। उन्होंने कहा कि दोनों देश ऐसे क्षेत्र की कल्पना करते हैं, जहां सभी छोटे-बड़े देश अपने फैसले स्वतंत्र और निडर होकर कर सकें, जहां तरक्की ऋण के असंभव बोझ तले दबी नहीं हो, जहां संपर्क सुविधाओं का लाभ सामरिक उद्देश्यों के लिए नहीं उठाया जाए और जहां सभी देश मिलकर समृद्धि हासिल कर सकें। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, जिनमें चीन ने बुनियादी ढांचों में अत्यधिक निवेश किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारी सोच किसी को रोकने या किसी को अलग रखने पर आधारित नहीं है, बल्कि यह शांति एवं समृद्धि का सहकारी क्षेत्र बनाने को लेकर है। हम क्षेत्रीय संस्थानों और क्षेत्र के भीतर एवं बाहर के अपने भागीदारों के साथ काम करते हैं।

## आतंकवाद पर...

आह्वान किया गया है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की मांग की कि पाकिस्तानी सरजमीं का इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने के लिए नहीं किया जाए। इसमें कहा गया है कि बाइडन और मोदी ने अलकायदा, दाएश और हिजबुल-मुजाहिदीन सहित सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान भी किया। समाचार पत्र द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार मोदी के अमेरिका के राजकीय दौरे पर जारी एक संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने कथित तौर पर पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया गया है।

## विपक्ष ने...

भी इस बैठक में शामिल हुए। करीब चार घंटे तक चली मैराथन बैठक के बाद विपक्षी नेता मीडिया से मुखातिब हुए, लेकिन आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल संवाददाता सम्मेलन में नहीं पहुंचे। केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा बैठक के तत्काल बाद पटना से दिल्ली रवाना हो गए। विपक्षी दलों की बैठक के बाद नीतीश कुमार ने विपक्षी नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, काफी अच्छी मुलाकात हुई...एक साथ चुनाव लड़ने और सब तरह की सहमति हो गई है। एक बैठक और होगी। एक बैठक हो जाएगी, तो उसमें सारी चीजें अंतिम रूप ले लेंगी। उन्होंने कहा, सब लोग मिलकर चलेंगे, यह देश के हित में है। जो लोग अभी शासन में हैं, वे देश के हित में काम नहीं कर रहे हैं। वे देश का इतिहास बदल रहे हैं। कुमार ने दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, अगर किसी राज्य के बारे में कोई चुनौती आती है, तो सब साथ रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगली बैठक जुलाई महीने में हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में होगी। उन्होंने कहा, सभी नेतागण एक होकर चुनाव लड़ने का एजेंडा तैयार कर रहे हैं। हम सभी जल्द ही शिमला में मिलेंगे, जहां आगे के लिए निर्णय लिया जाएगा। हम एकजुट होकर 2024 की लड़ाई लड़ेंगे और भाजपा को सत्ता से हटाकर लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि हर राज्य के लिए अलग-अलग रणनीति बनाएंगे, क्योंकि एक ही रणनीति हर जगह काम नहीं करेगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, यह विचारधारा की लड़ाई है, हम एक साथ खड़े हैं, हमारे बीच थोड़े-बहुत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हमें मिलकर काम करना है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा, हम एक हैं, हम मिलकर लड़ेंगे। अगले महीने बैठक होगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एम के स्टालिन ने कहा कि बैठक में प्रधानमंत्री पद के साझा उम्मीदवार को लेकर फैसला नहीं हुआ, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए सभी लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने का संकल्प लिया गया है। नेशनल कॉन्फ्रेस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह सत्ता की लड़ाई नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा, मैं और महबूबा साहिबा मुल्क के उस बदनसीब इलाके से ताल्लुक रखते हैं, जहां लोकतंत्र का दिनदहाड़े कत्ल किया जा रहा है। विपक्षी दलों की बैठक के बाद पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, हमारी कोशिश यह रहेगी कि हम गांधी के मुल्क को गोडसे का मुल्क नहीं बनने देंगे।

## कुपवाड़ा में...

रहे हैं। सुरक्षाबलों के संयुक्त अभियान ने कार्रवाई करते हुए चार आतंकियों को ढेर कर दिया। कुपवाड़ा में चार आतंकियों के मुठभेड़ की खबर उस समय आई जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को एक दौरे पर जम्मू-कश्मीर पहुंचे थे। अमित शाह जम्मू में भाजपा कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले 16 जून को भी जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के पास सुरक्षा एजेंसियों की आतंकियों के साथ मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 5 आतंकियों को ढेर कर दिया था।

## अमित शाह...

ऊंचाई पर स्थित तीर्थस्थल के लिए एक जुलाई से यह यात्रा शुरू हो रही है, जो 31 अगस्त को समाप्त होगी। नई दिल्ली में नौ जून को आयोजित एक बैठक में शाह ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्राथमिकता सुगम अमरनाथ यात्रा सुनिश्चित करना है। उन्होंने तब अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर में पूरे तीर्थयात्रा मार्गों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। यह तीर्थयात्रा जम्मू और कश्मीर में दो मार्गों - बालटाल और पहलगाम से होती है। सभी तीर्थयात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाएंगे ताकि उनके वास्तविक स्थान का पता लगाया जा सके और सभी को पांच लाख रुपए का बीमा कवर दिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50,000 रुपए का बीमा कवर होगा। सूत्रों के मुताबिक पिछले साल करीब 3.45 लाख लोगों ने पवित्र हिम शिवलिंग के दर्शन किए थे, और इस बार यह संख्या पांच लाख तक पहुंच सकती है।

## भाजपा ने...

साबित हो गया है कि कांग्रेस अकेले मोदी को नहीं हरा सकती, इसलिए उसे दूसरों का सहारा चाहिए। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, मैं विशेष रूप से कांग्रेस का आभार व्यक्त करना चाहती हूं जिसने सार्वजनिक तौर पर घोषित कर दिया है कि वह अकेले मोदी को हराने में नाकाम है। इसलिए उसे सहारे की जरूरत है।

## उप्र बोर्ड...

के तहत 50 अंक की लिखित परीक्षा रखी है और 50 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा रखी है। बोर्ड ने 11वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में कंप्यूटर विषय के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉक चेन टेक्नोलाजी, डिजिटल क्रिप्टो करेंसी एआर-वीआर, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, थ्रीडी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग आदि का समावेश किया है ताकि विद्यार्थी उभरती प्रौद्योगिकियों से रूबरू हो सकें। वहीं 12वीं के कंप्यूटर विषय में रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी, कोर जावा लैंग्वेज, एडवांस्ड जावा लैंग्वेज को शामिल किया गया है। अध्ययन सत्र 2023-24 से एनसीसी को भी नौवीं से 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया गया है।

# परमाणु संयंत्र पर रूस के हमले से पहले कार्रवाई करें अन्य देश : जेलेंस्की

## ●यूक्रेन के राष्ट्रपति ने दूसरे देशों से किया आग्रह



भाषा। कीव

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन चाहता है कि अन्य देश उसकी चेतावनी पर ध्यान दें कि रूस विकिरण आपदा पैदा करने के लिए कब्जे वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला करने की योजना बना सकता है। उनकी सरकार के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर संभावित खतरे के बारे में जानकारी दी। अपने रात्रिकालीन संबोधन में, जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अन्य देश मास्को को उचित संकेत देंगे और दबाव डालेंगे। जेलेंस्की ने कहा, हमारा सिद्धांत सरल है: दुनिया को पता होना चाहिए कि कब्जा करने वाला क्या तैयारी कर रहा है। जो कोई भी जानता है उसे अवश्य कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, विकिरण आपदा की तो बात ही छोड़िए, दुनिया के पास किसी भी विकिरण घटना को रोकने के लिए पर्याप्त शक्ति है। पछले साल रूसी सैनिकों द्वारा यूक्रेन पर हमला करने और संयंत्र को कब्जे में लेने के बाद से विकिरण के जीवन-घातक उत्सर्जन की संभावना एक चिंता का विषय रही है। यह यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है। शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र की स्थिति पर चर्चा करने के लिए रूसी राज्य परमाणु निगम रोसाटॉम के निदेशक एलेक्सी लिकाचेव से मुलाकात की।

### जुलाई में मॉस्को में होने वाले एयरशो को रद्द कर सकता है रूस



मॉस्को। रूस इस साल के मॉस्को एयर शो को रद्द कर सकता है, जो दशकों से नए युद्धक विमानों को दिखाने और एयरोस्पेस अनुबंधों पर बातचीत करने का एक प्रमुख स्थल रहा है। एयर शो की आयोजन एजेंसी के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।सरकारी समाचार एजेंसी ताश ने सरकार के स्वामित्व वाले रक्षा समूह रोस्टेक मे अंतरराष्ट्रीय सहयोग मामलो के निदेशक विक्टर क्लाडोव के हवाले से कहा कि पूरी संभावना है शो इस साल नही होगा जो जुलाई के अंत के लिए निर्धारित किया गया था। लाडोव ने कार्यक्रम को स्थगित करने का कोई कारण नही बताया, लेकिन रूसी समाचार मीडिया ने पहले संकेत दिया था कि यह यूक्रेन संघर्ष के चलते रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों की वजह से किया गया। प्रतिबंध के कारण अंतरराष्ट्रीय भागीदारी कम हो जाएगी और निर्माताओ को कलपुर्जो की आपूर्ति प्रभावित होगी। खबरो में अज्ञात स्रोतो का हवाला देते हुए यह भी कहा गया है कि मई मे क्रेमलिन और मॉस्को के बाहरी इलाके मे हुए ड्रोन हमलो के मद्देनजर सुरक्षा चिताएं भी है।

### रूसी एजेंसी प्रमुख के वीडियो से रूस के सैन्य अधिकारियों के बीच आंतरिक कलह सामने आई

मास्को। रूस की निजी सैन्य एजेंसी वैग्नर के प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन का दिल दहला देने वाला एक वीडियो सामने आया है जिसमे वह यूक्रेन मे अपने मारे गए जवानों के खून से सने शवों के बीच खड़े होकर चिल्लाते हुए रूस के सैन्य अधिकारियो को कोसते देखे जा सकते है। अरबपति प्रिगोझिन को इस वीडियो मे चिल्लाकर यह कहते सुना जा सकता है, वे स्वयंसेवक के रूप मे यहां आए थे और आप अपने शानदार दफ्तरों में आराम से बैठ सकें, इसलिए उन्होंने जान गंवा दी। आप अपने महंगे क्लब मे बैठे है, आपके बच्चे मजे से रह रहे है और यूट्यूब पर वीडियो बना रहे है। जो हमें हथियार नही दे रहे, उन्हें जहन्नुम में जिंदा खाया जाएगा। यह वीडियो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के बीच आपसी मतभेद को जाहिर करने के लिए काफी है। मई में बनाया गया प्रिगोझिन का यह वीडियो और सैन्य नेतृत्व के खिलाफ उनकी मुखर आवाज पर पुतिन या अन्य किसी सैन्य अधिकारी की ओर से कोई बयान नही आया है। कुछ लोग इस कलह पर जवाब नही देने के पुतिन के रुख को रूस के राजनीतिक परिदृश्य मे महत्वपूर्ण बदलाव की तरह देखते है और आगे कई आंतरिक लड़ाइयों की आशंका जताते है।

## नेपाल ने आदिपुरुष को छोड़कर अन्य हिंदी फिल्में दिखाए जाने की अनुमति दी

भाषा। काठमांडू

**नेपाल ने** आदिपुरुष को छोड़कर अन्य हिंदी फिल्में दिखाए जाने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। फिल्म आदिपुरुष में देवी सीता को भारत की पुत्री बताए जाने से उपजे विवाद के बाद नेपाल ने कुछ दिन पहले हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी। काठमांडू में कई सिनेमाघरों ने हिंदी फिल्म का प्रदर्शन बहाल कर दिया है जबकि आदिपुरुष पर प्रतिबंध बरकरार है। शहर स्थित क्यूएफएक्स सिनेमा में अभिनेत्री सारा अली खान और अभिनेता विक्की कौशल अभिनीत फिल्म जरा हटके, जरा बचके का प्रदर्शन किया गया। नेपाल मोशन पिक्चर एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि आदिपुरुष को छाड़कर सभी नेपाली और विदेशी फिल्में शुक्रवार से प्रदर्शित की जाएंगी। फिल्म आदिपुरुष में देवी सीता को भारत की पुत्री बताए जाने से उपजे विवाद के बाद काठमांडू के मेयर बलेंद्र शाह ने इस फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी।ई लोगों का मानना है कि सीता, जिन्हें जानकी भी कहा जाता है।

## क्विक न्यूज

### गोटबाया राजपक्षे पर सामूहिक कब्र के पुलिस रिकॉर्ड नष्ट कराने का आरोप

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे पर आरोप है कि उन्होने 1988-89 के मार्क्सवादी विद्रोह के दौरान सैन्य समन्वयक रहते हुए देश में मिली एक सामूहिक कब्र के पुलिस रिकॉर्ड कथित रूप से नष्ट करा दिए थे। एक अंतरराष्ट्रीय अधिकार समूह ने यह आरोप लगाया। सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स डेवलपमेंट , इंटरनेशनल ट्रूथ एंड जस्टिस प्रोजेक्ट , जर्नलिस्ट्स फॉर डेमोक्रेसी इन श्रीलंका और फैमिलीज ऑफ द डिसएपियर्ड द्वारा लिखित रिपोर्ट मास ग्रेव्स एंड फेल्ड एक्स्युमेशन्स इन श्रीलंका बृहस्पतिवार को जारी की गई। सामूहिक कब्र 2013 में मध्य श्रीलंका के मटाले जिले मे खोजी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राजपक्षे की कथित कार्वाई राजनीतिक हस्तक्षेप का प्रमुख उदाहरण है।रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका को इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन द प्रोटेक्शन ऑफ पीपुल फ्रॉम एनफोर्स्ड डिसएपियरेंसिस के अनुच्छेद 12(4) के तहत राजपक्षे के खिलाफ कार्वाई करनी चाहिए।रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा मंत्रालय मे तत्कालीन सचिव गोटबाया राजपक्षे ने कथित तौर पर मटाले सहित मध्य प्रांत के थानो में पांच साल से अधिक पुराने सभी पुलिस रजिस्टर और रिकॉर्ड नष्ट करने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि जुलाई 1989 और जनवरी 1990 के बीच मटाले जिले के सैन्य समन्वय अधिकारी थे और बाद में वह श्रीलंका के राष्ट्रपति बन गए। दक्षिणपंथी समूह द इंटरनेशनल ट्रूथ एंड जस्टिस प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने कभी इस रिपोर्ट को खारिज नही किया।

### आर्थिक संकट के कारण कुछ लोगों के लिए हज पर जाना हुआ मुश्किल



काहिरा। सऊदी अरब सोमवार से एक बार फिर हज की मेजबानी के लिए तैयार है। लेकिन वैश्विक मुद्रास्फीति और आर्थिक संकट के कारण कई हज यात्रियों का इस्लाम की धार्मिक यात्रा पर जाना मुश्किल हो गया है। मिस्र की राजधानी काहिरा में विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर मोहम्मद ने कहा कि हज के लिए वह हर साल आवेदन करते है। लेकिन इस बार वह आवेदन नही कर रहे है।

### जर्मन संसद ने कुशल कामगारों को आकर्षित करने की योजना को मंजूरी दी

बर्लिन। जर्मनी की संसद ने कुशल कामगारो को आकर्षित करने की योजना को शुक्रवार को मंजूरी दे दी ताकि यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में कामगारों व पेशेवरों की कमी को दूर किया जा सके। संसद ने 234 के मुकाबले 388 मतो से विधेयक को मंजूरी दी जबकि 31 सांसद अनुपस्थित रहे। नए कानून मे पेशवरो के लिए प्वांइट प्रणाली का प्रावधान है जिनमे पेशवर के अनुभव और अन्य तथ्यो को संज्ञान मे लिया जाएगा। इस तरह की प्रणाली पहले से ही कनाडा जैसे देशों में लागू है। नए कानून से उन सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवरो को आसानी होगी जिनके पास विश्वविद्यालय की डिग्री नही है लेकिन अन्य योग्यताएं है। विधेयक के मुताबिक शरण लेने की चाह मे 29 मार्च से पहले आए उन लोगो को स्थाई निवास परमिट दिया जाएगा जिनके पास योग्यता और नौकरी दोनो है, बशर्ते वे शरण मांगने संबंधी आवेदन वापस ले ले। इससे उन्हे देश से निकाला नही जाएगा और वे यहा वर्क परमिट ले सकते है। मसौदे के मुताबिक उच्च कुशलता प्राप्त कर्मियो को अपने और संबंधियो को जर्मनी लाने की अनुमति होगी। जर्मनी वर्षो से यूरोपीय संघ के बाहर से अधिक कुशल श्रमिको को आकर्षित करने की आवश्यकता महसूस कर रहा है क्योकि उसकी उम्रदराज होती आबादी और सिकुड़ते कार्यबल के बीच हर साल चार लाख कुशल कामगारो की जरूरत है।

### नेपाल में सड़क दुर्घटना में पांच की मृत्यु, 12 घायल

काठमांडू। नेपाल के गंडकी प्रांत मे एक विवाह समारोह से लौट रहे यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई मे गिर जाने से कम से कम पांच लोगों की मृत्यु हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि प्रांत के कोटगांव जिले मे शुक्रवार शाम यह दुर्घटना घटी। पुलिस के अनुसार, वाहन मे 19 यात्री सवार थे, जो सड़क से फिसलकर गहरी खाई मे गिर गया। उसने कहा कि घायलो का अंबूखैरेनी अस्पताल में इलाज चल रहा है, वही मृतको के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए है।

### पाक की पंजाब सरकार ने 9 मई की गिरफ्तारियों पर रिपोर्ट सौंपी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान मे पंजाब सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को एक रिपोर्ट सौपी, जिसमे नौ मई की हिसा के बाद प्रांत मे गिरफ्तार किए गए लोगो की संख्या का विवरण दिया गया है। शीर्ष अदालत ने हिरासत मे लिए गए महिलाओ और पत्रकारो सहित सैकड़ो कथित दंगाइयो के रिकॉर्ड तलब किए थे।डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को शीर्ष अदालत मे सुनवाई फिर से शुरू होने पर पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि लोक व्यवस्था बनाए रखने के तहत 2,258 लोगो के लिए हिरासत के आदेश जारी किए गए थे, जिसमे 21 लोग जेल मे थे।

### प्राकृतिक मेंहदी है सुरक्षित

मुंबई। शोध करके 100 प्रतिशत प्योर हिना (मेंहदी) बेहतरीन क्वालिटी वाली मेंहदी की पत्तियों से तैयार किया गया है और इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया गया है। बजाज का यह प्रोडक्ट 100 फीसदी प्राकृतिक और पूरी तरह सुरक्षित है। इसका उपयोग हाथों और पैरों पर भी किया जा सकता है, जो इसे वास्तव में मल्टीपरपज ब्यूटी (सौंदर्य) प्रोडक्ट बनाता है। यह एक इनोवेटिव प्रोडक्ट है, जो पूरी तरह से प्राकृतिक है और उसे खासतौर से उपभोक्ताओं को उनके बालों को कंडीशन करने के साथ-साथ एक नेचुरल कलर यानी प्राकृतिक रंग देने जैसे संपूर्ण समाधान प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। बजाज कंज्यूमर केयर के मैनेजिंग डायरेक्टर जयदीप नंदी ने कहा कि मेंहदी सदियों से भारत में पारंपरिक सौंदर्य व्यवस्था का हिस्सा रही है और हम बजाज 100 प्रतिशत प्योर हिना को पेश करते हुए बहुत खुश हैं। यह पूरी तरह से प्राकृतिक और सुरक्षित उत्पाद है। बजाज ब्रॉन्ड नाम कई दशक से लाखों भारतीयों के लिए भरोसे का पर्याय है।

### रूसी सेना को यूक्रेन में बच्चों, विद्यालयों पर हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने काली सूची में डाला

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने यूक्रेन मे संघर्ष के दौरान बच्चो के अधिकारो के हनन, उनकी जान लेने, स्कूलो तथा अस्पतालो पर किए गए हमलो को लेकर रूसी सेना को अपनी वार्षिक काली सूची मे डाल दिया है।द एसोसिएटेड प्रेस को बृहस्पतिवार को एक नई रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।विश्व निकाय के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने सुरक्षा परिषद को दी गई रिपोर्ट मे कहा कि वह वर्ष 2022 मे यूक्रेन मे बच्चो के खिलाफ गंभीर उल्लंघन के मामलो की बड़ी संख्या से स्तब्ध है। उनके अनुसार, विद्यालयो और अस्पतालो पर हुए ताबड़तोड़ हमलो की संख्या से वह हैरान है, बच्चो को हिरासत मे लिए जाने को लेकर वह चिंतित है और कुछ यूक्रेनी बच्चो को रूस ले जाए जाने को लेकर परेशान है।हालांकि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने पिछले वर्ष।,139 फलस्तीनी बच्चो के खिलाफ गंभीर उल्लंघन के मामलो को लेकर इजराइल को काली सूची मे नही डाला है। इनमें 54 बच्चो की मौत के मामले भी है।

## मिस्र की यात्रा पर मोदी प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे

भाषा। काहिरा



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शनिवार से शुरू होने वाली मिस्र की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रथम विश्व युद्ध में मिस्र और फलस्तीन में जान गंवाने वाले बहादुर भरतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे। प्रधानमंत्री मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में 24 से 25 जून तक मिस्र की राजकीय यात्रा पर काहिरा जाएंगे। मोदी मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी के निमंत्रण पर यह यात्रा करने वाले हैं। मोदी 1997 के बाद द्विपक्षीय यात्रा पर मिस्र की यात्रा पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे।मोदी हेलियोपोलिस युद्ध स्मारक जाएंगे और शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे। यह उन करीब 4000 भारतीय सैनिकों के स्मारक के रूप में है, जो प्रथम विश्व युद्ध में मिस्र और फलस्तीन में शहीद हुए। एक स्थानीय नागरिक मरवान ने कहा, हमें बताया गया है कि प्रधानमंत्री जल्द ही युद्ध स्मारक आएंगे। मिस्र के लोग उदार हैं और हम उनका स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल समाधि स्थल उन सैनिकों से संबंधित है, जो प्रथम विश्व युद्ध के दौरान लड़े। हम यहां आगंतुकों और पर्यटकों का हमेशा स्वागत करते हैं और खासतौर पर मिस्र में भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। सैनिकों से जुड़े युद्ध स्मारक के प्रवेश द्वार पर भारत के बहादुर सैनिकों के सम्मान में एक पवेलियन हेलियोपोलिस पोर्ट ट्वेफिक मेमोरियल है। दुर्भाग्य से मूल स्मारक पोर्ट ट्वेफिक 1970 में इजराइल मिस्र संघर्ष के दौरान नष्ट हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले 20 जून को अपने बयान में कहा था कि वह अमेरिका की यात्रा के बाद मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी के निमंत्रण पर काहिरा की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा था, मैं एक करीबी और मित्र देश का पहला राजकीय दौरा करने को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा था, मुझे इस वर्ष हमारे गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति सीसी का स्वागत कर बहुत खुशी हुई। कुछ महीनों के अंतराल में ए दो यात्राएं मिस्र के साथ तेजी से विकसित हो रही हमारी साझेदारी का प्रतिबिंब हैं, जिसे राष्ट्रपति सीसी की यात्रा के दौरान रणनीतिक साझेदारी के रूप में उन्नत किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, मैं हमारी सभ्यतागत और बहुआयामी साझेदारी को और गति प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति सीसी और मिस्र सरकार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।

## दक्षिण अफ्रीका: मई में हुए धमाके की सही जानकारी अब आई सामने, 31 खनन मजदूरों की मौत

भाषा। जोहानिसबर्ग

**दक्षिण** अफ्रीका में पिछले माह एक अनुपयोगी खदान में हुए गैस धमाके में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। पिछले महीने घटी इस घटना की सही जानकारी अब सामने आई है। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के खनिज संसाधन और ऊर्जा विभाग ने कहा, संभव है कि संदिग्ध अवैध खनन मजदूरों की मौत 18 मई को हुई हो और अधिकतर मजदूरों के शव अभी खदान में हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि प्राधिकारियों को खदान के अंदर से शवों को बरामद करने के लिए तलाशी दलों को भेजने से रोका गया क्योंकि वहां बड़ी मात्रा में खतरनाक मीथेन गैस थी। बयान में कहा गया कि मंत्रालय, इस अनोखी और असमान्य स्थिति से तेजी से निपटने के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका के सोने के पुराने खनन क्षेत्रों में अवैध खनन बड़े स्तर पर होता है, जहां खनिक भंडार की खोज के लिए बंद और अक्सर खतरनाक खदानों में जाते हैं। विभाग ने कहा कि उसे सूचना मिली है कि तीन शवों को बरामद कर लिया गया है जिन्हें साथी मजदूर खदान से बाहर लाए थे।ुलिस ने कहा कि अन्य 16 संदिग्ध अवैध खनन मजदूरों ने खुद को प्राधिकारियों के हवाले कर दिया है जोकि खदान में मौजूद थे। प्राधिकारियों ने कहा कि उनका मानना है कि खदान मजदूर पड़ोसी देश लेसोथो के नागरिक हैं। लेसोथो के विदेश मंत्रालय ने हाल ही में घटना के बारे में दक्षिण अफ्रीकी प्राधिकारियों को जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि यह खदान दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी सोना खनन कंपनी हारमनी के पास थी जिसमें आखिरी बार परिचालन वर्ष 1990 के दशक में हुआ था। यह केंद्रीय फ्री स्टेट प्रांत के वेलकम शहर में स्थित है।

## पाक वित्त मंत्री डार विवादों में घिरे, आईएमएफ सौदे को लेकर सवाल उठाने पर पत्रकार से उलझे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार एक पत्रकार के साथ तीखी नोकझोक के कारण विवाद के केंद्र मे है। पत्रकार का आरोप है कि एक रुके हुए आईएमएफ सौदे के बारे में सवाल पूछने पर राजनेता ने उन्हे थप्पड़ मारा। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना बृहस्पतिवार को हुई जब डार नेशनल असेंबली के सत्र को संबोधित करने के बाद संसद परिसर से बाहर निकल रहे थे, तभी पत्रकार शाहिद कुरैशी ने उनसे संपर्क किया। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए एक वीडियो में, रिपोर्टर को डार से पूछते हुए देखा जा सकता है कि क्या वह बात करना चाहेगे और मंत्री ने जवाब दिया कि वह अभी अभी भाषण देकर निकले है। इसके बाद कुरैशी ने रुके हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम की प्रगति के बारे मे पूछताछ की और आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जीवा के साथ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालिया बैठक का जिक्र किया। डार (73) ने सवालो का जवाब नही दिया लेकिन पत्रकार ने बात जारी रखी और वाशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता से 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का सौदा हासिल करने मे सरकार की विफलता पर सवाल उठाया। इसके बाद डार ने जवाब दिया कि सौदा नही हो सका क्योकि आप जैसे लोग सिस्टम मे है। पत्रकार ने अपना बचाव करते हुए कहा कि पत्रकार सिस्टम का हिस्सा नहं है बल्कि केवल सवाल पूछते है। इस पर डार क्रोधित हो गए और पत्रकार से भिड़ गए। उन्होने उससे पूछा कि वह क्या चाहता है और उसे खुदा से डरने के लिए कहा। खबर मे कहा गया है कि इसके बाद डार ने पत्रकार का मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया और सुरक्षाकर्मियो को मोबाइल फोन जब्त करने और फेंकने का भी निर्देश दिया।

### आतंकवाद समाप्त करने संबंधी मोदी, बाइडन का संयुक्त आह्वान पाकिस्तानी मीडिया में सुर्खियों में रहा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रमुख मीडिया संगठनो ने भारत और अमेरिका की उस संयुक्त मांग पर ध्यान केंद्रित किया जिसमे यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि उसके नियंत्रण वाले किसी भी क्षेत्र का इस्तेमाल सीमा पार आतंकवादी हमले के लिए नही किया जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पाकिस्तान से 26 नवंबर 2008 को मुंबई मे हुए हमले और पठानकोट हमले के अपराधियो को दंडित करने का भी आह्वान किया है। डॉन अखबार की वाशिंगटन से जारी एक खबर मे कहा गया है कि संयुक्त बयान मे प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तानी आतंकवादी संगठनो के खिलाफ कार्वाई का आह्वान किया गया है। संयुक्त बयान मे बृहस्पतिवार को कहा गया, अमेरिका और भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े है और आतंकवाद के सभी रूपो की स्पष्ट रूप से निंदा करते है। रिपोर्ट मे कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने सीमा पार आतंकवाद की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्वाई करने का आह्वान किया

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Bala Devi, Mrs. Bertyl Verma, Mrs. Munesh and Mr. Manoj Kumar are the owners of Built up Property bearing No. IX/4125, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 159, Situated at Gali No. 11, Ajit Nagar, abadi known as Gandhi Nagar, in the area of Village Seelampur, Illaqa Shahdara, Delhi, vide GPA, ATS & Will dated 12.07.2005. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**PUBLIC NOTICE**

Public at large hereby inform that my client **Sh. Kanwal Singh S/o Late Bharat Singh and Smt. Sushila Rani,W/o Sh.Kanwal Singh,R/o 88 New Manglapuri Mehrauli Gurgaon Road, New Delhi-110030,**have broken there all relation with their son namely **Jitendra kumar and his wife Nisha** due to misconduct and misbehavior of Smt. Nisha towards my clients. My clients also debarred their son Jitendra kumar his wife Nisha and their son Master Khusansh from their all movable and immovable properties owned singly as well as jointly by both Sh.Kanwal Singh and Smt.Sushila Rani. Further my clients also declares that my clients have no control over their son and his wife Nisha from today and my clients are not responsible for any act,conduct,behavior, dealings,debt and credit of his son and his wife, if any person(s) dealing with them shall be at their own risk,cost and consequences,my clients shall not be responsible.It is further informed that my son and his family have already left my premises on 30.05.2023.
**UMAKANT KATARIA, Advocate, Chamber no. 35, Patiala House Court,New Delhi-01.**

**PUBLIC NOTICE**

**NOTICE** is hereby given that Mayank Gupta claims to be owner and in possession of Prop. No. D-886, Indraprastha, Ghaziabad, U.P (here in after called the said property) by virtue of Mutation Letter dt 27.05.2023 Issued by GDA on basis of NOC from Nirmal Gupta & Rohit Gupta, being the surviving legal heir/s and beneficiary of late Gulab Chand Gupta & said Gulab Chand Gupta was the owner of said property by virtue of Sale Deed Dated 06.11.2012 bearing Doc No. 39865 & said Mayank Gupta has agreed to sell the said Property to PAVAN KUMAR & Said PAVAN KUMAR has agreed to create a mortgage in favour of our clients Axis Bank Limited, CP Branch Delhi, any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 10 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

**Vishal Diwan (Advocate)**
**For Diwan and Company LLP**
**Advocates and Solicitors**
**House No.2 (LGF), NRI Complex**
**New Delhi – 110019, Mobile No. 9818399999**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Geetanjali Khari is in process to avail LAP with SFL against her property bearing municipal no. 5810 without roof rights admeasuring 110 Sq. Yards., situated at Gali no.6, New Chandrawal, Delhi, whereas she has lost the following original document/s pertaining to the said property although they have also lodged a complaint in lieu of that on dated 23/6/2023 with the concerned Police station
1.Original Sale Deed dated 12.05.1932 in favour of Bandi Din. (doc no. 1393)
2.Original Will dated 20.12.1985 executed by Bandi Din in favour of Ram Sarup. (doc no. 2098)
3.Original GPA (Blood Relation) dated 09.04.2003 executed by Vinod Kumar, Raj Kumar, Ashok Kumar, Sanjeev Kumar, and Gulsahn, Isha, Madhu and Shashi in favour of Krishanwanti.
4.Original Sale Deed dated 10.04.2003 executed by Krishnawanti for self and as attorney of Vinod Kumar and Others in favour of Neeraj Kumar (doc no. 1700)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

## यूनान तट के पास डूबी नौका पर करीब 350 सवार थे, कई के मारे जाने की आशंका : पाक गृह मंत्री

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** ने शुक्रवार को कहा कि पिछले हफ्ते यूनान तट के पास डूबी मछली पकड़ने की एक नौका पर करीब 350 पाकिस्तानी नागरिक सवार थे और इस हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका है। पाकिस्तान के गृह मंत्री राना सनाउल्ला ने संसद को बताया कि 14 जनू को जो नौका डूबी उसमें करीब 700 लोग सवार थे जबकि नौका की क्षमता 400 लोगों की है। उन्होंने कहा , अब तक हमें जो सूचना मिली है उसके अनुसार पाकिस्तानी नागरिकों की संख्या कम से कम 350 है और 82 पाकिस्तानियों के शव बरामद किए गए हैं। गृह मंत्री राना सनाउल्ला खान ने कहा कि केवल 104 लोगों को बचाया जा सका, जिनमें 12 पाकिस्तानी शामिल हैं। शवों की शिनाख्त का काम चल रहा है और इसमें काफी वक्त लग सकता है। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने कहा, अब तक, 281 परिवारों ने सरकार से संपर्क कर कहा है कि उनके प्रियजन नौका पर सवार थे। सरकार ने अब तक 193 डीएनए के नमूने लिए हैं। सनाउल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की है।

## भारत-अमेरिका ने पाक को बताया सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला : इमरान

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान जारी किए गए एक संयुक्त बयान में उनके देश को भारत में आतंकवाद को सीमा पार से बढ़ावा देने वाला बताया गया है। बृहस्पतिवार को हुई बैठकों और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद अपने संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई हमले, और पठानकोट हमले के अपराधियों को दंडित करने की पाकिस्तान से अपील की। बाद में, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में कहा कि आतंकवाद से निपटने में कोई किंतु-परंतु नहीं हो सकता है और उन्होंने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी



के प्रमुख खान ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की मौजूदा गठबंधन सरकार और पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की उनके फर्जी दावों तथा अमेरिका की अनगिनत यात्राओं के लिए आलोचना की। खान ने शुक्रवार को किए गए सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, हम पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और पीडीएम से यह सवाल पूछना चाहते हैं कि सरकार में एक साल रहने और पाकिस्तान के विदेश मंत्री की अमेरिका की अनगिनत यात्राओं के बाद, भारत-अमेरिका का संयुक्त बयान पाकिस्तान को भारत में सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला बताता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनरल बाजवा ने अपने पीडीएम साथियों के साथ दावा किया कि उन्होंने (खान ने) पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर दिया है। उन्होंने कहा, आयातित सरकारी प्रयोग ने न केवल पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अप्रासंगिक बना दिया है, बल्कि हमारा लोकतंत्र, कानून का शासन और संपूर्ण आर्थिक और संस्थागत ढांचा भी हमारी आंखों के सामने ढह रहा है।

## टाइटन पनडुब्बी के नष्ट होने के कारणों पता लगाने का प्रयास

भाषा। बोस्टन(अमेरिका)



**टाइटैनिक** का मलबा देखने गई पनडुब्बी टाइटन में हुए विस्फोट में उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो जाने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के बीच अधिकारी उत्तरी अटलांटिक में हुई इस घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। पनडुब्बी के लापता होने के पांच दिन बाद यह पता चला कि इसमें सवार पांचों व्यक्तियों की मौत हो गई है। फर्स्ट कोस्ट गार्ड डिस्ट्रिक्ट के रियर एडमिरल जॉन माउजर ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी जांच पहले से ही चल रही थी और टाइटैनिक के आसपास के क्षेत्र में जहां पनडुब्बी का मलबा मिला है, उसकी जांच जारी रहेगी। माउजर ने कहा, मैं जानता हूं कि इस बारे में कई ऐसे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर यह कैसे, क्यों एवं कब घटित हुई। ए ऐसे सवाल हैं जिनके बारे में हम ज्यादा से ज्यादा जानकारी इकट्ठा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक जटिल मामला है, क्योंकि यह घटना समुद्र के एक सुदूर हिस्से में हुई है, जिसमें जान गंवाने वाले लोगों में अलग-अलग देशों के नागरिक हैं। मारे गए लोगों में पनडुब्बी का स्वामित्व और संचालन करने वाली कंपनी ओशनगेट एक्सपीडिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्टॉकटन रश, पाकिस्तान के एक परिवार के दो सदस्य, शहजादा दाउद्ध और उनके बेटे सुलेमान दाउद्धअ ब्रिटिश नागरिक हामिश हार्डिंगअ और टाइटैनिक विशेषज्ञ पॉल-हेनरी नार्जियोलेट शामिल थे। टाइटन ने रविवार सुबह छह बजे समुद्र में गोता लगाया था और सेंट जॉन्स, न्यूफ़ाउंडलैंड से लगभग 435 मील (700 किलोमीटर) दक्षिण में रविवार दोपहर उसका संपर्क टूट गया था। बचावकर्मियों ने जहाजों, विमानों और अन्य उपकरणों को पनडुब्बी का पता लगाने के लिए उस जगह भेजा था, जहां से पनडुब्बी के संपर्क टूटने के संकेत मिले थे। माउजर ने कहा, "मलबा प्रेशर चैम्बर के विनाशकारी नुकसान को इंगित करता है" नार्जियोलेट के एक लंबे समय के दोस्त और सहकर्मी ने फ्रांसीसी मीडिया को बताया कि जब रविवार को पनडुब्बी से संपर्क टूट गया, तो उन्हें कुछ अनहोनी की आशंका हो गई थी। गोताखोर और सेवानिवृत्त अंडरवाटर फिल्मोग्राफर क्रिश्चियन पेट्रॉन ने शुक्रवार को ब्रॉडकास्टर फ्रांस-इन्फो से कहा कि जिस गहराई में पनडुब्बी संचालित की जा रही थी, वहां दबाव तीव्र था।

### टाइटैनिक विशेषज्ञ, ब्रिटिश अरबपति, पाकिस्तानी पिता-पुत्र और पायलट की मौत

बोस्टन। टाइटैनिक जहाज का मलबा देखने अटलांटिक सागर के अंदर गई टाइटन पनडुब्बी में सवार टाइटैनिक मामलों के एक प्रमुख विशेषज्ञ, एक ब्रिटिश अरबपति, पाकिस्तान के एक अमीर परिवार के दो सदस्यों और इस मिशन को संचालित करने वाली कंपनी के सीईओ की इस सप्ताह मौत हो गई।रिकी तटरक्षक ने बृहस्पतिवार को कहा था कि उत्तर अटलांटिक की गहराई में इस भयावह घटना के बाद कोई जीवित नही बचा है। टाइटैनिक के मलबे से एक रोबोट मिलने के बाद बृहस्पतिवार को पनडुब्बी की तलाश जारी रही। फर्स्ट कोस्ट गार्ड डिस्ट्रिक्ट के रियर एडमिरल जॉन मौगर ने कहा कि तलाशी की कोशिशें जारी रहेंगी लेकिन लोगों के मिलने की संभावना नही लगती। टाइटन मे एक पायलट और चार अन्य लोग सवार थे।

## चीन की इस्पात मिल में विस्फोट से चार लोगों की मौत, पांच घायल

बीजिंग। चीन के उत्तर पूर्व में स्थित एक इस्पात मिल में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्थानीय आपदा प्रबंधन ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि यिंगकू में स्थित यिंगकू आयरन एंड स्टील को. लिमिटेड में बृहस्पतिवार सुबह एक वात भट्टी में विस्फोट हुआ। यिंगकू, बीजिंग के पूर्व में लियाओनिंग प्रांत में स्थित है। बयान में कहा गया है कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि संभवत: किसी उपकरण में खराबी के कारण यह विस्फोट हुआ। यिंगकू सरकार से शुक्रवार को फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। चीन के उत्तर पूर्व में स्थित यिनचुआन शहर में एक बारबेक्यू रेस्तरां में रसोई गैस प्रणाली में विस्फोट की घटना के 12 घंटे से भी कम समय में ऐसी दूसरी घटना हुई है।

# अध्यादेश पर समर्थन नहीं हो सकता गठबंधन की पूर्व निर्धारित शर्त : खरगे

**भाषा।** पटना



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को विपक्षी दलों की बैठक में आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से हाल ही में उनके दल के खिलाफ दिए गए कुछ तल्ख बयानों का उल्लेख किया और कहा कि दिल्ली से संबंधित अध्यादेश पर समर्थन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ गठबंधन की पूर्व निर्धारित शर्त नहीं हो सकता। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बैठक में आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पार्टी के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, खरगे ने आप की ओर से हाल में दिए गए कुछ बयानों खासकर बृहस्पतिवार को दिए गए एक बयान का उल्लेख किया।

सूत्रों का कहना है कि बैठक में खरगे ने कहा, संसद सत्र के दौरान होने वाली विपक्ष की बैठकों में आम आदमी पार्टी नियमित रूप से शामिल होती है जहां साझा एवं सबकी सहमति वाली रणनीति तय होती है। यह जरूरी नहीं है कि अध्यादेश के मुद्दे पर अलग व्यवस्था हो और भाजपा के खिलाफ गठबंधन के लिए यह पूर्व निर्धारित शर्त हो।

आप के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा था कि अगर कांग्रेस ने दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ उसे समर्थन देने का वादा नहीं किया तो आप शुक्रवार को पटना में होने वाली बैठक से बाहर हो जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, खरगे ने बैठक में कहा कि आप के इस बयान ने विपक्ष की बैठक के लिए बने माहौल को खराब किया। इस बैठक के घटनाक्रम से अवगत सूत्रों ने यह भी कहा, बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई कांग्रेस के सिर पर बंदूक रख दे और फिर अपनी मांगों को लेकर बातचीत करे। आप ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली से संबंधित केंद्र के अध्यादेश पर कांग्रेस के अपना रुख स्पष्ट करने तक वह उसकी मौजूदगी वाली किसी भी विपक्षी बैठक में शामिल नहीं होगी। इसने यह भी कहा कि कांग्रेस को यह तय करना होगा कि वह दिल्ली के लोगों के साथ है या फिर मोदी सरकार के साथ खड़ी है।

## अगर यह तानाशाह सरकार फिर लौट आई, तो भविष्य में चुनाव नहीं होगा: ममता बनर्जी

**पटना।** तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विपक्षी एकजुटता की जरूरत पर जोर दिया और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर यह तानाशाह सरकार फिर से लौट आई, तो भविष्य में फिर चुनाव नहीं होगा। उन्होंने विपक्षी दलों की बैठक के बाद यह भी कहा कि विपक्षी पार्टियां एकजुट हैं और मिलकर लड़ेंगी। ममता ने विपक्षी नेताओं के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, पटना से जो शुरू होता है, वह जन आंदोलन का रूप लेता है। इसीलिए, मैंने कहा था कि पटना से शुरुआत होनी चाहिए। हम एक हैं, हम मिलकर लड़ेंगे। आगे और बैठक होगी। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया, भाजपा की तानाशाही चल रही है, अत्याचार किया जा रहा है। निर्वाचित सरकार में राजभवन को वैकल्पिक सरकार बना दिया गया। अगर कोई कुछ बोलता है, तो उसके खिलाफ ईडी और सीबीआई लगा देते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर यह तानाशाह सरकार लौट आई, तो भविष्य में फिर चुनाव नहीं होगा।

## माकपा नेताओं ने भाजपा की प्रतिद्वंद्वी के तौर पर तृणमूल की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में माकपा के नेताओं ने भाजपा के खिलाफ लड़ाई में तृणमूल कांग्रेस के विश्वसनीय प्रतिद्वंद्वी होने को लेकर सवाल उठाया। दोनों दल राज्य में चल रही पंचायती चुनाव प्रक्रिया में एक-दूसरे पर तीखे चुनावी हमले कर रहे हैं। माकपा के स्थानीय नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसने राजग द्वारा संसद में लाए गए किसी विधेयक के खिलाफ मतदान नहीं किया है। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य और पूर्व सांसद समिक लाहिड़ी ने कहा, पहले उन्हें अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए तभी जनता उनकी सुनेगी। पार्टी की प्रदेश समिति में भी शामिल और प्रदेश सचिवालय के सदस्य लाहिड़ी ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी सरकार पश्चिम बंगाल में विपक्षी ताकतों को वैसे ही दबाने की कोशिश कर रही है जैसा कि भाजपा दिल्ली में कर रही है। लाहिड़ी की टिप्पणी ऐसे समय आई जब उनकी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पटना में शुक्रवार को विपक्षी दलों की हुई बैठक में ममता बनर्जी के साथ मंच साझा कर रहा था।

# बंगाल में केंद्रीय बलों की 315 कंपनियां पहुंची, एसईसी ने मांगी और 507 कंपनियां

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल ने पंचायत चुनाव संपन्न कराने के लिए केंद्रीय बलों की 822 कंपनियां मांगी थी जिनमें से 315 पहुंच गई हैं। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर यथाशीघ्र बाकी कंपनियों को भेजने का आग्रह किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्र ने आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सुरक्षा बल (एसएसबी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की कुल 200 कंपनियां भेजी हैं बाकी 115 कंपनियां असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की सशस्त्र पुलिस की हैं। एसईसी ने राज्य में पंचायत चुनाव के लिए केंद्रीय बलों की बाकी 507 कंपनियां भेजने के लिए पत्र लिखा है। मंत्रालय से बाकी कंपनियों को यथाशीघ्र भेजने का अनुरोध किया गया है क्योंकि उन्हें जिलों में तैनात करना है। इस बीच केंद्रीय बलों की कुछ टुकड़ियों ने हुगली और बांकुड़ा जिले में मार्च किया। उन्होंने बताया कि एसईसी अधिकारियों और केंद्रीय बलों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार शाम को जवानों की तैनाती के लिए बंद कमरे में बैठक की। इससे पहले दिन में एसईसी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने केंद्रीय बलों की 485 कंपनी मुहैया कराने का अनुरोध किया है जो पूर्व में मांगी कई 337 कंपनी के अतिरिक्त है। आठ जुलाई को पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए केंद्रीय बलों की कुल 822 कंपनी हो जाएंगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव (जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत) में करीब 74 हजार जन प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए कुल 5.67 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## क्विक न्यूज

### कांग्रेस ने मेघालय में सत्तारूढ़ एनपीपी को समर्थन देने की पेशकश की

**शिलांग।** मेघालय मे विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा एक जनजातीय परिषद मे सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) का समर्थन करने के कुछ दिन बाद कांग्रेस सांसद विन्सेंट एच. पाला ने कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ दल अगर भाजपा से अलग हो जाता है, तो कांग्रेस विधानसभा में उसका समर्थन करेगी। मेघालय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पाला ने कहा कि राज्य मे पांच विधायकों वाली उनकी पार्टी बहुत खुश होगी अगर वह 60 सदस्यीय सदन में एनपीपी (28 विधायक) को भारतीय जनता पार्टी (2 विधायक) के साथ संबंध तोड़ने के लिए मना सके। पाला ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा से कहा, हमे बहुत खुशी होगी अगर हम एनपीपी को भाजपा से संबंध तोड़ने के लिए मना सकें। भाजपा को छोड़ने की सूरत मे हम राज्य में एनपीपी को समर्थन देने और उसके साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, खासी हिल्स स्वायत्त जिला परिषद के कांग्रेस सदस्यों ने एनपीपी को समर्थन देने से पहले पार्टी की मंजूरी ली थी।

### केदारनाथ स्वर्णमंडन में घोटाले के आरोपों की जांच उच्च स्तरीय समिति करेगी

**देहरादून।** केदारनाथ मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णमंडित करने मे सवा अरब रुपए के कथित घोटाले के आरोपो की जांच के लिए उत्तराखंड सरकार ने शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि उन्होंने इस संबंध मे सचिव धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल को गढ़वाल आयुक्त की अध्यक्षता मे उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर मामले की तह तक पहुंचने के निर्देश दिए हैं। जांच समिति मे तकनीकी विशेषज्ञो के साथ-साथ सुनारों को भी शामिल करने को कहा है। महाराज ने कहा कि समिति की जांच मे जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कार्वाई की जाएगी। धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले पर प्रदेश सरकार को बेहद संवेदनशील बताते हुए मंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मामलों को विवादो मे नही डाला जाना चाहिए। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अधि.-1939 मे निर्धारित प्रावधानो के अनुरूप ही दानदाता से दान स्वीकारा गया और केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह को स्वर्णमंडित करने के लिए प्रदेश सरकार से अनुमति ली गई।

### कांग्रेस या भाजपा को आधार बनाकर कोई भी मोर्चा बर्बाद हो जाएगा: तेलंगाना के मंत्री

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मंत्री के.टी. रामा राव ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस या भाजपा को आधार बनाकर कोई भी संयुक्त मोर्चा सफल नही होगा क्योंकि ए राष्ट्रीय पार्टियां देश के लिए आपदा रही है। यही कारण है उनकी पार्टी बीआरएस पटना में विपक्ष की अहम बैठक में अनुपस्थित रही। उन्होने संवाददाताओं से कहा, ए दोनो राष्ट्रीय पार्टियां देश के लिए बहुत बड़ी आपदा रही हैं। उन्हे आधार के रूप मे रखने का कोई मतलब नही है। पार्टियो को नही लोगो को एकजुट करना जरूरी है। पार्टियां पहले भी एकजुट हुई है और असफल रही...। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बेटे राव, दक्षिणी राज्य से संबंधित मुद्दो पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने के वास्ते राष्ट्रीय राजधानी मे है। उन्होने आगे कहा, अगर इन दोनो राष्ट्रीय पार्टियो के साथ अन्य पार्टियां भी शामिल हो जाएंगी तो देश को कोई फायदा नही होगा।

### गुजरात में हथियारों, मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में 13 पाकिस्तानी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत मे आतंकवादी गतिविधियो को वित्तपोषित करने के लिए गुजरात के रास्ते हथियारो और मादक पदार्थों की सीमा पार से तस्करी से संबंधित 2022 के एक मामले में शुक्रवार को 13 पाकिस्तानी नागरिको के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने बताया कि 13 आरोपियो मे से 10 को पिछले साल दिसंबर मे मछली पकड़ने वाली एक पाकिस्तानी नौका से मादक पदार्थ और हथियारो की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार किया गया था। इन सामग्री को रसोई गैस सिलेंडर मे छिपाया गया था। एजेंसी ने बताया कि जब्त की गई सामग्री मे 40 किलोग्राम हेरोइन, विदेश निर्मित छह पिस्तौल, छह मैगजीन और 120 कारतूस के अलावा पाकिस्तानी पहचान पत्र, पाकिस्तानी मुद्रा और मोबाइल फोन शामिल थे। आरोपपत्र अहमदाबाद मे एनआईए की विशेष अदालत मे दायर किया गया।

### जेल में विचाराधीन कैदी ने की आत्महत्या

ग्वालियर (मप्र)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले की डबरा उपजेल मे एक विचाराधीन कैदी ने कथित तौर पर जेल मे चादर से बनाए गए फंदे के जरिए आत्महत्या कर ली। डबरा के अनुविभागीय अधिकारी एसडीओपी विवेक शर्मा ने बताया, गुरुवार की रात डबरा उपजेल मे बंद एक विचाराधीन कैदी (24) ने जेल परिसर मे रोशनदान से बंधे एक चादर से बने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। यह कैदी दुष्कर्म और यौन अपराधो से बच्चो का संरक्षण (पॉक्सो) अधि. के तहत बंद था और डबरा का ही निवासी था। शर्मा ने बताया कि कैदी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आत्महत्या के मामले की जांच की जा रही है।

### पुराने विकल्पों की बजाए नए पर जोर दें

**गाज़ियाबाद।** पिडिलाइट, कंस्ट्रक्शन और स्पेशिलिटी कैमिकल्स के प्रमुख निर्माता ने टाइल फिक्सिंग के लिए पुराने विकल्पों की बजाए अपने प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफकी मगर की जकड़ जैसी मजबूती को लेकर नया उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये कैम्पेन सीमेंट सहित पारंपरिक टाइल फिक्सिंग प्रोसेस के परिणामस्वरूप टूटी हुई टाइलों, डिबॉन्डिंग, गिरने वाली टाइलों और ऊबड़-खबड़ लगी टाइलों के साथ ग्राहक की हताशा को भी सामने लाएगा। इसमें साफदिखाया गया है कि गलत टाइल लगाने के कारण ग्राहक लगातार परेशानियों का सामना करता है। सुधांशु वत्सए डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टरए पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस नए कैम्पेन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिडिलाइट हमेशा से ही तेजी से विकसित होती नई कैटेगरीज में नए उत्पादों को लाकर लीडरशिप हासिल करता है और ये कंपनी की कोर वैल्यू है। इसके चलते हुए पिडिलाइट लगातार आगे बढ़ रही है। हमारे ब्रांड रॉफका उद्देश्य भारत में टाइल्स लगाने के तरीके को बदलना है। हमारे इस नए अभियान का राष्ट्रव्यापी लॉन्च टाइल फिक्सिंग को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ग्राहकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रॉफउत्पादों में अत्याधुनिक तकनीक शामिल हैए जो लोकल इंटेलिजेंस के साथ ग्लोबल विशेषज्ञता को शामिल करती है।

### अनएकेडमी के 11 छात्र टॉप 100 रैंकों पर

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बडें लर्निंग प्लेटफॉर्म अनएकेडमी ने बेहद प्रतिस्पर्धी जेईई अडवान्स्ड 2023 परीक्षा में अपने छात्रों के शानदार परफोर्मेन्स की घोषणा की है। अपने लॉन्च के मात्र एक साल के भीतर अनएकेडमी सेंटरों ने जबरदस्त परिणाम दर्ज किए हैं। ये परिणाम इंजीनियरिंग के महत्वाकांक्षी पेशेवरों को सर्वोच्च गुणवत्ता की शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने की अनएकेडमी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। टॉप 100 में 11 ऑल इंडिया रैंक्स (एआईआर) की उपलब्धि के साथ अनएकेडमी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह सबसे चुनौतीपूर्ण इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए भी अपने छात्रों को उत्कृष्ट तरीके से तैयार करती है। अनएकेडमी के 5 छात्र जेईई अडवान्स्ड 2023 में जोनल टॉपर रहे हैं। अनएकेडमी के छात्र देशांक प्रताप ने उल्लेखनीय परफोर्मेन्स देते हुए ऑल इंडिया रैंक 22 तथा आईआईटी दिल्ली लोन में जोनल रैंक 5 हासिल किया है। अनएकेडमी के मेधावी छात्रों में ध्रुव जैन शामिल हैं जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 36 और आईआईटी खरगपुर जोन में जोनल रैंक 1 हासिल किया है।

## कामधेनु ने बांटे पुरस्कार

**गुरुग्राम।** उच्च गुणवत्ता के पेन्ट व इमल्शन निर्माता और कामधेनू ग्रुप के ब्रांड कामधेनू पेन्ट्स ने अपने चैनल पार्टनरों के लिए दो दिवसीय 'कामधेनू सेंसेशनल बॉलीवुड नाइट (केएसबीएन 2)' का आयोजन किया जिसका उद्देश्य है उन्हें उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित करना और नई ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करना। पेन्ट कारोबार के डिमर्जर के बाद यह पहली तथा कंपनी की अब तक की सबसे बड़ी चैनल पार्टनर्स मीट है। देश भर से आए 800 से अधिक डीलरों ने अपने परिवारों के साथ इस आयोजन में शिरकत की। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर और बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता राजकुमार राव ने असाधारण प्रदर्शन करने वाले चैनल पार्टनरों को पुरस्कार भेंट किए। कामधेनू पेन्ट्स के प्रबंध निदेशक सौरभ अग्रवाल ने चैनल पार्टनर्स मीट के बारे में कहा, कामधेनू अपने हर चैनल पार्टनर को कामधेनू परिवार के अभिन्न सदस्य की तरह मानता है। उन्होंने कामधेनू को घर-घर में पहचाने जाने वाले एक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में केन्द्रीय भूमिका निभाई है।

**एंटीलिया के बाहर विस्फोटक भरे वाहन का मामला**

# एनआईए ने मसौदा आरोप प्रस्तुत किया

**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के बाहर विस्फोटकों से भरी एसयूवी की बरामदगी और उसके बाद व्यवसाई मनसुख हिरन की हत्या से संबंधित मामले में शुक्रवार को यहां एक विशेष अदालत के समक्ष मसौदा आरोप प्रस्तुत किया। मसौदा आरोप आपराधिक मुकदमा शुरू करने की दिशा में एक कदम है। विशेष अदालत को दोनों पक्षों को सुनना होगा और यह तय करना होगा कि प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर जांच एजेंसी द्वारा आरोपी पर कौन सी धाराएं लगाई जा सकती हैं।

इसके बाद अदालत आरोपी को सभी धाराएं पढ़कर सुनाएगी और जब वह दोषी होने की बात स्वीकार नहीं करेगा तो मुकदमा शुरू हो जाएगा। मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों में बर्खास्त पुलिस अधिकारी और मुख्य आरोपी सचिन वाजे, पूर्व इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा, पूर्व पुलिसकर्मी विनायक शिंदे, रियाजुद्दीन काजी और सुनील माने के साथ-साथ नरेश गोर, संतोष शेलार, आनंद जाधव, सतीश मोथकुरी और मनीष सोनी शामिल हैं। यद्यपि गोर और काजी नियमित जमानत पर जेल से बाहर हैं, शर्मा को उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सा कारणों से जमानत दे दी है। मामले की अगली सुनवाई 30 जून को होगी। गौरतलब है कि 25 फरवरी, 2021 को दक्षिण मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के पास विस्फोटकों से भरी एक एसयूवी मिली थी। व्यवसाई मनसुख हिरन ने इसे अपनी एसयूवी बताते हुए कहा था कि यह चोरी हो गई थी। इसके बाद उन्हें पांच मार्च, 2021 को पड़ोसी ठाणे स्थित एक खाड़ी में मृत पाया गया था।

# जम्मू कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए बदलावों को स्वीकार कर लिया है: शाह

**भाषा।** श्रीनगर



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां कहा कि जम्मू कश्मीर ने अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने के बाद हुए बदलावों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग केवल पिछले 40 वर्ष में कश्मीर के इतिहास के बारे में जानते हैं वे इसे एक विवादित क्षेत्र मानते हैं। शाह ने यहां वितस्ता सांस्कृतिक महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा, जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए बदलावों को स्वीकार कर लिया है।

उन्होंने कहा, कुछ लोग जो कश्मीर के पिछले 30-40 वर्ष के इतिहास को जानते हैं, सोचते हैं कि यह एक विवादित क्षेत्र है। इसने पूर्व में कई संघर्ष देखे हैं। वही कश्मीर वितस्ता का जश्न मना रहा है। शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम में बाहर से 150 और जम्मू कश्मीर से 1,500 कलाकार भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान होगा। गृह मंत्री ने कहा कि जो लोग कश्मीर में बंदूकें लेकर आए, वे यहां के लोगों के शुभचिंतक नहीं हैं।

# खुद को रॉ अधिकारी बता लोगों से धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**भाषा।** अहमदनगर (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र पुलिस** ने खुद को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का अधिकारी बता कर लोगों को आयकर विभाग एवं सशस्त्र बलों में नौकरी दिलाने का वादा कर धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अपना कूट नाम चाणक्य बता रहा था। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी सेना के दक्षिणी कमान के सैन्य खुफिया प्रकोष्ठ की जानकारी के आधार पर की गई है। इससे पहले गुजरात से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जालसाजी के आरोपी किरण पटेल की गिरफ्तारी की गई थी जो खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का अधिकारी बताता था।

अधिकारियों ने बताया कि संतोष आत्माराम राठौड़ (35) को अहमदनगर में किराए के एक मकान से गिरफ्तार किया गया, जो अपनी महिला मित्र के साथ रह रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास से रॉ का फर्जी पहचान पत्र और आधार कार्ड मिला है। फर्जी पहचान पत्र पर चाणक्य कूट नाम के साथ उप सचिव (आंतरिक सुरक्षा) लिखा है। सैन्य खुफिया प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस को अहमदनगर के शेवगांव में खुद को रॉ एजेंट बताने वाले एक व्यक्ति के मौजूद होने की जानकारी दी थी। प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी आयकर विभाग, सशस्त्र बलों और अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने में मदद करने के नाम पर पैसे एकत्र कर रहा था। पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास से कार्मिक विभाग का नियुक्ति पत्र भी बरामद किया गया है। आरोपी से पुलिस और सैन्य खुफिया प्रकोष्ठ के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं।

## लुका-छिपी का खेल बंद करिए : बंबई उच्च न्यायालय ने वानखेड़े से जुड़े मामले में कहा

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कार्डेलिया क्रूज जहाज मादक पदार्थ रिश्वत मामले में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी समीर वानखेड़े को अंतरिम संरक्षण संबंधी उसके पूर्व के आदेश पर रोक लगाने के सीबीआई के अनुरोध के बाद शुक्रवार को जांच एजेंसी से लुका-छिपी का खेल बंद करने को कहा। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति एस जी दिघे की खंडपीठ ने यह दावा करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को फटकार लगाई कि एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं करने पर वह भविष्य में वानखेड़े की गिरफ्तारी चाह सकती है। हालांकि, सीबीआई ने अदालत को यह नहीं बताया कि क्या वह उनकी गिरफ्तारी की जरूरत होने के निष्कर्ष पर पहुंच चुकी है। पीठ ने कहा कि सीबीआई की दलीलें अदालत के मन में गंभीर संदेह पैदा करती हैं। इसने एजेंसी को सुनवाई की अगली तारीख 28 जून को जांच में प्रगति बताने का भी निर्देश दिया। सीबीआई ने अदालत द्वारा जारी पूर्व के एक आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया था, जिसमें यह निर्देश दिया गया था कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक वानखेड़े के खिलाफ कोई कठोर कार्वाई नहीं की जाए। आईआरएस अधिकारी वानखेड़े और चार अन्य लोगों पर अभिनेता शाहरूख खान के बेटे आर्यन को कार्डेलिया क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ बरामदगी मामले में नहीं फंसाने के लिए उनसे (खान से) 25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

# मुस्लिम युवक पर कर्नाटक में मध्य प्रदेश की महिला का यौन शोषण करने का आरोप

**● मंत्री ने इसे लव जिहाद बताया**

**भोपाल/दमोह।** मप्र के दमोह की एक महिला ने आरोप लगाया है कि कर्नाटक के बेंगलुरु में एक मुस्लिम व्यक्ति ने उसका यौन शोषण किया। महिला की शिकायत पर दमोह में पुलिस ने मामला दर्ज किया है, लेकिन मप्र के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इसे लव जिहाद करार दिया है। मप्र की सत्तारूढ़ भाजपा ने इसे लव जिहाद बताया और कर्नाटक में सत्ता पर काबिज कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से अनुरोध है कि पीड़ित बेटी को न्याय दिलवाने के लिए आरोपी की गिरफ्तारी में मदद करें। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में शुक्रवार को मीडिया से कहा, लव जिहाद की मानसिकता वालों को मध्य प्रदेश में कुचल दिया जाएगा। दमोह की दलित बेटी ने कर्नाटक के रहने वाले उमर फारूक के खिलाफ गुरुवार शाम को दमोह में मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच की जाएगी और उमर की गिरफ्तारी के लिए मध्य प्रदेश पुलिस कर्नाटक जाएगी। मिश्रा ने कहा कि लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली प्रियंका गांधी वाड्रा से अनुरोध है कि पीड़ित बेटी को न्याय दिलवाने के लिए उमर की गिरफ्तारी में मदद करें। दमोह के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने कहा कि करीब 20 वर्षीय महिला को बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में नौकरी मिल गई थी और उसकी दोस्ती 32 वर्षीय एक व्यक्ति से हो गई, जिसने अपना परिचय राजीव के रूप में दिया। उन्होंने कहा कि पीड़िता को बाद में पता चला कि उसका असली नाम उमर फारूक है और वह असम का रहने वाला है। महिला ने आरोप लगाया है कि इस व्यक्ति ने उसका यौन शोषण भी किया और उसके मुस्लिम होने का पता चलने पर उसने उससे दूरी बनानी शुरू की तो वह उसे धमकी देने लगा तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा।सिंह ने शिकायत के हवाले से कहा कि आरोपी ने शादी का वादा कर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और फिर उसकी उन तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी, जिसे उसने गुप्त रूप से खींचा या बनाया था।उन्होंने कहा, हमने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।

## केटी रामाराव ने राजनाथ सिंह से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मंत्री के टी रामाराव ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और हैदराबाद में यातायात सुगम बनाने के लिए स्काईवे, कॉरिडोर और लिंक रोड आदि बनाने के लिए रक्षा भूमि देने की मांग की। राव ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने हैदराबाद में चार बड़ी विकास परियोजनाओं के लिए रक्षा भूमि मांगी है। हमें उम्मीद है कि रक्षा मंत्री हमारी मांग को स्वीकार करेंगे। हैदराबाद के नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद में एक व्यस्त क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर पैराडाइस जंक्शन से कांडलाकोया के पास बाहरी रिंग रोड जंक्शन तक एक उन्नत कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का 7.5 किलोमीटर हिस्सा रक्षा भूमि के बीच से गुजरता है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, परियोजना के लिए 59.19 एकड़ रक्षा भूमि जरूरी है। राव ने लिंक रोड और सड़कों को चौड़ा करने के लिए भी रक्षा भूमि के हस्तांतरण की मांग की।

# कक्षा 10 की पाठ्य पुस्तक के कवर पर समाजवादी धर्म निरपेक्ष शब्द नहीं होने से छिड़ा विवाद

**हैदराबाद।** तेलंगाना राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एक स्कूली पाठ्यपुस्तक के कवर पेज पर कथित तौर पर समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों के बिना संविधान की प्रस्तावना के प्रकाशन के बाद यह विवाद में फंस गई है। एससीईआरटी का कहना है कि यह गलती लापरवाही के कारण हुई। तेलंगाना स्टेट यूनाइटेड टीचर्स फेडरेशन (टीएसयूटीएफ) ने बृहस्पतिवार को शिक्षा विभाग के सचिव को एक ज्ञापन सौंपकर शिकायत की थी कि एससीईआरटी द्वारा प्रकाशित कक्षा 10 के सामाजिक अध्ययन की पाठ्यपुस्तक के कवर पेज पर प्रकाशित प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटा दिए गए हैं। टीएसयूटीएफ ने ध्यान दिलाया कि दोनों शब्दों को 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से प्रस्तावना में शामिल किया गया था।इसने कहा, हालांकि दोनों शब्दों सहित प्रस्तावना कक्षा-आठ और 10 की सामाजिक अध्ययन की पुस्तकों के अंदर के पन्नों में प्रकाशित की गई थी। इसमें कहा गया है कि गलती बड़ी थी और यह या तो जानबूझकर हुआ या लापरवाही के कारण हुआ। टीएसयूटीएफ ने सही प्रस्तावना प्रकाशित करने का आग्रह किया और गलत प्रस्तावना प्रकाशित करने के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच कराकर कड़ी कार्वाई की मांग की। इस बीच, एससीईआरटी ने कहा है कि त्रुटि अनजाने में हुई थी।

## गणित पढ़ाएगा एकेडमी

**नोएडा।** उप्र सरकार ने 48,000 सरकारी हिंदी स्कूलों के 500,000 से अधिक छात्रों के लिए गणित की पढ़ाई के परिणाम में सुधार के लिए खान एकेडमी के साथ एक नए एमओयू पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। यह साझेदारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), माध्यमिक शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग सहित बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख वाले स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए हिंदी में उच्च गुणवत्ता वाली गणित की सामग्री को सुलभ बनाएगी। इस पहल को एचडीएफसी बैंक द्वारा अपने सीएसआर अंब्रेला ब्रांड 'परिवर्तन' का समर्थन दिया गया है। साझेदारी के नवीनीकरण पर टिप्पणी करते हुए उत्तर प्रदेश में स्कूली शिक्षा के महानिदेशक विजय किरण आनंद ने कहा, 'उत्तर प्रदेश सरकार और खान अकादमी के बीच यह सहयोग यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि प्रत्येक विद्यार्थी की उन शैक्षिक उपकरणों और संसाधनों तक पहुंच हो जिनकी आवश्यकता उन्हें गणित में उत्कृष्टता हासिल करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए है। खान एकेडमी इंडिया की एमडी स्वाति वासुदेवन ने कहा, 'हमारा मिशन प्रत्येक व्यक्ति को, चाहे वह कहीं भी हो, निशुल्क, विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करना है।हम सभी बच्चों को निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण के भागीदार के रूप में अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।'

# कलाकार चिंतन उपाध्याय पत्नी उनके वकील की हत्या का सूत्रधार

**भाषा।** मुंबई

**कलाकार** चिंतन उपाध्याय अपनी पत्नी हेमा और उनके वकील हरेश भंभानी की हत्या का मुख्य सूत्रधार था और दोनों के प्रति नफरत की वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया। अभियोजन पक्ष ने 2015 के दोहरे हत्याकांड मामले की अंतिम बहस के दौरान शुक्रवार को यहां एक अदालत में यह बात कही। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) वैभव बघाडे ने डिंडोशी अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस. वाई. भोसले के समक्ष ए दलीलें दीं। हेमा और भंभानी की 11 दिसंबर, 2015 को हत्या कर दी गई थी और उनके शवों को गत्ते के डिब्बों में भरकर उपनगरीय कांदिवली में एक खाई में फेंक दिया गया था।

मुख्य आरोपी विद्याधर राजभर फरार है जबकि चिंतन को अलग हुई पत्नी की हत्या करने की साजिश रचने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। वह अब जमानत पर बाहर है। अभियोजन पक्ष ने कहा, मुख्य रूप से चिंतन ने ही साजिश रची। एसपीपी ने कहा, हेमा और भंभानी की हत्या करने का मुख्य सूत्रधार कलाकार चिंतन है। बघाडे ने कहा कि हेमा और उनके वकील को खत्म करने की साजिश के लिए चिंतन ने सह-आरोपी विजय राजभर जैसे अपने परिचितों का इस्तेमाल किया।अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए अभियोजन पक्ष ने भंभानी की पत्नी और बेटी सहित गवाहों के बयान का हवाला दिया। पुलिस ने दावा किया है कि चिंतन ने अलग हुई अपनी पत्नी की हत्या की साजिश रची क्योंकि वह स्पष्ट रूप से उन अदालती मामलों से छुटकारा पाना चाहता था जो वह उसके साथ लड़ रहा था। फिलहाल जमानत पर बाहर चिंतन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के तहत मुकदमा चल रहा है।


# पुजारा बाहर, यशस्वी व रूतुराज टीम में

● वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम की घोषणा

● रहाणे को फिर से उप कप्तान की जिम्मेदारी

**भाषा।** नई दिल्ली







**राष्ट्रीय चयन** पैनल ने शुक्रवार को अनुभवी चेतेश्वर पुजारा को 12 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टेस्ट टीम से बाहर कर दिया जिससे उनका अंतरराष्ट्रीय करियर लगभग खत्म हो गया है। घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी जायसवाल और रूतुराज गायकवाड़ को 16 सदस्ईय टीम में शामिल करने से साफ संकेत मिलता है कि शिव सुंदर दास की अध्यक्षता वाला चार सदस्ईय पैनल अब अगले दो वर्ष के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र (2023-2025) पर ध्यान लगा रहा है। पुजारा के वेस्टइंडीज में टेस्ट टीम से बाहर होने और कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट टीम की अगुआई करने के बारे में हाल में पीटीआई ने खबर दी थी। अजिंक्य रहाणे को फिर से टेस्ट टीम की उप कप्तान की जिम्मेदारी देना महत्वपूर्ण फैसला रहा क्योंकि उन्होंने पिछले ही मैच में अंतरराष्ट्रीय वापसी की थी। मोहम्मद शमी को करीब तीन महीने के व्यस्त प्रतिस्पर्धी क्रिकेट के बाद टेस्ट और वनडे दोनों में पूर्ण आराम दिया गया है। चयनकर्ताओं ने उमेश यादव को टीम से बाहर कर और मुख्य टीम में तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को लाकर नए चक्र की तैयारी की प्रक्रिया शुरु कर दी है। नवदीप सैनी का करियर आस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक दौरे के बाद से डगमगाता रहा है और उन्हें भी इसमें सुधार करने मौका दिया गया है क्योंकि उनकी गेंदबाजी (140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की) धीमी कैरेबियाई सरजमीं पर प्रभावी हो सकती है। टीम में पहली बार शामिल किए गए तीन खिलाड़ी - जायसवाल, गायकवाड़ और मुकेश- डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए स्टैंडबाई खिलाड़ियों में शामिल थे। ए पिछले कुछ सत्र में घरेलू क्रिकेट में लगातार निरंतर प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं 17 सदस्ईय वनडे टीम में कोई भी हैरानी भरा चयन नहीं हुआ है। चोटिल जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जब भी फिट होते हैं तो उनका चयन भी निश्चित है जिससे इन 20 खिलाड़ियों के विश्व कप के कोर ग्रुप में होने की पूरी संभावना है। पुजारा के अब वापसी की उम्मीद नहीं दिखती है। जब पुजारा को रहाणे के साथ श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला की टीम से बाहर किया गया था तब पूर्व मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने कहा था कि तीसरे नंबर के बल्लेबाज के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं और वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेल कर वापसी कर सकते हैं। पुजारा ने काउंटी क्रिकेट में ससेक्स के लिए खेलने लगे। उन्होंने काफी रन जुटाए और उन्हें 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए फिर टीम में चुना गया। उन्हें इस साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में 100 टेस्ट की उपलब्धि पूरी करने का मौका भी मिला। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, घरेलू सरजमीं पर आस्ट्रेलिया श्रृंखला में उनकी असफलता के बाद उनके लिए बहुत कम मौका बचा था लेकिन चयनकर्ता डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बदलाव नहीं करना चाहते थे। उन्होंने कहा, लेकिन ओवल में दो विफलताओं ने उन पर फैसला तय कर दिया। एसएस दास डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए लंदन में थे। उनकी मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से निश्चित रूप से बात हुई होगी और उन्होंने फाइनल के बाद होने वाले अपने इस फैसले के बारे में उन्हें बता दिया होगा। पुजारा की बांग्लादेश के खिलाफ 90 और 102 रन की पारियों को हटा दिया जाए तो पिछले तीन वर्षों में उनका 26 का औसत काफी खराब रहा है और उनके खराब प्रदर्शन काफी लंबे समय तक जारी रहा। सूत्र ने कहा, यह दो वर्ष का चक्र है और पुजारा तीन साल से रन नहीं बना रहे। विराट कोहली और पुजारा के बीच अंतर सिर्फ लय का है। हां, कोहली का भी खराब दौर रहा लेकिन वह फॉर्म से बाहर कभी नहीं दिखे। आस्ट्रेलिया दौरे के बाद पुजारा की लय को लेकर भरोसा नहीं बना। जज्बा भी एक मुद्दा रहा। इससे बांग्लादेश के खिलाफ इन दो पारियों का ज्यादा महत्व नहीं रहा। मध्य प्रदेश के खिलाफ शेष भारत के लिए ईरानी कप में 213 और 144 रन की पारियां खेलने वाले मुंबई के बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल के पहली बार टेस्ट टीम में चुने जाने की उम्मीद थी। प्रथम श्रेणी में उनका औसत 80.21 का रहा है जिससे उन्होंने दिखाया है कि उनमें विशेष प्रतिभा है। जायसवाल और महाराष्ट्र के लिए खेलने वाले गायकवाड़ दोनों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने की काबिलियत है। अगर शीर्ष में दोनों की जोड़ी सफल रहती है तो पूरी संभावना है कि विराट कोहली के जाने के बाद शुभमन गिल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। एक पूर्व चयनकर्ता ने कहा, मैं नहीं कह रहा हूं कि दास का पैनल इस तरह सोचेगा लेकिन रूतुराज की तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलने की काबिलियत को देखते हुए उनके सफल होने का मौका ज्यादा बेहतर है। चयनकर्ता सिर्फ रन नहीं देखेगा।

## भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 16 साल पूरे

### 23 जून 2007 को मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की कप्तानी में आयरलैंड में वनडे मैच में पदार्पण किया था



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर 16 साल पूरे किए जिसकी शुरूआत मुंबई के इस धुरंधर ने 20 साल की उम्र से की थी। रोहित ने 23 जून 2007 को मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की कप्तानी मे आयरलैंड मे वनडे मैच में पदार्पण किया था जिसमे भारत ने आसानी से जीत हासिल की थी। छत्तीस साल का यह खिलाड़ी 441 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुका है जिसमे उनके नाम 43 अंतरराष्ट्रीय शतक और 17,115 रन है। और अब वह अपने इस चमकदार करियर के सबसे महत्वपूर्ण दौर मे है जिसमे वह आईसीसी ट्राफी का 10 साल का सूखा खत्म करना चाहते है। द्रविड़ ने जब कोच के तौर पर जिम्मेदारी संभाली थी, तब रोहित ने मीडिया को बताया था, 2007 की बात है जब मेरा चयन हुआ था, पहली बार मुझे बेंगलुरू मे एक शिविर मे उनसे (द्रविड़) बातचीत करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा था, यह बहुत छोटी सी बातचीत थी लेकिन मै बहुत नर्वस था और मै अपनी उम्र के लोगो से भी इतना बात करने का आदि नही था। मै चुपचाप अपना काम कर रहा था और अपने खेल मे आगे बढ़ रहा था। आयरलैंड मे उन्होने आकर मुझे बताया कि तुम यह मैच खेल रहे हो और मै निश्चित रूप से काफी खुश था। तब मुझे ड्रेसिंग रूम का हिस्सा बनना सपने की तरह लगा था। द्रविड़ ने उसी प्रेस कांफ्रेंस मे कहा था, समय इतनी जल्दी बीत जाता है। मुझे रोहित के बारे मे आयरलैंड श्रृंखला से पहले पता था, जब हम मद्रास (चेन्नई) मे एक चैलेंजर खेल रहे थे। हम सभी जानते थे कि रोहित विशेष खिलाड़ी होगा। उन्होंने कहा था, हम देख सकते थे कि वह प्रतिभा का धनी था और मैने कभी नही सोचा था कि मै इतने साल के बाद उसके साथ काम कर रहा हूंगा। द्रविड़ ने कहा था, लेकिन जिस तरह से वह पिछले 14 साल मे आगे बढ़ा है, उसने भारतीय खिलाड़ी और मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर शानदार उपलब्धि हासिल की है।

## खबरें स्टेडियम से

### अगर सारी पिचें एजबेस्टन की तरह खराब होंगी तो मै अच्छा नहीं कर पाऊंगा : एंडरसन

**लंदन।** एशेज श्रृंखला के शुरुआती मैच सपाट पिच पर नाराजगी जताते हुए इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि अगर बची हुए सीरीज मे इसी तरह की पिचो का इस्तेमाल किया जाएगा तो वह अपनी टीम के लिए कारगर नही हो पाएंगे। श्रृंखला से पहले इंग्लैड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा था कि इंग्लैड चाहता है कि उन्हे तेज गेंदबाजो के मुफीद सपाट पिच मिले ताकि उनकी आक्रमक खेल शैली मे मदद मिल सके। लेकिन एंडरसन ने कहा कि पहले टेस्ट की पिच उनके लिए क्रिप्टोनाइट (खराब पिच) की तरह थी। उन्होने कहा, अगर सारी पिचे इसी तरह की होंगी तो मै एशेज श्रृंखला मे ज्यादा कुछ नही कर पाऊंगा। पिच मेरे लिए क्रिप्टोनाइट की तरह थी जिस पर कोई स्विंग नही थी, रिवर्स स्विंग नही थी, कोई सीम मूवमेंट नही था, कोई उछाल नही था और कोई तेजी नही थी।

### मैकुलम से पहले इंग्लैंड के कोच पद के लिए मुझ से संपर्क किया गया था: पोंटिंग

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि पिछले साल ब्रैंडन मैकुलम के पदभार संभालने से पहले इंग्लैड टेस्ट टीम के साथ कोच की भूमिका के लिए उनसे संपर्क किया गया था।पिछले साल एशेज में 0-4 की शर्मनाक हार के बाद इंग्लैड की पुरूष टीम की संरचना मे बड़े पैमाने पर बदलाव किया गया था। क्रिस सिल्वरवुड की जगह मैकुलम और मैथ्यू मॉट को क्रमशः टेस्ट और सीमित ओवरो की टीम का कोच बनाया गया। इस हार के बाद टेस्ट कप्तान जो रूट ने भी कप्तानी छोड़ दी, जबकि बल्लेबाजी सलाहकार ग्राहम थोर्प और टीम के प्रबंध निदेशक एशले जाइल्स को भी अपनी नौकरी गंवानी पड़ी।पोंटिग ने कहा कि उनसे रॉबर्ट की ने संपर्क किया था। रॉबर्ट को तब इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के पुरूष क्रिकेट के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।पोंटिग ने गुरिल्ला क्रिकेट पॉडकास्ट को बताया, मैकुलम के कार्यभार संभालने से पहले मुझसे वास्तव मे पूछा गया था। रॉबर्ट ने अपना कार्यभार संभालने के बाद मुझे फोन कॉल किया था। पोंटिग इंडियन प्रीमियर लीग की टीम दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच है। उन्होंने उस समय पूर्णकालिक कोच बनने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था क्योंकि वह अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहते है।

### इंग्लैंड ने दूसरे एशेज टेस्ट के लिए युवा स्पिनर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया

**लंदन।** इंग्लैड ने शुक्रवार को 18 वर्षीय लेग स्पिनर रेहान अहमद को एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया क्योकि मोईन अली की चोटिल उंगली को लेकर चिंता बनी हुई है। आस्ट्रेलिया मंगलवार को एजबेस्टन मे पहले टेस्ट मे दो विकेट की जीत के बाद पांच मैचो की श्रृंखला में।-0 से आगे है। दूसरा टेस्ट बुधवार से लार्ड्स में शुरु होगा। हालांकि 36 वर्षीय अली के समय पर उबरने की उम्मीद है। अहमद इंग्लैड के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने थे जब दिसंबर मे उन्हे पाकिस्तान के खिलाफ टीम मे चुना गया था, तब वह 18 वर्ष और 126 दिन के थे।

### पूर्व जूनियर हॉकी खिलाड़ी राजीव मिश्रा मृत पाए गए

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व जूनियर हॉकी खिलाड़ी राजीव कुमार मिश्रा रहस्यमय परिस्थितियों मे वाराणसी के सरसौली इलाके मे अपने आवास पर मृत पाए गए। वह 46 वर्ष के थे। सूत्रो के मुताबिक, राजीव की मौत कुछ दिन पहले ही हुई होगी और उनके घर से दुर्गंध आने के बाद उनके पड़ोसियो ने ही पुलिस को सूचना दी थी। राजीव को 1997 लंदन मे जूनियर विश्व कप मे शानदार प्रदर्शन के बाद उस समय भारतीय हॉकी का अगला बड़ा सितारा माना जाता था। वाराणसी मे उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल मे मुख्य टिकट निरीक्षक (सीआईटी) के पद पर तैनात होने के कारण वह अकेले रहते थे। उनके परिवार मे पत्नी और दो बच्चे है, जो लखनऊ मे रहते है। बिहार के हाजीपुर के लीलुदाबैत गांव के रहने वाले राजीव अपने घुंघराले लंबे बालो के लिए प्रसिद्ध थे।

### वीनस बर्मिंघम क्लासिक में ओस्टापेंको से हारी

बर्मिंघम।अमेरिकी खिलाड़ी वीनस विलियम्स बर्मिंघम क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट मे कोई बड़ा उलटफेर भरा नतीजा हासिल नही कर सकी और दूसरे दौर मे दूसरी वरीय एलेना ओस्टापेंको से हार कर बाहर हो गई। विम्बलडन के इस वार्मअप ग्रासकोर्ट टूर्नामेंट मे 43 वर्षीय वीनस को ओस्टापेंको ने 6-3, 5-7, 6-3 से पराजित किया। सोमवार को 697 रैंकिंग पर काबिज वीनस ने 48वीं रैंकिंग पर काबिज कैमिली जॉर्जी को हराया था। वह हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के छह महीने बाद टेनिस मे वापसी कर रही है। सात बार की ग्रैंडस्लैम और पांच बार की एकल विम्बलडन चैम्पियन वीनस बाएं घुटने मे पट्टी बांधकर खेली और उन्होने ओस्टापेंको के खिलाफ मैच के दौरान मेडिकल टाइमआउट भी लिया।

### एल्पाइन वारियर्स ने बालन अलास्कान को हराया

**दुबई।** दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन की टीम एसजी एल्पाइन वारियर्स ने शुक्रवार को यहां ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे दिन बालन अलास्कान नाइट्स पर 9-7 से जीत हासिल की। नार्वे के खिलाड़ी कार्लसन और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची के बीच मुकाबला ड्रा रहा। रैपिड और ब्लिट्ज के मौजूदा विश्व चैम्पियन कार्लसन और विश्व खिताब के लिए दो बार के चैलेंजर नेपोमनियाच्ची का ग्लोबल चेस लीग मे यह पहला मुकाबला था।

### टीम में जगह बनाने पर लगी शीर्ष निशानेबाजों की निगाहें

**नई दिल्ली।** देश के 400 से ज्यादा शीर्ष राइफल और पिस्टल निशानेबाज 24 से 30 जून तक ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल पांच एवं छह में हिस्सा लेंगे जो आगामी विश्व चैम्पियनशिप और एशियाई खेलो के लिए टीम चयन से पहले अंतिम टूर्नामेंट होगा। रविवार को प्रतिस्पर्धा शुरू होगी जबकि शनिवार को निशानेबाज अभ्यास करेंगे। सीनियर और जूनियर वर्गो मे छह छह फाइनल होंगे। शीर्ष भारतीय निशानेबाजों में राही सरनोबत, अंजुम मौदगिल, मनु भाकर, रूद्रांक्ष पाटिल, ऐश्वर्य तोमर, दिव्यांश पंवार, ह्रदय हजारिका, मेहुली घोष, इलावेनिल वलारिवान, ईशा सिंह, सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और दिव्या टी एस सहित अन्य निशानेबाजो के डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज मे होने वाली प्रतियोगिता मे भाग लेने की उम्मीद है। अगस्त में बाकू विश्व चैम्पियनशिप मे 2024 ओलंपिक के लिए 48 कोटा स्थान दाव पर होंगे।

## हरभजन की सलाह पर पीसीए ने तेज गेंदबाजों के लिए शुरू किया ओपन ट्रायल



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह की सलाह पर पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) ने तेज गेंदबाजों का पूल तैयार करने के लिए राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रायल का आयोजन किया जिसमें 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से कई ऐसे गेंदबाज है जिन्होंने इस ट्रायल से पहले कभी लेदर गेंद का इस्तेमाल नहीं किया था।पीसीए ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 10 से 21 जून तक हुए ट्रायल से 93 गेंदबाजों का चयन किया है। राज्यसभा सांसद हरभजन पीसीए को अपनी खोई प्रतिष्ठा वापस पाने की सलाह देते रहे हैं।

### भारतीय टीम में वापसी के बाद सैनी के लिए वॉर्सेस्टशर का प्रतिनिधित्व करना मुश्किल होगा

**लंदन।** भारतीय टेस्ट टीम में वापसी करने वाले नवदीप सैनी जुलाई महीने में अपनी इंग्लिश काउंटी टीम वॉर्सेस्टरशर के लिए तीन मैचों में नही खेलेंगे क्योंकि यह वेस्टइंडीज में टेस्ट श्रृंखला की तारीखो से टकरा रहा है।भारत 12 से 16 जुलाई तक डोमिनिका मे अपना पहला टेस्ट मैच खेलेगा जबकि दूसरा और अंतिम मैच 20 से 24 जुलाई तक जमैका में होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, काउंटी क्रिकेट में किसी भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के लिए हमेशा एक शर्त होती है कि राष्ट्रीय टीम मे चयन होने पर काउंटी टीम को उसे रिलीज करना पड़ता है। ऐसे मे वॉर्सेस्टरशर उस समय के दौरान सैनी की सेवाओ का लाभ नही उठा पाएगा।

## योगेश्वर ने कुश्ती ट्रायल में छूट पर सवाल उठाया

### विनेश ने उन्हें बृजभूषण का पिछलग्गू करार दिया

**भाषा।** नई दिल्ली



**लंदन** ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त ने शुक्रवार को एशियाई खेलों और विश्व चैम्पियनशिप के लिए होने वाले ट्रायल से विरोध प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों को छूट देने को लेकर आईओए तदर्थ समिति पर निशाना साधा जिसके बाद विनेश फोगाट ने उन्हें भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का पिछलग्गू करार दिया।भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) तदर्थ समिति ने 16 जून को विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, उनकी पत्नी संगीता फोगाट, साक्षी मलिक, उनके पति सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा को सूचित किया था कि उन्हें भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए अपनी-अपनी श्रेणियों में ट्रायल के विजेताओं का मुकाबला करना होगा। समिति ने छह पहलवानों से यह भी वादा किया कि उनके अनुरोध के अनुसार उनका एक-मुकाबले वाला ट्रायल अगस्त में आयोजित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के नेता योगेश्वर ने कहा कि भूपेंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता वाली समिति ने ऐसा कदम उठाकर देश के जूनियर पहलवानों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने ट्विटर पर जारी वीडियो में कहा, मुझे समझ नहीं आ रहा है कि ट्रायल के बारे में निर्णय लेने में तदर्थ पैनल ने किन मानदंडों का पालन किया है।

### कोच और अभिभावकों ने छूट वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली। कई स्थापित और उभरते हुए पहलवानो के कोच और उनके माता-पिता ने विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और तीन अन्य पहलवानो को एशियाई खेलो और विश्व चैम्पियनशिप के लिए होने वाले ट्रायल से दी गई छूट वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि इन महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए पहलवानो का चयन निष्पक्ष होना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) तदर्थ समिति इन छह पहलवानो को फायदा पहुंचाने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है जिसमें बजरंग की पत्नी संगीता फोगाट, साक्षी के पति सत्यव्रत कादियान और जितेंद्र किन्हा भी शामिल है। ये छह पहलवान भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कई महिला पहलवानो के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ धरने पर बैठे थे। उभरते पहलवान सुजीत के कोच दयानंद कलकल, युवा अंशु मलिक और सोनम मलिक के पिता तथा अंडर -20 विश्व चैम्पियन महिला पहलवान अंतिम पंघाल के कोच विकास भारद्वाज ने आईओए पैनल के फैसले की निंदा की। सुजीत 65 किग्रा में बजरंग के प्रतिद्वंद्वी के रूप में दिखाई दे रहे है।

## भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के उद्‌घाटन मैच में कनाडा का सामना करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** चिली की राजधानी सैंटियागो में होने वाले एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत प्रतियोगिता के पहले दिन कनाडा के खिलाफ करेगा। भारतीय टीम को 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाली प्रतियोगिता में बेल्जियम, कनाडा और जर्मनी के साथ पूल सी में रखा गया है। बृहस्पतिवार की रात को घोषित पूल और कार्यक्रम के अनुसार, भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 नवंबर को कनाडा के खिलाफ करेगा और उसके बाद एक और दो दिसंबर को क्रमशः बेल्जियम तथा जर्मनी के साथ उसका मुकाबला होगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन से पहले रोमांच को बढ़ाने के लिए एफआईएच ने जूनियर महिला विश्व रैंकिंग भी जारी कर दी। इसके अनुसार भारत छठे, जबकि नीदरलैंड शीर्ष स्थान पर है। अर्जेंटीना, जर्मनी, इंग्लैंड और अमेरिका क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। इस महीने की शुरुआत में जापान में महिला जूनियर एशिया कप जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ विश्व कप में उतरेगी और उसका लक्ष्य पहली बार इस टूर्नामेंट को जीतना होगा। भारतीय टीम विश्व कप के पिछले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद कांस्य पदक जीतने से चूक गई थी। तीसरे-चौथे स्थान के मैच में टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय कप्तान प्रीति ने कहा, हम जानते हैं कि प्रत्एक पूल प्रतिभाशाली और मजबूत प्रतिद्वंद्वियों से भरा हुआ है।

### प्रणय ताइपे ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारे



**भाषा।** ताइपे

**भारत के** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय को शुक्रवार को यहां क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के निग का लोंग एंगस से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा जिससे ताइपे ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में देश का अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया के नौवें नंबर के भारतीय खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में पांचवें वरीय का लोंग से 19-21 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच से पहले तीसरे वरीय प्रणय का हांगकांग के खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 6-5 था।

## भारत की नजरें नेपाल को हराकर सैफ फुटबाल के सेमीफाइनल में पहुंचने पर

**भाषा।** बेंगलुरु

**पाकिस्तान** को 4-0 की करारी शिकस्त देकर सैफ चैम्पियनशिप फुटबॉल में शानदार शुरूआत करने वाली भारतीय टीम शनिवार को यहां जब नेपाल के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ सेमीफाइनल का टिकट पक्का करने पर होगी। कागजों पर भारतीय टीम नेपाल से मजबूत नजर आती है और दोनो टीमों के बीच अब तक खेले गए 23 मैचों में भारत ने 16 में जीत दर्ज की है। नेपाल महज दो मुकाबले जीतने में सफल रहा है जबकि पांच मैच बराबरी पर छूटे है। दोनों टीमों के बीच पिछला मुकाबला 2021 सैफ चैम्पियनशिप में खेला गया था जिसे भारतीय टीम ने 3-0 से जीता था। इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों के नौ मैचों में भारत ने छह जबकि नेपाल ने दो मैच जीते है। इंटरकांटिनेंटल कप के फाइनल में लेबनान पर 2-0 की जीत के साथ पहुंचे भारतीय टीम के लिए कप्तान सुनील छेत्री का लय में होना शानदार है। ईशान पंडिता चोट के कारण टीम के साथ नहीं है और अग्रिम पंक्ति की इस खिलाड़ी की गैरमौजूदगी को छेत्री ने महसूस नहीं होने दिया है। भारत को मुख्य कोच इगोर स्टिमक की सेवाएं नहीं मिलेंगी। पाकिस्तान पर भारत की 4-0 की जीत के दौरान उन्हें लाल कार्ड दिखाया गया था।

### स्टिमक वापसी करेंगे

**बेंगलुरु** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक सैफ चैम्पियनशिप मे एक मैच के प्रतिबंध के बाद मंगलवार को कुवैत के खिलाफ मैच में डगआउट मे दिखाई देंगे। सैफ चैम्पियनशिप के शुरुआती मुकाबले मे पाकिस्तान के खिलाफ मैच मे स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया था जिससे उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा था। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) के महासचिव अनवारूल हक ने पीटीआई को कहा कि स्टिमक का अपराध इतना गंभीर नही था कि उन पर एक मैच से ज्यादा का प्रतिबंध लगे और इसे आगे की कार्वाई के लिए सैफ की अनुशासनात्मक समिति को नही भेजा जाएगा।

### मनिका और साथियान की जोड़ी डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के सेमीफाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली।** मनिका बत्रा और जी साथियान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने ट्यूनिस में खेले जा रहे डब्ल्यूटीटी (विश्व टेबल टेनिस) कंटेंडर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को जर्मनी के सेड्रिक मीस्नर और युआन वान की जोड़ी को शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी में 21 मिनट तक चले मुकाबले को 3-0 (11-8 11-3 11-8) से अपने नाम किया।फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना शिन युबिन अ ौर लिम जोंगहून की कोरियाई जोड़ी से होगा। मनिका और साथियान क्रमशः महिला और पुरुष एकल के पहले दौर में ही बाहर हो गए थे। पुरुष एकल में हरमीत देसाई को शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन के लियांग यानिंग के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। लगभग 20 मिनट तक चले मैच में देसाई 5-11, 6-11, 5-11 से हार गए।उनकी हार से पुरुष एकल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।महिला एकल में भी भारत का अभियान अयहिका मुखर्जी की हार के साथ खत्म हो गया।

## लखनऊ चैलेंजर्स सेलिब्रिटी लीग नौ जुलाई से



**लखनऊ।** आर्यवर्त क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में लखनऊ चैलेंजर्स सेलिब्रिटी लीग का आयोजन नौ जुलाई से किया जा रहा है। प्रतियोगिता तीन चरणों में खेली जायेगी। टूर्नामेंट की जानकारी देते हुए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने कहा कि लखनऊ में नये क्रिकेटरों के लिए आर्यावर्त क्रिकेट अकादमी एक नया मंच देने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में टैलेंट की कोई कमी नहीं है बस इसको तराशने की जरूरत है। चेतन शर्मा का मानना है कि यूपी में खिलाड़ियों की कमी नहीं हैए बस सिर्फसंसाधन और मौके मुहैया कराने की जरूरत है। टूर्नामेंट में मेंटर के तौर पर जुड़े चेतन शर्मा ने लखनऊ चैलेंजर्स सेलिब्रिटी लीग के माध्यम से यूपी के नये टैलेंट को बाहर लाने का काम किया जायेगा। वहीं आयोजक समिति के सदस्य सोनू पांडेय ने कहा कि टूर्नामेंट के शुरुआती दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। इसके बाद तीसरा चरण होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में लखनऊ की 16 टीमों के बीच मुकाबला खेला जायेगा। इसके लिए लखनऊ के सभी स्कूलों को भाग लेने के लिए इनविटेशन भेजा गया है। टॉप.16 टीमों के बीच डे नाईट मैच मुकाबले नौ जुलाई से खेला जायेगा। हालांकि बारिश के मौसम को देखते हुए अभी फाइनल मुकाबले की डेट तय नहीं गई है। सेलिब्रिटी लीग में बॉलीवुड और पूर्व क्रिकेट भाग लेंगे। इस बड़े टूर्नामेंट में भी लखनऊ की टीम भाग लेंगी। सेलिब्रिटी लीग में जो भी टीम विजेता होगी वहीं चैलेंजर्स ट्रॉफी की फाइनली विजेता होगी। इस तरह से तीन फेस में पूरा टूर्नामेंट होगा।

### ओलंपिक डे रन में जोश के साथ खूब दौड़ा लखनऊ



**लखनऊ।** हाल के दिनों भारतीय खिलाड़ियों ने दुनिया जीतने का हौसला दिखाया है। इस वजह से अब भारतीय खिलाड़ियों की धमक विश्व स्तर पर देखने को मिल रही है। ऐसे में ओलंपिक दिवस 2023 के मौके पर भारतीय खिलाड़ियों का का उत्साह देखते ही बनता है। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार सुबह इस अवसर पर हुई ओलंपिक डे रन को लेकर खिलाड़ी शहीद स्मारक पर जमा होने लगे और साथ में खेलप्रेमियों, छात्रों, प्रशिक्षकों एवं उनके अभिभावकों सहित तमाम खेलों के संगठनों ने भाग लिया। खिलाड़ियों में खेल भावना की अलख जगाने और ओलंपिक खेलों के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ओलंपिक डे रन को सुबह 6:30 बजे शहीद स्मारक से मुख्य अतिथि लखनऊ ओलंपिक संघ के संरक्षक मुरलीधर आहूजा व लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डाण्सैयद रफत जुबैर रिजवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रन में सेंट्रल अकादमी के स्टूडेंट्स के साथ में सेंट्रल अकादमी की स्पोर्ट्स टीचर और लखनऊ ओलंपिक संघ संघ की सदस्य फरहा भी खौस तौर पर मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में साइकिलिस्ट भी रन में शामिल हुए। ओलंपिक डे रन का समापन केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर स्वागत समारोह और उदीयमान खिलाड़ियों के सम्मान समारोह के साथ हुआ।

### आनंद, यिफान ने गंगाज ग्रैंडमास्टर्स को चिंगारी गल्फ टाइटंस पर जीत दिलाई

**दुबई।** पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और होउ यिफान के शानदार खेल से गांगाज ग्रैंडमास्टर्स ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में अपने अभियान की विजई शुरुआत की। गांगाज ग्रैंडमास्टर्स ने गुरुवार रात यहां चिंगारी गल्फ टाइटंस को 10-4 से हराया। दिन के एक अन्य मुकाबले में अपग्रेड मुंबा मास्टर्स ने त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स पर 8-7 से रोमांचक जीत दर्ज की। पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सफेद मोहरों से खेलने का फायदा उठाया और 2021 विश्व कप विजेता जान-क्रिस्तोफ डूडा को शिकस्त दी। शतरंज में पहली बार है जब पूरी टीम के मोहरों का फैसला टॉस से हुआ। इस प्रतियोगिता में सफेद मोहरों से जीत दर्ज करने पर तीन जबकि काले मोहरों से जीत दर्ज करने पर चार अंक मिलते है। आनंद की जीत के बाद चार बार की महिला विश्व चैंपियन चीन की यिफान एक अन्य पूर्व महिला विश्व चैंपियन एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक को रोमांचक मुकाबले में हराकर टीम को दूसरी सफलता दिलाई।

## ताइक्वांडो प्रीमियर लीग में दम दिखाएंगी लखनऊ नवाब की टीम

**नई दिल्ली।** ताइक्वांडो प्रीमियर लीग सीजन वन के रुप में इस कोरियन मार्शल आर्ट के नए युग की शुरुआत नई दिल्ली के अशोका होटल में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ में हो गयी। टीपीएल के आयोजन को मूर्तरुप देने में प्रो ताइक्वांडो कॉरपोरेशन ताइक्वांडो प्रीमियर लीग के संस्थापक निदेशक दुव्वुरी गणेश, ग्रैंड मास्टर एमण्जयंत रेड्डी, जीके वेंकट व एनआईएस सीसी नवनीता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रतिभागी टीमों के मेंटर को मानद ब्लैक बेल्ट की डिग्री ब्रिक ब्रेकिंग टेस्ट के साथ दी गई। इसके साथ ही टीमों की जर्सी की लांचिंग भी की गई। इस लीग का आयोजन 23 जून से नई दिल्ली में हो रहा है जिसमें मुकाबलों की शुरुआत 24 जून को होगी। इस लीग में 12 टीमें दम दिखाएगी। इन्हीं में से एक टीम यूपी की भी होगी जो लखनऊ नवाब के नाम से इस लीग में खेलने उतरेगी। इस तेज और रोमांचकारी प्रतियोगिता में हर टीम में 5 शीर्ष खिलाड़ी होंगे और लखनऊ नवाब ने भी टीम में कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को जगह दी है। आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट यूपी के रहने वाले ऋषभ चौधरी इस टीम में गैर खिलाड़ी कप्तान व सहायक कोच होंगे। इसके अलावा इस टीम में अभिषेक कुमार, टी वरुण, नितेश सिंह, महेंद्र सिंह परिहार व आकाश भारद्वाज को जगह दी गई है। इसके चलते टीम को संतुलन व मजबूती मिलेगी जो लीग में लखनऊ नवाब का दाव मजबूत बनाएगी। लखनऊ नवाब के सीईओ व मुख्य कोच आनंद किशोर पाण्डेय ;ताइक्वांडो प्रीमियर लीग के मुख्य सलाहकार ने बताया कि टीपीएल सीजन वन के लिए इतनी प्रतिभाशाली टीम पाकर बहुत खुश हैं।

